सेंसेक्स	~ 72,643.43
निफ्टी	~ 22,023.35
सोना	~ 60,590
चांदी	~ 77,300
डॉलर	~ 82.89

बालाघाट एक्सप्रेस

PMG

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
रविवार 17 मार्च 2024
फाल्गुन शुक्ल 05 विक्रम सम्वत 2080
वर्ष 15, अंक 176
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

खास खबर

सेवानिवृत नौकरशाह नवनीत कुमार प्रसार भारती के नए अध्यक्ष नियुक्त

नई दिल्ली। सेवानिवृत्त नौकरशाह नवनीत कुमार सहगल प्रसार भारती के नये अध्यक्ष नियुक्त किये गये हैं। यह पद चार साल से खाली था। वह ए. सूर्य प्रकाश का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल फरवरी 2020 में समाप्त हो गया था। प्रकाश 70 वर्ष के हो गए थे, जो इस पद के लिए अधिकतम आयु सीमा है। सूचना व प्रसारण मंत्रालय द्वारा 15 मार्च को जारी एक आदेश में कहा गया है, "।।राष्ट्रपति को, चयन समिति की सिफारिश पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी नवनीत कुमार सहगल को प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करते हुए प्रसन्नता है, जो उनके पद का कार्यभार संभालने की तारीख से तीन साल की अवधि या उनके 70 वर्ष का होने तक प्रभावी होगी।

ईडी केस में केजरीवाल को अग्रिम जमानत

नई दिल्ली । दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय के समन मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट के सामने पेश हुए। पेशी के एक मिनट बाद कोर्ट ने उन्हें 15 हजार के मुचलके पर जमानत दे दी। कोर्ट ने इस मामले में केजरीवाल को हाजिर होने से भी छूट दे दी है। ईडी ने कोर्ट से कहा कि वह शराब नीति को फाइनल करने से पहले हुई बैठकों और रिश्वतखोरी के आरोपों पर केजरीवाल का बयान दर्ज करना चाहती है, लेकिन 8 समन भेजने के बाद भी वो हाजिर नहीं हुए। केजरीवाल के वकील ने कोर्ट से अपील की कि उन्हें ईडी से वे दस्तावेज चाहिए, जिनके आधार पर उनसे पूछताछ होनी है। कोर्ट ने श्वष्ठ को दस्तावेज देने के आदेश दिए हैं। मामले की सुनवाई 1 अप्रैल को होगी।

भाजपा में शामिल हुईं अनुराधा पौडवाल

नई दिल्ली। अपने भक्ति गानों से लोकप्रियता हासिल करने वाली गायिका अनुराधा पौडवाल अब अपनी सियासी पारी शुरू करने जा रही हैं। अनुराधा पौडवाल शनिवार को दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गईं। इस मौके

पर अनुराधा पौडवाल ने कहा, मुझे खुशी है कि मैं उस सरकार में शामिल हो रही हूं, जिसका सनातन से गहरा संबंध है। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं आज बीजेपी में शामिल हो रही हूं। अनुराधा पौडवाल की पहचान उनके भक्ति गानों के कारण है। 90 के दशक में इसी भक्ति गायकी के कारण उनकी लोकप्रियता चरम पर थी। 69 साल की अनुराधा पौडवाल ने साल 1969 में अरुण पौडवाल से शादी की थी। तब अरुण पौडवाल एसडी बर्मन के असिस्टेंट और म्यूजिक कंपोजर थे। उनके दो बच्चे, बेटा आदित्य और एक बेटी कविता हैं। बेटे की कुछ साल पहले ही मौत हो गई थी। साल 1991 में अनुराधा पौडवाल के पति की मौत हो गई थी।

दो हिस्सों में बंटी मालवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस

शाजापुर। इंदौर वैष्णो देवी कटरा मालवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के डिब्बे अलग होने की सूचना प्राप्त हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मालवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 12919 ने शाजापुर जिले के मक्सी रेलवे स्टेशन को क्रॉस करने के बाद पीरउमरोद रेलवे स्टेशन के न ज द ी क अचानक मालवा एक्सप्रेस ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। जिसके बाद जैसे तैसे ट्रेन को रोका गया। इस दौरान यात्रियों में एक्सीडेंट का भय फैल गया था। सभी काफी डरे हुए लगे, फिलहाल सभी यात्री सुरक्षित है।

लोकसभा चुनाव 2024

7 चरणों में होगा मतदान और 4 जून को आएगा रिजल्ट

चुनाव की तारीखों का हुआ ऐलान, मतदान का प्रथम चरण 19 अप्रैल को

नई दिल्ली। विज्ञान भवन में चुनाव आयोग द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आखिरकार लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा कर दी गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया है कि आमचुनाव 7 चरणों में संपन्न कराया जाएगा। प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को जबकि सातवां अंतिम चरण का मतदान 1 जून को संपन्न होगा। 4 जून को मतगणना कर रिजल्ट घोषित किया जाएगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्तद्वय ज्ञानेश कुमार एवं सुखबीर सिंह संधू के साथ विज्ञान भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव के लिए हमारी टीम पूरी तरह से तैयार है। इसी के साथ चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित कर दी हैं। चुनाव आयोग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 19 अप्रैल से 7 चरणों में मतदान होगा। इसके बाद 4 जून को मतगणना की जाएगी और इसी के साथ चुनाव के नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को, दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को, तीसरे चरण का मतदान 7 मई को, चौथे चरण का मतदान 13 मई को, पांचवें चरण का मतदान 20 मई को, छठवें चरण का मतदान 25 को और अंतिम सातवें चरण का मतदान 1 जून को मतदान होगा।

इसके मुताबिक पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है, जिसमें 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान होगा। इसी प्रकार 26 अप्रैल को दूसरे चरण के अंतर्गत 89 सीटों पर मतदान होगा। जबकि 7 मई को तीसरे चरण में 12 राज्यों की 94 सीटों पर मतदान होगा। 13 मई को चौथे चरण में 96 सीटों पर मतदान होगा। 20 मई को पांचवें चरण में 49 सीटों पर मतदान होगा। 25 मई को छठवें चरण में 57 सीटों पर और 1 जून को सातवें और अंतिम चरण में 57 सीटों पर मतदान होगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने इस अवसर पर कहा कि चुनाव में 97 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसके लिए 10.5 लाख पोलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे, जबकि 55 लाख ईवीएम का इस्तेमाल किया जाएगा। प्रेस वार्ता में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि हिमालय से समुद्र तक और रेगिस्तान से बारिश वाले पूर्वोत्तर तक बनाए जा रहे बूथों पर एक समान सुविधाएं होंगी। उन्होंने बताया कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं और दिव्यांग वोटर के घर फॉर्म भिजवाए जाएंगे, ताकि वो घर से ही मतदान कर सकें। यदि वो बूथ में आते हैं तो ऐसी स्थित में उनको आयोग के वोलेंटियर सहयोग करेंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में सौ साल से ऊपर के 2.18 लाख मतदाता, जबकि 88.5 लाख मतदाता दिव्यांग हैं। इसी तरह से 85 साल से ऊपर के कुल 82 लाख मतदाता हैं जो अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इस बार कुल मतदाताओं में 49.7 करोड़ पुरुष मतदाता और 47.15 करोड़ महिला मतदाता हैं।

चरणबद्ध मतदान की जानकारी

- प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा, जिसमें 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान कराया जाएगा
- द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा, जिसमें 13 राज्यों की 89 सीटों पर मतदान करवाया जाएगा
- तृतीय चरण में 7 मई को मतदान होगा, जिसमें 12 राज्यों की 94 सीटों पर मतदान करवाया जाएगा
- चतुर्थ चरण में 13 मई को मतदान होगा, जिसमें 10 राज्यों की 96 सीटों पर मतदान करवाया जाएगा
- पंचम चरण में 20 मई को मतदान होगा, जिसमें 8 राज्यों की 49 सीटों पर मतदान करवाया जाएगा
- छठवें चरण में 25 मई को मतदान होगा, जिसमें 7 राज्यों की 57 सीटों पर मतदान करवाया जाएगा
- अंतिम सातवें चरण का मतदान 1 जून को होगा, जिसमें 8 राज्यों की 57 सीटों पर मतदान करवाया जाएगा

किसी प्रकार की गंदगी नहीं होगी

मुख्य चुनाव आयुक्त ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि चुनाव के बाद मतदान केंद्र पर किसी प्रकार का कचरा या गंदगी नहीं होगी। पर्यावरण सहयोगी चुनाव कराया जाएगा। कार्बन फुट प्रिंट सबसे कम होंगे। केवाईसी, वोटर हेल्प लाइन और सी-विजिल एप सब वोटर कार्ड से बूथ, उम्मीदवारों की जानकारी उपलब्ध रहेगी। चुनाव ड्यूटी में कॉन्ट्रेक्ट स्टाफ या वॉलेंटियर नहीं लगाए जाएंगे।

महिला वोटर की संख्या पुरुषों से ज्यादा

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि कुल 12 सीटें ऐसी हैं जहां महिला वोटर की संख्या पुरुषों से ज्यादा है।

हिंसा बर्दाश्त नहीं

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव कराने को लेकर ईसीआई के सामने 4 चुनौतियां प्रमुखता से हैं। बाहुबल, धनबल, झूठी खबर(फेक न्यूज) और एमसीसी का उल्लंघन। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद हिंसा मुक्त चुनाव करवाना है, लिहाजा इलेक्शन के दौरान किसी भी तरह से खून-खराबा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोई भी हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले तमाम उम्मीदवारों को अपने संबंध में जानकारी समाचार पत्रों और अन्य मीडिया आउटलेट्स में तीन बार प्रकाशित करनी होगी। इसके साथ ही राजनीतिक दल को भी यह बताना होगा कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवार को टिकट क्यों दी गई है।

दिव्यांग घर से ही कर सकेंगे मतदान

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि हिमालय से समुद्र तक और रेगिस्तान से बारिश वाले पूर्वोत्तर वाले तमाम बूथों पर एक जैसी व्यवस्था रहेगी। 85 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वोटर या दिव्यांग घर से ही फॉर्म भरकर मतदान कर सकेंगे। इन मतदाताओं के लिए फार्म घर पर ही उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वो घर से ही मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इसके अतिरिक्त यदि वो बूथ पर आते हैं तो उनको आयोग के वोलेंटियर पूर्ण सहयोग करेंगे।

मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार और पश्चिम बंगाल का शेड्यूल

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 7 चरण में चुनाव कराए जाने का ऐलान किया गया है। 19 अप्रैल से मतदान शुरू होगा और 1 जून तक चलेगा। जहां तक राज्यवार चुनाव शेड्यूल की बात है तो 22 ऐसे राज्य और केंद्रशासित प्रदेश हैं जहां महज 1 चरण में चुनाव होगा। 4 राज्य और यूटी में दो चरण में चुनाव संपन्न होंगे जबकि 2 राज्यों में तीन चरण और 3 राज्यों में सभी सात चरणों में चुनाव संपन्न होंगे। मध्य प्रदेश की बात करें तो यहां पर 4 चरणों में चुनाव संपन्न होंगे। मध्य प्रदेश के अलावा ओडिशा और झारखंड ऐसे राज्य हैं जहां 3 चरणों में चुनाव संपन्न होंगे। राजस्थान में 2 चरणों में चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। राजस्थान की ही तरह कर्नाटक, त्रिपुरा और मणिपुर राज्यों में भी दो चरणों में चुनाव होंगे। दिल्ली में एक चरण में चुनाव संपन्न हो जाएगा। दिल्ली में छठवें चरण यानी 25 मई को मतदान होगा।

इन राज्यों के होंगे विधानसभा चुनाव

जिन राज्यों में विधानसभाओं का कार्यकाल जून में समाप्त हो रहा है, वहां पर भी मतदान कराए जाने की व्यवस्था की गई है। इन राज्यों में आंध्र प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा हैं। इन राज्यों में विधानसभाओं का कार्यकाल जून में अलग-अलग तारीखों पर समाप्त होने जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने सीलबंद चुनावी बॉन्ड डेटा वापस चुनाव आयोग को सौंपा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने सीलबंद चुनावी बॉन्ड डेटा वापस चुनाव आयोग को वापस सौंप दिया। आयोग ने 2019 और 2023 में दिए गए दस्तावेजों को वापस देने का अनुरोध किया था, ताकि वह उन्हें सुप्रीम कोर्ट के पहले के आदेश के अनुसार अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित कर सके।

शुक्रवार को चुनाव आयोग की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्री को कागजात को डिजिटल करने के बाद शनिवार शाम 5 बजे तक वापस सौंपने के लिए कहा था। बदले में, आयोग को रविवार शाम 5 बजे तक उन्हें अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करने के लिए कहा गया है। चुनाव आयोग ने याचिका में कहा था कि उसके पास डेटा नहीं है, क्योंकि उसने डेटा सुप्रीम कोर्ट में जमा करा दिए थे।

2023 में चुनावी बॉन्ड की वैधता पर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर तक राजनीतिक दलों को इस माध्यम से मिले फंड की अद्यतन जानकारी मांगी थी। इससे पहले भी 2019 में डेटा मांगा था।

यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि एक बार यह डेटा प्रकाशित होने के बाद अब यह डोनेशन पर कोई नई रोशनी डालेगा। शुक्रवार को सुनवाई में, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने चुनावी बॉन्ड संख्या जमा नहीं करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक को भी फटकार लगाई थी, जो दाताओं और प्राप्तकर्ताओं की दो सूचियों को जोड़ने में मदद करेगा।

सुनवाई शुरू होने पर मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, भारतीय स्टेट बैंक की ओर से कौन पेश हो रहा है? उन्होंने बॉन्ड संख्या का खुलासा नहीं किया है। इसका खुलासा भारतीय स्टेट बैंक को करना होगा। पीठ ने बैंक से सोमवार को अगली सुनवाई के दौरान इस चूक के बारे में स्पष्टीकरण देने को कहा।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल बोले
इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए हफ्ता वसूली की गई

ठाणे । कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे पहुंची। यहां राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा- इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए हिंदुस्तान में हफ्ता वसूली चल रही है। कोई भी कुछ बोलता है तो ईडी, सीबीआई, आईटी उन्हें डराने पहुंच जाती है।

राहुल गांधी ने कहा कि अडानी को रेलवे, सडक़, सुरक्षा और बिजली, इन सभी सेक्टर से पैसा मिलता है। अडानी का मतलब नरेंद्र मोदी ही है। दोनों एक ही हैं। आप इन्हें मोडानी भी कह सकते हैं। इसके अलावा राहुल ने कहा कि पीएम मोदी बोलते थे कि उन्हें देश से भ्रष्टाचार मिटाना है। फिर उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड का पूरा ढांचा तैयार क्यों किया। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे और अजित पवार के नेतृत्व में हुए बगावत से दो पार्टियों के विभाजित होने पर सवाल उठाते हुए राहुल ने कहा कि क्या आपको लगता है कि महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के विधायक मुफ्त में चले गए?

टीका बनाने वाली कंपनी पीएम को पैसा दे रही थी

कोविड-19 से 50 लाख लोगों की मौत

कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछड़े समुदायों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और सामान्य श्रेणी के गरीबों की आबादी 80 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन सरकारी और निजी क्षेत्रों में शीर्ष पदों पर उनका प्रतिनिधित्व बेहद कम है। उन्होंने दावा किया कि भारत में कोविड-19 से 50 लाख लोगों की मौत हुई।

राहुल गांधी ने कहा, जब लोग कोरोना वायरस से मर रहे थे, टीका बनाने वाली कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने प्रधानमंत्री मोदी को चुनावी बॉन्ड के रूप में पैसा दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अयोध्या में राम मंदिर की भूमि पूजन समारोह में केवल फिल्मी सितारे और शीर्ष उद्योगपति मेहमान के तौर पर शामिल किए गए। वहां कोई गरीब मौजूद नहीं था। यहां तक कि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भी कार्यक्रम में आने की अनुमति नहीं दी गई क्योंकि वह आदिवासी हैं।

देश की अदालतों ने 40 बार ईवीएम को लेकर दी गई चुनौतियों को खारिज किया है - मुख्य चुनाव आयुक्त

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) शत प्रतिशत सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश की अदालतों ने 40 बार ईवीएम को लेकर दी गई चुनौतियों को खारिज किया है और अब तो अदालतें जुर्माना भी लगाने लगी हैं।



सीईसी के अनुसार, "40 बार इस देश की संवैधानिक अदालतों ने ईपीएम से जुड़ी चुनौतियों को देखा है। कहा गया था कि ईवीएम हैक हो सकती है, चोरी हो जाती है, खराब हो सकती हैं, नतीजे बदल सकते हैं।।हर बार संवैधानिक अदालतों ने इसे खारिज कर दिया।

उन्होंने कहा, "अदालतों ने कहा कि इसमें वायरस नहीं हो सकता, छेड़छाड़ नहीं हो सकती।अब तो अदालत ने जुर्माना लगाना शुरू कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।कुमार ने एक कितान दिखाते हुए कहा, "थोड़ा पढ़ने की कोशिश करिये। हमारी वेबसाइट पर है।कोई भी विशेषज्ञ बन जाता है। उन्होंने कहा कि ईवीएम के युग में कई छोटे राजनीतिक दल अस्तित्व में आए, जबकि मतपत्रों के दौर में ऐसा नहीं था। कुमार का कहना था कि उम्मीदवारों के सामने 'मॉक पोल होता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, "अधूरी हसरतों का इल्जाम हर बार हम पर लगाना ठीक नहीं, वफा खुद से नहीं होती खता ईवीएम की कहते हो। बाद में गोया परिणाम आता है तो उस पर कायम नहीं रहते।

आजम खां समेत चार दोषी करार

रामपुर। डूंगरपुर बस्ती में घुसकर मारपीट और लूटपाट के एक मामले में समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान और पूर्व पालिका अध्यक्ष अजहर अहमद खान व पूर्व क्षेत्राधिकारी आले हसन समेत चार लोगों को कोर्ट ने दोषी कर दिया है। कोर्ट अब 18 मार्च को इस मामले में सजा सुनाएगी। यह मामला गंज थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। 2019 में दर्ज इस मामले में एमपी एमएलए कोर्ट ने शनिवार को अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने सपा नेता आजम खान, पूर्व पालिका अध्यक्ष अजहर अहमद खान, रिटायर्ड क्षेत्राधिकारी आले हसन को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने इस मामले में दो लोगों को बरी भी कर दिया है।

रोकिए मीलॉर्ड...सीएए के खिलाफ ओवैसी पहुंच गए सुप्रीम कोर्ट
19 मार्च को सुनवाई को राजी हुई शीर्ष अदालत

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ एआईएमआईएम चीफ और सांसद असदुद्दीन ओवैसी भी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। उन्होंने अपनी याचिका में कहा है, कि संशोधित कानून

संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। यह आर्टिकल 14, 25 और 21 का उल्लंघन करता है, इसलिए जब तक सुनवाई होती है, इस कानून को लागू करने पर रोक लगा देनी चाहिए। ओवैसी सीएए को मुसलमानों के खिलाफ साजिश बताते रहे हैं। उनका कहना है कि यह कानून भेदभाव पूर्ण है। बता दें सीएए पर रोक लगाने की मांग वाली कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई हैं।

सुप्रीम कोर्ट इन याचिकाओं पर सुनवाई के लिए भी सहमत हो गया है और 19 मार्च की तारीख दी है। बता दें कि 2019 से ही करीब दो सौ याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में फाइल की जा चुकी हैं जिनपर सुनवाई पेंडिंग है। नागरिकता संशोधन विधेयक 2019 में ही संसद से पास हुआ था। हालांकि इस अब केंद्र सरकार ने लागू किया है। ओवैसी की मांग है कि नागरिकता संशोधन विधेयक की धारा 6बी के तहत सरकार किसी को नागरिकता प्रदान ना करे। नागरिकता संशोधन विधेयक पास होने के बाद भी पूरे देश में इसके खिलाफ प्रदर्शन हुए थे।

अमेरिका में अडाणी ग्रुप और गौतम अडाणी के खिलाफ जांच
विश्वतखोरी को लेकर यूएस-एजेंसी कर रही जांच, ग्रुप ने कहा- हमें जानकारी नहीं

नई दिल्ली । अमेरिका में अडाणी ग्रुप और ग्रुप के चेयरपर्सन गौतम अडाणी के खिलाफ जांच की जा रही है। यह जांच इस बात को लेकर हो रही है कि अडाणी ग्रुप, गौतम अडाणी या उनसे जुड़े लोगों ने क्या भारतीय अधिकारियों को एक एनर्जी प्रोजेक्ट में मन मुताबिक काम करवाने के लिए रिश्वत दी थी? इसके साथ ही गौतम अडाणी के आचरण को भी जांच के दायरे में शामिल किया गया है। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी एज्योर पावर ग्लोबल भी जांच के दायरे में शामिल है।

न्यूयॉर्क के पूर्वी डिस्ट्रिक्ट का अटॉर्नी ऑफिस और वाशिंगटन के न्याय विभाग की फॉड यूनिट

इस मामले की जांच कर रही है। वहीं अडाणी ग्रुप ने कहा कि हमें हमारे ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी के खिलाफ जारी ऐसी किसी भी जांच के बारे में कोई जानकारी नहीं है। हमारा बिजनेस ग्रुप उच्च स्तरीय मानकों पर काम करता है। हम भारत सहित अन्य देशों के भ्रष्टाचार विरोधी कानून के अधीन हैं और उसका पालन करते हैं।

अधिकारियों ने टिप्पणी करने से इनकार

रिपोर्ट में बताया गया है कि अटॉर्नी ऑफिस और वाशिंगटन के न्याय विभाग के अधिकारियों ने इस मामले पर किसी भी तरह की टिप्पणी करने से मना कर दिया है। बता दें कि अमेरिका का कानून अपने अधिकारियों को विदेश में हुए भ्रष्टाचार के मामलों में क्रॉस एग्जामिनेशन और जांच करने की अनुमति देता है। हालांकि, इस मामले में अमेरिकी इंवेस्टर्स का पैसा लगा होना चाहिए। 24 जनवरी 2023 को हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन जैसे आरोप लगाए थे। केस की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 6 सदस्यीय कमेटी बनाई थी। इसके अलावा मार्केट रेगुलेटर सेबी को भी जांच करने के लिए कहा था।

आचार संहिता के प्रावधानों के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी ने की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक

बालाघाट-सिवनी निर्वाचन क्षेत्र में 2321 मतदान केंद्रो पर 18 लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान का उपयोग

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने आम लोकसभा निर्वाचन-2024 की आचार संहिता लागू होते ही राजनैतिक दलों के साथ स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बालाघाट-सिवनी के लिये आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने राजनितिक दलों से कहा कि निर्वाचन के दौरान बच्चों का प्रचार-प्रसार में सहयोग/उपयोग नही किया जायेगा। निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश दिये गये है। इसके अलावा निर्वाचन से संबंधित जो भी गतिविधियां आयोजित होगी जैसे- ईडीसी की मशीनों की वापसी, पोस्टल बैलेट, राजनितिक प्रशिक्षण, मशीनों का रेंडमाइजेशन व एफएलसी आदि कार्यों के संबंध में पुरी जानकारियाँ समय-समय पर दी जायेगी। निर्वाचन की पुरी प्रक्रिया राजनितिक दलों के संज्ञान में लाकर किया जायेगा। साथ ही 85 वर्ष से अधिक आयु वाले तथा दिव्यांगजन मतदाताओं के घर पहुंचकर मतदान करने वाले मतदाताओं की सूचियाँ आदि दलों के साथ शेयर की जायेगी। साथ ही डीईओ डॉ. मिश्रा ने सभी राजनितिक दलों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने का आग्रह किया है। बैठक के दौरान सीईओ जिपं डीएस रणदा, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी केसी ठाकुर, एसडीएम गोपाल सोनी, राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों में आप पार्टी के जिला अध्यक्ष अरविंद चौधरी, सह कांग्रेस अध्यक्ष श्याम

पंजवानी, धर्म प्रकोष्ठ कांग्रेस के केवल सिंह झारियाँ, भाजपा के संजय खंडेलवाल उपस्थित रहें।

बालाघाट-सिवनी निर्वाचन क्षेत्र के लिये 19 अप्रैल को होगा मतदान

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत आदर्श आचार संहिता की घोषणा की गई है। घोषणा के अनुसार बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र में प्रथम चरण में चुनाव में मतदान 19 अप्रैल को होगा। इसके लिये 20 मार्च 2024 को अधिसूचना की जायेगी एवं इसी दिन से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेंगे। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 27 मार्च रहेगी। मार्च 28 को नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी(नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा) की जायेगी एवं 30 मार्च तक नाम वापसी की अंतिम तिथि होगी। 4 जून 2024 को मतगणना की तिथि निश्चित की गई है। बालाघाट-सिवनी निर्वाचन क्षेत्र में 2321 मतदान केंद्र बनाये गये है जिसमें 18 लाख 71 हजार 270 मतदाता मतदान करेंगे। इसमें 929434 पुरुष और 941821 महिला तथा 15 थर्ड जेंडर मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग निर्वाचन में करेंगे। पुरे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 2037 सर्विस वोटर्स, 68.85 ईपी रेसियों, 1014.21 जेंडर रेसियों, 15402 दिव्यांग मतदाता और 6112 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता है।

विधानसभावार मतदाताओं की संख्या इस प्रकार

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बालाघाट-सिवनी के अंतर्गत 8 विधानसभा शामिल है। इसमें बालाघाट की 6 और सिवनी जिले की बरघाट व सिवनी विधानसभा है। बैहर विधानसभा में 113640 पुरुष, 118935 महिला, थर्ड जेंडर 01 व कुल मतदाता 232576, लांजी विधानसभा में 125320 पुरुष, 124420 महिला व कुल मतदाता 249740, परसवाड़ा विधानसभा में 111875 पुरुष, 114541 महिला व 02 थर्ड जेंडर कुल मतदाता 226418, बालाघाट विधानसभा में 115805 पुरुष, 118241 महिला व 02 थर्ड जेंडर कुल मतदाता 234048, वारासिवनी विधानसभा में 101694 पुरुष, 103134 महिला मतदाता, कुल 204828, कटंगी में 100959 पुरुष, 102179 महिला व 01 थर्ड जेंडर कुल मतदाता 203139 तथा बरघाट विधानसभा में 121767 पुरुष, 123265 महिला, 2 थर्ड जेंडर कुल मतदाता 245034 और सिवनी विधानसभा में 138374 पुरुष, 137106 महिला व 07 थर्ड जेंडर कुल मतदाता 275487 है। इस तरह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बालाघाट-सिवनी में कुल मतदाता 1871270 है।

जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आचार संहिता के पालन के लिये वीडियो संदेश किया जारी

आचार संहिता लागू होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार शाम 6 बजे प्रेसवार्ता आमंत्रित की गई थी। लेकिन बालाघाट में अचानक खराब मौसम के कारण कई संचार प्रतिनिधियों ने रविवार को प्रेसवार्ता आयोजित करने का आग्रह किया। इस कारण प्रेसवार्ता रविवार या सोमवार को आयोजित करने का निर्णय किया गया। इसके पश्चात डीईओ डॉ. मिश्रा और एसपी श्री समीर सौरभ ने आचार संहिता के पालन तथा विभिन्न प्रावधानों के लिये वीडियो संदेश जारी किया।

आयोग से जारी होने वाले हर एक पत्र के निर्देशों को गंभीरता से ले- डीईओ डॉ. मिश्रा

आचार संहिता लागू होने से पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारियों को कार्यो की दी समझाईश

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने आचार संहिता लागू होने से पूर्व नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने नोडल अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन के दौरान आयोग से समय-समय पर निर्देश प्राप्त होते है। ऐसी स्थिति में हर एक नोडल अधिकारी उन निर्देशों के पालन के लिए अच्छी तरह से समझेंगे और अपने अधीनस्थ लगने वाले अमले को स्पष्ट करेंगे। इसके पश्चात कोई आवश्यक मार्गदर्शन या व्यवस्था की जानी है तो उन्हें अवगत कराएंगे। साथ ही निर्वाचन कार्य मे लगने वाले अमले जैसे एफएसटी, एसएसटी या अन्य व्यवस्थाओ में तैनात किया जाना है। नोडल अधिकारी उनसे पृथक से राजनीतिक सम्बद्धता के सम्बंध में प्रमाण पत्र लेंगे। वहीं सभी नोडल अधिकारी अमले को प्रशिक्षित करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से उन कमियों को भी दूर करने के निर्देश दिए गए जो विधानसभा में सामने आए थे। उन्होंने पोस्टल बैलेट के सम्बंध में कहा कि निर्वाचन आयोग से समय-समय पर आने वाले निर्देशो को अच्छी तरह से समझे और उनके अधीनस्थ लगे अमले को स्पष्ट

करेंगे। वहीं देर से आने वाले पोस्टल बैलेट के सम्बंध में आयोग के निर्देशों को अमले सहित राजनीतिक दलों को आवश्यक रूप से साझा करेंगे। इसी तरह परिवहन व्यवस्था, सामग्री प्रबंधन और निर्वाचन व्यय निगरानी पर ज्यादा फोकस करने के बारे में समन्वय करने के निर्देश दिए है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डीएस रणदा, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी केसी ठाकुर व नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

अब 31 मार्च तक गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन क्रॉ सकेंगे किसान

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए अब किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकेंगे। इससे पूर्व गेंहू उपार्जन के लिए अंतिम तिथि 16 मार्च निर्धारित थी।

ग्राम बिछुआ में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 18 मार्च से

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। तिरोड़ी तहसील क्षेत्र की ग्राम बिछुआ में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 18 मार्च से 24 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। व्यासपीठ भागवताचार्य पंडित दुलीचंद प्रसाद पांडे जी अपनी रसमयी वाणी से संगीतमय कथा का वाचन करेंगे। इस संबंध में कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में समस्त आयोजक समिति द्वारा बताया गया कि 18 मार्च को प्रात: कलश शोभा यात्रा एवं महात्मा कथा एवं भागवत पुराण प्रारंभ गोकर्ण महात्म्य एवं 19 मार्च को वराह अवतार, देवहूति कर्दम संवाद, 20 मार्च को सती चरित्र भक्त प्रहलाद एवं गजेंद्र मोक्ष, 21 मार्च को वामन अवतार एवं कृषि जन्मोत्सव,22 मार्च को कृष्ण बाल लीला एवं रुक्मणी विवाह, 23 मार्च को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष पुराण, 24 मार्च को भागवत समापन एवं यज्ञ पूर्ण आहुति एवं महाप्रसाद वितरण कथा प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक एवं शाम 7:00 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक ग्राम बिछिया तहसील तिरोड़ी में आयोजित की जाएगी। अत: आयोजन समिति ने अधिक से अधिक संख्या में क्षेत्र वासियों को इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

आदर्श आचार संहिता लागू होते ही नपा ने शहर से हटाया बैनर-पोस्टर

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। लोकसभा चुनाव की तारीकों का एलान चुनाव आयोग द्वारा कर दिया गया है ,इसके बाद से ही प्रदेश सहित जिले में भी आदर्श आचार संहिता लग चुकी है, जिसको देखते हुए नगर पालिका द्वारा सरकारी भवनों, सरकारी संपत्तियों पर लगे जनप्रतिनिधियों, उम्मीदवारों और सरकारी योजना के प्रचार प्रसार वाले बैनर, पोस्टर तथा संदेशों को हटाने की कार्रवाई नगर पालिका बालाघाट द्वारा शुरू कर दी गयी है। कलेक्ट्रेट भवन, स्कूल, विद्युत पोल, सरकारी कार्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर लगे बैनर पोस्टर को हटाने का काम नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है। आपको बता दे की जैसे ही 16 मार्च को दोपहर 3:00 बजे के बाद निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा की गई उसके बाद से ही देश सहित प्रदेश व जिलों में

आचार संहिता लागू होने के बाद से ही नगर पालिका बालाघाट द्वारा अपने अमले के साथ सभी सरकारी संस्थान सहित शहर के प्रमुख चौक चौराहे जैसे काली पुतली चौक, अंबेडकर चौक, गोंदिया रोड, से लेकर हनुमान चौक ,हनुमान चौक से गुजरी मार्ग, होते हुए काली पुतली चौक के लगे प्रचार प्रसार वाले बैनर पोस्टर से लेकर शासकीय योजनाओं की जानकारी वाले बैनरों को नगर पालिका के अमले द्वारा हटाए जाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है नगर पालिका के स्वास्थ्य शाखा प्रभारी सूर्य प्रकाश उके के द्वारा बताया गया कि जैसे ही 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लगी उसके बाद से ही नगर पालिका द्वारा अलग-अलग टीम बनाकर शहर में लगे बैनर पोस्ट एवं होर्डिंग्स को हटाए जाने की कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।

कार्यालय नायब तहसीलदार कटंगी जिला बालाघाट (म.प्र.) //ईश्तहार// (समाचार पत्र मे प्रकाशन हेतु)

रा.प्र.क्र. ... ०५७५ . अ-६ वर्ष २०२३-२४

ग्राम .... सिंगोड़ी तह. कटंगी जि-बालाघाट । मध्यप्रदेश।

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय पटले पिता रामसिंह पटले जाति पंवार निवासी ग्राम सिंगोड़ी तहसील कटंगी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश द्वारा ग्राम सिंगोड़ी राजस्व मंडल कटंगी तहसील कटंगी जिला बालाघाट मे स्थित भुमि खसरा नंबर ३९९/१ रकबा ०.६०७ हेक्टर भुमि का वसीयत के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण के संबंध मे कोई आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक १८/०३/२०२३ को न्यायालय मे उपस्थित स्वयं या अपने अभिभाषक होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। पेशी उपरांत प्राप्त आपत्ति दावो पर कोई विचार नही किया जावेगा एवं प्रकरण मे एकपक्षीय कार्यवाही कर आदेश पारित कर दिया जावेगा।

आज दिनांक १३/०३/२०२४ को मेरे द्वारा हस्ताक्षरित एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

जारी दिनांक-१३-०३-२०२४

पेशी दिनांक १८/०३/२०२४

नायब तहसीलदार
कटंगी

आदर्श आचार संहिता लगने के बाद भी कटेरा में किसानों का धरना प्रदर्शन जारी

लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने की बना रहे रणनीति

कटंगी (पद्मेश न्यूज)। चुनाव आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान कर दिया है. तारीखों के ऐलान के साथ ही देशभर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई.

इस बीच बालाघाट जिले की कटंगी तहसील क्षेत्र के 14 गांवों के किसानों ने मध्य प्रदेश सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन शुरू किया हुआ है. किसानों का कहना है विधानसभा चुनाव में भाजपा ने किसानों को धान पर 31 सौ रुपए और गेहूं पर 27 सौ समर्थन मूल्य देने की घोषणा की थी. मगर, सरकार ने घोषणा पर अमल नहीं किया. दरअसल, ग्राम कटेरा में किसान 15 मार्च से धरने पर बैठे गए है. धरने पर बैठने से पहले किसानों ने 12 मार्च को सांकेतिक रुप से एक वृहद धरना प्रदर्शन किया था और मुख्यालय पहुंचकर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा था. इसके साथ ही 13 मार्च को किसानों ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को भी ज्ञापन सौंपा था. किसानों ने इस ज्ञापन के जरिए सरकार को चेतावनी दी थी कि अगर उन्हें घोषणा अनुसार समर्थन मूल्य का बकाया बोनस नहीं दिया जाता और सरकार गेहूं को घोषणा अनुसार समर्थन मूल्य का वादा नहीं करती तो धरना दिया जाएगा. मगर, अब आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है. सरकार अब किसी भी तरह से किसानों को फायदा नहीं दे सकती। किसानों का यह धरना प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रहा. हालांकि शाम करीब साढ़े 05 बजे हुए बारिश की वजह से किसान तितर-बितर हो गए, लेकिन किसानों ने साफ कर दिया है कि जब तक प्रशासन उन्हें हटाने के लिए नहीं आता तब तक वह धरने पर बैठे रहेंगे और अब लोकसभा में चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने की रणनीति भी बनाई जा रही है. बता दें कि इस धरना प्रदर्शन को कटंगी तहसील क्षेत्र के ग्राम कटेरा, बनेरा, जमुनिया, ढिमरूरीठ, जड़खरीद, चिरचिरा, टेकाड़ी, भजियापार, घुनाड़ी, सिरपुर, वरूड़, कोसमी, बोपली, सिंगोड़ी, उजाड़बोपली, लोहमारा, कोड़मो के किसानों का समर्थन मिला हुआ है।

13 नग मुक मवेशियों की तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

नांदी (पद्मेश न्यूज)। गोवंश की तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए तिरोड़ी पुलिस ने 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से कुल 13 नग मवेशी बरामद किए गए. जिन्हें कटेधरा स्थित कामधेनु गौशाला में सुरक्षित पहुंचा दिया गया है. वहीं आरोपियों को शनिवार को माननीय व्यवहार न्यायालय में पेश किया गया जहां से दोनों ही आरोपियों को उपजेल वारा भिजवा दिया गया है. तिरोड़ी पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 15 मार्च की रात्रि 09 बजे मुखबिर की सूचना पर ग्राम चन्द्रकुंआ तिराहा मिल के पास से राहुल पिता रुपचंद नेटी उम्र 27 वर्ष निवासी टुईयापार को 4 नग बैल और 2 गोरे के साथ गिरफ्तार किया. मवेशियों की अनुमानित कीमत 90 हजार रुपए आंकी गई है. वहीं दूसरी कार्रवाई ग्राम टुईयापार और चन्द्र कुआं के बीच में की. यहां पर मुकेश पिता रमेश दसमेर निवासी टुईयापार को 3 नग गाय और 04 नग बछड़ी के साथ गिरफ्तार किया गया. मवेशियों की कीमत 70 हजार रुपए आंकी गई. पुलिस के अनुसार जब आरोपियों से मवेशियों की खरीदी बिक्री से जुड़े दस्तावेज पुछे गए तो आरोपी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवा पाए. पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध म.प्र. गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धारा

4,6,9 और पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत कार्रवाई की है. गौरतलब हो कि विधायक ने गो वंश की तस्करी पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के लिए पुलिस से कहा है जिसके बाद पुलिस अब हर सप्ताह मवेशियों की तस्करी करने वालों पर कार्रवाई कर रही है।

लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

मूल्यांकन कार्य में रुचि दिखाने लगे मूल्यांकनकर्ता

पहले की अपेक्षा तीन गुना संख्या में पहुंच रहे केंद्र, 62 प्रतिशत मूल्यांकन का कार्य हुआ पूरा

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं ,12वीं की परीक्षाएं सम्पन्न हो चुकी है तो वही बोर्ड परीक्षाओं के बाद अब स्थानीय स्तर की परीक्षाएं भी अंतिम दौर में है।जहां परीक्षा के साथ-साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा परीक्षा परिणामो की भी तैयारी शुरू कर दी गई है। मंडल से मिले दिशा निर्देश के अनुसार 22 फरवरी से कक्षा दसवीं कक्षा बारहवीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य शुरू कर दिया गया है।जहां 4 चरणों में उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कर ओएमआर शीट में रोल नंबर और प्राप्तांक दर्ज कर इसकी रिपोर्ट ऑनलाइन बोर्ड को भेजी जा रही है।वही अब पहले से अधिक संख्या में मूल्यांकनकर्ता कॉपियों के मूल्यांकन के लिए केंद्र पहुंच रहे हैं जिनके द्वारा रोजाना मूल्यांकन का कार्य जोरो से किया जा रहा है।उम्मीद जताई जा रही है कि बालाघाट में कापियों का मूल्यांकन कार्य 28 मार्च तक पूरा कर दिया जाएगा।इसी तरह सभी जिलों की उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने के बाद रिजल्ट तैयार किया जाएगा जहां बोर्ड द्वारा अप्रैल के दूसरे सप्ताह में कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने की बात कही जा रही है।

महज 68,526 कापियों का मुल्यांकन शेष

22 फरवरी से नगर के उत्कृष्ट विद्यालय में कॉपियों के मूल्यांकन का कार्य शुरू है। जहां कक्षा दसवीं कक्षा बारहवीं की कॉपियों को

मिलाकर प्रथम चरण में 60 हजार 227, द्वितिय चरण में 55, हजार 620 तो वही तृतीय चरण में करीब 53 हजार कॉपिया केंद्र पहुंची थी। तो वहीं चौथे चरण में पहुची कापियों को मिलाकर अब तक लगभग 1 लाख 82 हजार 285 कॉपियां केंद्र पहुंचाई गई थी जिसमें से अब तक 1लाख 13 हजार 559 कापियों का मूल्यांकन पूर्ण किया जा चुका है।बताया जा रहा है की प्रथम और द्वितीय चरण का मूल्यांकन कार्य लगभग पूरा हो गया है तो वही अब 1 लाख 82 हजार 285 में से महज 68 हजार 526 कापियों का मूल्यांकन शेष रह गया है जिनका मूल्यांकन 28 फरवरी तक पूर्ण किए जाने की बात कही जा रही है। आपको बताएं जिन शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य के लिए लगाया गया है इन्हीं में से चुनाव में मास्टर ट्रेनिंग के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

62 प्रतिशत मुलायंकन कार्य पूर्ण

जिले में बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन का कार्य इन दिनों जोरो पर है। जिले में जारी मूल्यांकन कार्य 62 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है वही शेष बचा हुआ कार्य 28 मार्च तक पूरा करने की कहीं जा रही है आपको बताएं कि जब 22 फरवरी को मूल्यांकन का कार्य शुरू हुआ था। तो काफी लंबे समय तक मूल्यांकनकर्ता, मूल्यांकन कार्य में रुचि नहीं दिखा रहे थे। जिसकी प्रमुख वजह बोर्ड एग्जाम शुरू होना बताया जा रहा था। जहां अब एग्जाम के समाप्त होते ही मूल्यांकनकर्ता इस कार्य में रुचि दिखा रहे हैं और रोजाना ही मूल्यांकनकर्ताओ की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है। शुरुवात में जहां महज 100 से 110 मूल्यांकनकर्ता कापियां जांचने के लिए केंद्र पहुंचते थे जबकि आज 305 से अधिक मूल्यांकन कर्ता केंद्र में उपस्थित होकर कापीयों के मूल्यांकन कार्य मे लगे हुए हैं।मूल्यांकनकर्ताओं की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। जिसके कारण मूल्यांकन कार्य में तेजी आई है।

लोकसभा चुनाव के कारण 1माह पहले कराई गई परीक्षा

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस बार बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक महीने पहले ही करा लिया था। ऐसे में परिणाम भी शीघ्र देने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंडल का कहना है कि इस बार अप्रैल के दूसरे या तीसरे सप्ताह में परिणाम की घोषणा की जा सकता है। जिले में शुरुआत में मूल्यांकन की गति काफी धीमी थी। जिसके बाद अब शिक्षकों की संख्या बढ़ी है। जिससे मूल्यांकन में गति आई है बताया जा रहा है कि इस बार बोर्ड द्वारा मूल्यांकनकर्ताओं की मूल्यांकन राशि को बढ़ाया गया है। जिसमें दसवी में प्रति उत्तरपुस्तिका 15 रूपए और बारहवीं की प्रति उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन का 16 रूपए मूल्यांकनकर्ता को दिया जाएगा। इसके अलावा शहर से बाहर से आने वाले मूल्यांकनकर्ता को 150 रूपए डीए और शहर के मूल्यांकनकर्ताओं को 130 रूपए वाहन भत्ता मिलेगा। पिछली बार की तुलना में इस बार कॉपी जाचने के लिए राशि बढ़ाई गई। है।

28 मार्च तक मूल्यांकन पूर्ण कर लिया जाएगा- नायडू

इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य श्रीमती राज लक्ष्मी नायडू ने बताया कि मूल्यांकन कार्य में तेजी आई है 62 प्रतिशत मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया गया है हमें उम्मीद है कि समय सीमा से पहले मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। कुछ विषयों की कॉपी जचना शेष है जिसे 28 मार्च तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

ट्राइबल क्षेत्र में काम करने वाले अंशकालिक कर्मचारियों को 8 माह से नहीं मिला मानदेय

मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जिले के बैहर, बिरसा ,और परसवाड़ा के ए सी ट्रायबल क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों व छात्रावास में काम करने वाले अंशकालीन कर्मचारियों को पिछले आठ माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। जिसके चलते स्कूलों व छात्रावास में काम करने वाले कर्मचारियों को आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार आवेदन निवेदन करने पर भी मानदेय न मिलने से कर्मचारी खासे नाराज है जिन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए पिछले 8 माह से लंबित मानदेय का यथाशीघ्र भुगतान किए जाने की मांग की है ।जहां उन्होंने अपनी इस मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपते हुए मांग पूरी करने के लिए प्रशासन को दो दिनों का अल्टीमेटम दिया है। जिसमें उन्होंने इन दो दिनों के भीतर मांग पूरी न होने पर कलेक्टर गेट के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल किए जाने की चेतावनी दी है।

तो कलेक्ट्रेट गेट के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा -संतोष प्रधान

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष संतोष प्रधान ने बताया कि विकासखण्ड बैहर, बिरसा, परसवाडा, बालाघाट (कन्या शिक्षा परिसर) अन्तर्गत आने वाले स्कूलों एवं छात्रावासों में कार्यरत अंशकालिन कर्मचारियों को विगत सात-आठ माह से आज पर्यन्त तक वेतन का भुगतान नही किया गया है, अंशकालिन कर्मचारियों को अल्प वेतन प्राप्त होता है, इतना कम वेतन एंव उस पर उन्हें लगभग 8 माह से वेतन अप्राप्त है जिसके कारण उन्हें काफी अर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इन कर्मचारियों को 2500 से लेकर 5000 तक का मानदेय दिया जाता है जो पिछले आठ माह से नहीं दिया गया है जिसके चलते कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है परिवार का लालन पालन ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है तो वहीं कर्मचारियों के भूखे मरने की नौबत आ गई है। कई बार आवेदन निवेदन कर इसकी शिकायत की गई है लेकिन अधिकारी लोग बोल रहे हैं कि जल्द भुगतान कर दिया जाएगा लेकिन आज 8 माह हो गए अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। इसीलिए आज हमने ज्ञापन सौपकर प्रशासन को दो दिनों का अल्टीमेटम दिया है यदि इन दो दिनों के भीतर पिछले 8 माह से लंबित मानदेय का भुगतान नहीं किया जाता तो फिर समस्त कर्मचारियों द्वारा दो दिन बाद कलेक्ट्रेट गेट के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

एक व्यक्ति को उसके पड़ोसी ने शराब पीने रुपए नही देने पर सिर में लाठी मार कर किया घायल

खैरलांजी थाना के ग्राम कटोरी की घटना, घायल सुमित जिला अस्पताल में भर्ती

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम कटोरी में एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी देकर उसे लाठी से सिर में मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। 15 मार्च की शाम 7:00 बजे करीब यह घटना शराब पीने रुपए नहीं देने से उपजे विवाद

को लेकर हुई। लाठी के वार से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति सुमित पिता अशोक ठाकूर 42 वर्ष ग्राम कटोरी हाल मुकाम वारासिवनी में निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। खैरलांजी पुलिस ने इस मामले में ग्राम कटोरी के होसीलाल कटरे के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुमित ठाकूर मूल रूप से ग्राम कटोरी के रहने वाले हैं जो वारासिवनी के चंदोरी में अपने परिवार के साथ रहते हैं। जिनके माता-पिता शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्ति कर्मचारी है। सुमित ठाकूर की खेती और मकान ग्राम कटोरी में जो समय-समय पर ग्राम कटोरी जाते रहते हैं ।15 मार्च को सुबह सुमित ठाकूर मोटरसाइकिल में अपने पैतृक गांव कटोरी गए थे जिन्होंने खेती भी जाकर देखी और अपने घर भी गए थे। जिनके घर के पास ही होसीलाल कटरे रहते हैं। शाम को होसीलाल कटरे ने सुमित ठाकूर से शराब पीने के लिए रुपए मांगे थे किंतु सुमित ठाकूर ने होसीलाल कटरे को शराब पीने के लिए रुपए नहीं दिए इसी को लेकर के होसीलाल कटरे और सुमित ठाकूर के बीच में कुछ विवाद हुआ था और होसीलाल ने सुमित ठाकूर को जान से मारने की धमकी भी दे रखी थी। शाम 7:00 बजे करीब जब सुमित ठाकूर अपने पड़ोसी कारू लाल गौतम के घर आंगन में लेटे हुए थे। तभी मौका देख होसीलाल कटरे लाठी लेकर आया और सो रहे सुमित ठाकूर के सिर में लाठी से दनादन वार कर फरार हो गया। लाठी का वार सिर में पड़ने से सुमित ठाकूर खून से लथपथ हो गए चिल्लाने के बाद वह बेहोश हो गए थे। आवाज सुनकर मोहल्ले पड़ोस के लोग से चाचरी आ रहा था उसी समय मोटरसाइकिल में सवार नशे में धुत दो युवक बाइक चलाते हुए आए और तेजरफ्तार से लापरवाही पूर्वक वाहन चलते हुए शिवप्रसाद को ठोस मार दी और मौके से भाग गए।जिसपर ग्रामिणजनो ने शिवप्रसाद यादव को उपचार के लिए चरेगाव के उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था।जिसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए वहां के चिकित्सकों से उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया था,लेकिन मरीज की स्थिति लगातार खराब हो रही थी।जिसकी हालत में सुधार ना आते देख उनके परिजनों ने उसे गोंदिया के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, लेकिन बाद में परिजनों की आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण मरीज को मेडिकल कॉलेज नागपुर रेफर कर दिया गया , जहा उसकी मृत्यु उपचार के दौरान 14 मार्च को हो गई ,जिसका पोस्टमार्टम कराकर परिजनों ने शव को अपने निज निवास चाचेरी लाया गया शिवप्रसाद की दुर्घटना के दौरान हुई दर्दनाक मौत से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने प्रशासन को जगाने और परिवार को आर्थिक मदद कराने के लिए शव को लामता लालबर्रा रोड में रख चक्काजाम कर प्रदर्शन करने की योजना बनाई थी। जिसकी सूचना मिलते ही लामता और चरेगाव पुलिस ने मौके स्थल में पहुंचकर ग्रामीणों एवम पीड़ित परिजनों को समझाइश दी।वही प्रदर्शन करने से रोका गया।

9 मार्च को नशे में धुत बाइक सवार ने साइकिल सवार शिवप्रसाद को मारी थी ठोस

आपको बताए कि आज से करीब 7 दिन पूर्व 9 मार्च को शाम के समय शिवप्रसाद यादव अपनी पत्नी को साइकिल में बिठाकर नेवरगांव से चाचेरी आ रहा था उसी समय मोटरसाइकिल में सवार नशे में धुत दो युवक बाइक चलाते हुए आए और तेजरफ्तार से लापरवाही पूर्वक वाहन चलते हुए शिवप्रसाद को ठोस मार दी और मौके से भाग गए।जिसपर ग्रामिणजनो ने शिवप्रसाद यादव को उपचार के लिए चरेगाव के उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था।जिसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए वहां के चिकित्सकों से उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया था,लेकिन मरीज की स्थिति लगातार खराब हो रही थी।जिसकी हालत में सुधार ना आते देख उनके परिजनों ने उसे गोंदिया के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, लेकिन बाद में परिजनों की आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण मरीज को मेडिकल कॉलेज नागपुर रेफर कर दिया गया , जहा उसकी मृत्यु उपचार के दौरान 14 मार्च को हो गई ,जिसका पोस्टमार्टम कराकर परिजनों ने शव को अपने निज निवास चाचेरी लाया गया शिवप्रसाद की दुर्घटना के दौरान हुई दर्दनाक मौत से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने प्रशासन को जगाने और परिवार को आर्थिक मदद कराने के लिए शव को लामता लालबर्रा रोड में रख चक्काजाम कर प्रदर्शन करने की योजना बनाई थी। जिसकी सूचना मिलते ही लामता और चरेगाव पुलिस ने मौके स्थल में पहुंचकर ग्रामीणों एवम पीड़ित परिजनों को समझाइश दी।वही प्रदर्शन करने से रोका गया।

सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

सड़क पर शव रख चक्काजाम की योजना बना रहे थे ग्रामीण ,पुलिस ने रोका, पीड़ित परिजनों ने आर्थिक सहायता की करी मांग

लामता(पद्मेश न्यूज)। लामता तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम चाचेरी में विगत दिनों हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की नागपुर मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक का नाम शिवप्रसाद यादव उम्र लगभग 32 वर्ष बताया गया है ,जिसपर गुस्साए पीड़ित परिजनो और ग्रामीणों द्वारा सड़क में शव रख चक्काजाम कर प्रदर्शन करने की मंशा बनाई जा रही थी।जिसकी सूचना मिलते ही लामता और चरेगाव पुलिस घटना स्थल में पहुंची जहा उन्होंने मृतक शिवप्रसाद के परिजनों एवम ग्रामीणों चर्चा कर उनके आक्रोश को शांत कराया वही पुलिस कार्यवाही करने के संबध में आश्वस्त करते हुए शासन प्रशासन से मिलने वाली समस्त योजनाओं से आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया गया।जिनके इस आश्वासन पर पीड़ितों और ग्रामीणों को प्रदर्शन और चक्का जाम करने से रोका गया।

आर्थिक मदद दिलाई जाए- चैनलाल यादव

इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान मृतक के ससुर चैनलाल यादव ने बताया कि वर्ष 2020 में उनकी बेटी का विवाह शिवप्रसाद के साथ हुआ था। 9 मार्च को उनकी बेटी और दामाद साइकिल से अस्पताल गए थे गोंडोटोला और नेवरगांव के बीच कोई नशे में धुत वाहन चालक ने उन्हें तेज मार दी जिससे वह घायल हो गए उन्हें उपचार के लिए पहले जिला अस्पताल तो फिर बाद में गोंदिया के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां तीन-चार दिनों तक इलाज चला उसके बाद आर्थिक स्थिति को देखते हुए हमने नागपुर में मेयो हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान शिवप्रसाद की मौत हो गई। उन्होंने आगे बताया कि मृतक शिवप्रसाद यादव गरीब परिवार से थे उसके छोटे छोटे दो बच्चे है और वहां अपने परिवार को पालन पोषण करता था घटना के बाद उसके इलाज में जो कुछ था वहां अब खर्च हो गया ,उसके छोटे छोटे बच्चों के पालन पोषण करने वाला कोई भी नहीं है इसलिए इस परिवार को आर्थिक मदद दिलाया जाए ,और अपराधियों पर शीघ्र ही शासनात्मक कार्यवाही कर जेल भेजा जाए।

पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी- डामोर

वही इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान थाना प्रभारी पी एस डामोर ने पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करने की बात कही है चर्चा के दौरान श्री डामोर ने बताया कि शिवप्रसाद यादव का एक्सीडेंट गत 9 मार्च को हुआ था ,जिसकी मृत्यु गत 14 मार्च को उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज नागपुर में हो चुकी ,एक्सीडेंड का रिपोर्ट दर्ज करके बाइक को जप्त कर लिया गया है ,पी एस रिपोर्ट के मिलते ही चालानी कार्यवाही की जावेगी ,पीड़ित परिजन एवम ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को आर्थिक मदद दिलाने एवम अपराधियों पर सक्त कार्यवाही कराने की मंशा से लामता लालबर्रा रोड में शव को रखकर चक्का जाम कर प्रदर्शन का मन बना रहे थे जिसकी सूचना मिलते ही हमारे द्वारा समझाइश देकर उन्हें शांत कराया है वहीं शासन प्रशासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उन्हें दी गई है ताकि उन्हें मुआवजा मिल सके। हम मआवजे की लिखापढ़ी सहित अन्य कार्यों में पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करेंगे।

गौरीशंकर बिसेन की कमी को पूरा करेगी भारती पारधी- भारती ठाकुर

नपा ने किया लोकसभा प्रत्याशी भारती पारधी का स्वागत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। नगर पालिका बालाघाट द्वारा पार्षद भारती पारधी को भाजपा द्वारा लोकसभा चुनाव का अधिकृत प्रत्याशी बनाए जाने पर स्वागत अभिनंदन का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें नगर पालिका के अधिकारी ,कर्मचारी व सत्ता पक्ष के पार्षदों द्वारा पार्षद भारती पारधी का स्वागत अभिनंदन किया गया। आपको बता दे की नगर पालिका सभा हाल में नगर पालिका द्वारा पार्षद भारती पारधी के लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने की खुशी में नगर पालिका बालाघाट द्वारा स्वागत वंदन अभिनंदन का कार्यक्रम किया गया जिसमें पार्षद भारती पारधी को नगर पालिका द्वारा शाल श्रीफल देकर उनका सम्मान किया गया और उपस्थित अतिथियों द्वारा अपने-अपने वक्तव्य के माध्यम से इस स्वागत कार्यक्रम का समापन किया गया, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर द्वारा बताया गया कि आज वह अपने पूरे नगर पालिका परिवार की ओर से भारती पारधी को लोकसभा का प्रत्याशी बनाए जाने पर

उनका स्वागत अभिनंदन करने के लिए उपस्थित हुए हैं और उन्होंने पार्टी की गाइडलाइन को लेकर कहा कि उनकी पार्टी द्वारा अंतिम छोर के व्यक्ति का भी ध्यान रखा जाता है, उसी का उदाहरण है कि आज एक पार्षद को उनकी पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी बनाया गया है, उन्होंने कहा कि वह सच्चे मन से समर्पित होकर यदि पार्टी के लिए काम करते हैं , तो निश्चित ही पार्टी द्वारा कभी भी उनका नंबर लगाया जा सकता है, जिस प्रकार से रेल्वे स्टेशन में प्लेटफार्म पर खड़े रहो तो निश्चित ही ट्रेन आती है, उसी प्रकार पार्टी में पूरी ईमानदारी से काम करो तो पार्टी कभी भी उनका नंबर लगती है और उन्हें भी मौका देती है , उन्होंने यह भी कहा कि कभी भी हताश या निराश होकर नहीं बैठना चाहिए, जिस प्रकार से भारती पारधी द्वारा लंबे इंतजार कर हताश नहीं हुये और वह संघर्ष करते रहे , जिसका परिणाम आज उन्हें मिला है, उन्होंने यह भी कहा कि आज कहीं ना कहीं गौरीशंकर बिसेन की कमी उन्हें महसूस हो रही है और कहीं ना कहीं जब भारती पारधी जीतकर आयेगी तो वह कमी को वह पूरी करेगी ,पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को भी धन्यवाद व्यापित किया कि उन्होंने उनके परिषद की एक पार्षद को मौका दिया और आज कहीं ना कहीं भारती पारधी को प्रत्याशी बनाए जाने से वह बहुत खुश हैं।

भारती पारधी और भारती ठाकुर दोनों को ईश्वर ने जिसकी किस्मत में जो था वह दिया है- भारती पारधी

भारती पारधी द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा गया कि आज भारती पारधी और भारती ठाकुर दोनों को ईश्वर ने जिसकी किस्मत में जो था वह दिया है, वह आज अपने आप को सौभाग्यशाली मान रही है कि उन्हें संगठन द्वारा इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है, उन्होंने कहा कि कभी भी समय से पहले और किस्मत से अधिक किसी को कुछ नहीं मिलता है और ईश्वर सभी के लिए अच्छा लिखता है बस हमें पता नहीं होता कि हमारा समय कब आने वाला है और कभी-कभी हम दुःखी भी होते हैं जब हमें कुछ नहीं मिलता तो किंतु जब दुख मिलता है तो उस से सहन करने की शक्ति भी भगवान हो देता है और उन्होंने बताया कि उनके साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ था ,वह लंबे समय से राजनीति में थी और वह प्रयास भी कर रहे थे ,किंतु उस समय किस्मत के दरवाजे नहीं खुले थे, उन्होंने यह भी बताया कि उनका नाम विधानसभा में भी चला था लेकिन उन्होंने विधानसभा चुनाव में दावेदारी नहीं की थी और उन्होंने विधानसभा चुनाव के लिए मना कर दिया था, किंतु इस बार लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपनी मांग रखी थी और मांगना सभी का अधिकार है और अपने स्तर पर उन्होंने प्रयास भी किया था ,वहीं उन्होंने यह भी सोचा था कि जिस प्रकार से बड़े-बड़े लोग दावेदारी कर रहे थे, उसको देखकर उन्हें लग रहा था की वह बड़े लोगों के सामने कहीं ना कहीं अनुभव में काम है, किंतु पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने मौका दिया और उन पर भरोसा जताया और उन्होंने हिम्मत नहीं हारी थी और आज उसका परिणाम है कि उन्हें पार्टी ने यह मौका दिया ,उन्होंने बताया कि कहीं ना कहीं नगर पालिका में उनके प्रवेश उनके लिए शुभ हुये और उसी के कारण आज उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिली है।

24 घंटे से लापता एक व्यक्ति की कुएं से लाश बरामद

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट कटंगी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम टेकाड़ी में 24 घंटे से लापता इस ग्राम के एक व्यक्ति की लाश इसी ग्राम के खेत की कुएं से बरामद की गई ।मृतक ओमकार पिता रूपचंद भलावी 35 वर्ष की कुएं में फिसलने से मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। कटंगी पुलिस ने इस व्यक्ति की लाश पोस्टमार्टम करवाकर उसके परिजनों को सौंप दिए हैं और आगे मर्ग कायम कर जान शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओमकार ट्रैक्टर ड्राइवर था ।जिसके परिवार में मां पत्नी और दो बच्चे हैं। बताया गया है कि 14 मार्च को सुबह 4:00 बजे ओमकार भलावी अपने घर से निकला था जो घर नहीं लौटा। परिवार के लोगों ने गांव पास पड़ोस और रिश्तेदारी गांव में ओमकार भलावी की खोजबीन किये किंतु वह नहीं मिला परिवार वाली द्वारा ओमकार भलावी की तलाश की जा रही थी ।15 मार्च को 11:30 बजे इसी ग्राम का कृषक ऐवन सिह परते ने अपने खेत के कुएं का पंप चालू किया था। पंप चालू करने के बाद कुँए का पानी कम होने पर उसने कुएं के अंदर एक व्यक्ति की सिर देखी। खबर मिलते ही गांव के लोगों का मौके पर हुजूम लग गया। ओमकार भलावी के परिवार के लोग भी पहुंचे जिन्होंने कपड़ों के आधार पर मृतक की पहचान ओमकार भलावी के नाम से की। जिसकी रिपोर्ट चरणलाल पिता जगत लाल भलावी 49 वर्ष टेकाड़ी निवासी ने कटंगी पुलिस थाना में की थी। जहां से सहायक उपनिरीक्षक मंजूलाल दाहिया ग्राम टेकाड़ी पहुंचे और ऐवनसिह परते के खेत के कुएं से ग्रामीणों के सहयोग से ओंकार भलावी की लाश बाहर निकलवाई। पंचनामा कार्यवाही पश्चात ओमकार भलावी की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दी गई। संभावना व्यक्त की गई है कि 14 मार्च को सुबह 4:00 बजे जब ओमकार भलावी शौच के लिए नाला तरफ जाने के लिए निकला तभी वह ऐवन सिह परते के खेत से गुजरते समय बिना जगत के कुएं में फिसल कर गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। आगे मर्ग जांच सहायक उप निरीक्षक श्री दाहिया द्वारा की जा रही है।

क्लेमसन यूनिवर्सिटी यूएसए से पहुंचे एजुकेशनिस्ट दल ने विद्यार्थियों से किया संवाद

चिचगांव के प्राथमिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के बारे दी जानकारी



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ८ किमी. दूर ग्राम पंचायत चिचगांव स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल में १६ मार्च को क्लेमसन यूनिवर्सिटी अमेरिका (यूएसए) से पहुंचे एजुकेशनिस्ट दल छात्र-छात्राओं से संवाद कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जानकारी प्रदान की। साथ ही पर्यावरण व प्रकृति संबंधी विषयों पर मॉडर्न शिक्षा प्रणाली को प्रदर्शित करते हुए गतिविधियां करवाई गई। यह संवाद कार्यक्रम एच एस नेगी पूर्व आई जी फारेस्ट, एरिक वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक, ऋषिता नेगी, वन परिक्षेत्र अधिकारी लालबर्रा हर्षित सक्सेना, सरपंच गोविंद पटले, प्रधानपाठक डीके हनवत के प्रमुख आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर क्लेमसन यूनिवर्सिटी अमेरिका (यूएसए) से पहुंचे एजुकेशनिस्ट दल के द्वारा छात्र-छात्राओं से संवाद कर बाघ और मानव के बीच में संबंध स्थापित कैसे किया जाता है, इस विषय पर संबंधित द्वारा पीएचडी किया जा रहा है उनके द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही छात्र-छात्राओं से पीएचडी करने वाले शोधकर्ता के द्वारा प्रश्न भी किया गया जिसका जवाब उनके द्वारा दिया गया। चर्चा में दक्षिण सामान्य वन मंडल लालबर्रा के वन परिक्षेत्र अधिकारी हर्षित सक्सेना ने बताया कि क्लेमसन यूनिवर्सिटी अमेरिका (यूएसए) से पहुंचे एजुकेशनिस्ट दल के द्वारा शनिवार को पर्यावरण संरक्षण व प्रकृति संबंधी विषयों पर मॉडर्न शिक्षा प्रणाली को प्रदर्शित करते हुए छात्र-छात्राओं से संवाद किया गया और इस संबंध में गतिविधियां भी करवाई गई है। साथ ही यह भी बताया कि इस दल के द्वारा बाघ व मानव के बीच आपसी संबंध एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में शोध किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम तहत वे लोग अमेरिका से चिचगांव स्कूल पहुंचे थे और छात्र-छात्राओं से संवाद कर वन क्षेत्र में कौन-कौन से वन्यप्राणी है उसके बारे में जानकारी एकत्रित किये और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जिनका मुख्य उद्देश्य है कि अमेरिका और भारत देश के म.प्र. राज्य के बालाघाट जिले की पर्यावरण में क्या अंतर है उसको जानना एवं शोध करना है। इस अवसर पर शिक्षक मोरसिंह ठाकुर, लिम्बाजी चौधरी, भूमेश्वर पारधी, माला बिसेन सहित क्लेमसन यूनिवर्सिटी अमेरिका (यूएसए) से पहुंचे एजुकेशनिस्ट दल बेट्टी बाल्डविन, अइयाना डॉसन, लियोनिस्या कुज, ऋषिता नेगी, एरिन बुचोल्ट्ज एवं वन विभाग के कर्मचारीगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बेलगांव में मनाया जायेगा सदगुरू संत शिरोमणि लहरी बाबा का पुण्य स्मरण दिवस आज



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत बेलगांव के पांगा तालाब मोड़ाई स्थित श्री लहरी पावन संस्थान में १७ मार्च को प्रात: ७ बजे से मानव कल्याणार्थ अवतरित परम पूज्य पूज्यनीय परमहंस, निष्काम कर्मयोगी, संत शिरोमणि सदगुरू श्री जैरामदास उर्फ लहरी बाबा का पुण्य स्मरण दिवस (स्मृति दिवस समारोह) हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। तत्संबंध में जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत बेलगांव सरपंच अरविंद पंचेश्वर ने बताया कि श्री लहरी पावन संस्थान बेलगांव में मानव कल्याणार्थ अवतरित परम पूज्यनीय परमहंस, निष्काम, कर्मयोगी, संत शिरोमणि सदगुरू श्री जैरामदास उर्फ लहरी बाबा का स्मृति दिवस समारोह (पुण्य स्मरण दिवस) १७ मार्च को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा और यह कार्यक्रम परम पूज्यनीय गोपाल बाबा अध्यक्ष लहरी आश्रम एवं डॉ. खिलेश्वरनाथ उर्फ तुकडया बाबा लहरी आश्रम कामठा की पावन उपस्थिति में संपन्न होगा। जिसमें १७ मार्च को प्रात: ७ बजे पं. पूज्यनीय बाबाजी का आगमन, प्रात: ११ बजे से संकल्प महामृत्युंजय यज्ञ, दोपहर १ बजे से भजन प्रवचन, सत्संग एवं महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर संत लहरी बाबा के भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील देवीराम माने, दुर्जनलालजी पांचे, नान्हूराम मानेश्वर, मदन माने, विजय नागफासे, वेदप्रकाश नागफासे, बेलगांव सरपंच अरविंद पंचेश्वर, सुरेश देव्हारे, तुलसी पंचेश्वर, मोतीलाल हटेवार, सुनील गौतम, मनोज पारधी, मोतीलाल माने, गिरधारी तितरमारे, जैराम कावरे, बीएस पुर्राम, रामरतन खैरवार, सेवकराम नागेश्वर एवं नित्यानंद माने सहित अन्य पदाधिकारियों ने की है।

खसरा एवं रूबेला टीकाकरण अभियान को सफल बनाने स्वास्थकर्मियों को दिलवाई गई शपथ

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में १६ मार्च को बीएमओ डॉ. एन इंडोलिया के द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों को खसरा एवं रूबेला टीकाकरण अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शपथ दिलवाई गई। साथ ही इस अभियान (उन्मूलन कार्यक्रम) के तहत क्षेत्रभर के ९ माह से १५ वर्ष के बच्चों को खसरा-रूबेला का टीका लगाया जायेगा ताकि विभिन्न प्रकार की बीमारी से उन्हे बचाया जा सके। चर्चा में बीएमओ डॉ. एन इंडोलिया ने बताया कि खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान के तहत ९ से १५ वर्ष के बच्चों को टीका लगाया जाना है इसलिए इस अभियान को कैसे सफल बनाना है उसके बारे में स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक जानकारी देकर शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शपथ दिलवाई गई है। ताकि ९ से १५ वर्ष के सभी बच्चों को स्कूल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व आंगनवाड़ी केन्द्रों में टीका लगाया जायेगा। साथ ही यह भी बताया कि समाज में खसरा-रूबेला के प्रति जो भ्रांतियां फैली है उसे दूर कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है और इस बीमारी के रोकथाम एवं टीकाकरण के महत्व के बारे में बताया जायेगा। डॉ. इंडोलिया ने बताया कि खसरा-रूबेला का टीका सुरक्षित टीका है जो विभिन्न प्रकार की बीमारी से बचाता है इसलिए ९ माह से १५ वर्ष के बच्चों को टीका लगाया जायेगा। इस अवसर पर जेके पंचेश्वर एनएम, भुवनेश बोपचे बीपीएम, सीके बिसेन बीईई, सीमा बोपचे, पी सोलंकी एएनएम, ममता डहरवाल, अनिता ब्रम्हे सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

जनपद कार्यालय पहुंच मार्ग की मोड़ाई में खुली नाली में लगाया गया चेम्बर

खुली नाली में चेम्बर लगने एवं मरम्मत कार्य होने से आवागमन में होगी सुविधा

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के आगे से जनपद पंचायत, तहसील एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जाने के लिए बायपास मार्ग गुजरी है। जिससे राहगीर, निवासरत लोग एवं अधिकारी-कर्मचारीगण आना-जाना करते थे परन्तु जनपद पंचायत के समीप मार्ग की मोड़ाई में नाली में पुर्व में बनाई गई चेम्बर क्षतिग्रस्त हो चुकी थी और नाली खुली हुई थी जो दुर से लोगों को दिखाई नही दे रहा था। जिसके कारण आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होने के साथ ही हर समय दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी रहती थी एवं पूर्व में दुर्घटना भी घटित हो चुकी थी। उक्त समस्या को गत दिवस बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में प्रमुखता से उठाते हुए जनपद पंचायत कार्यालय पहुंच मार्ग की मोड़ाई में खुली नाली दे रही दुर्घटना को आमंत्रण नामक शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद जिम्मेदार अधिकारी एवं पंचायतकर्मी हरकत में आये और क्षतिग्रस्त हो चुकी नाली के चेम्बर का मरम्मत कार्य मानपुर पंचायत के द्वारा करवाकर खुली नाली में सीमेन्ट का ढक्कन (चेम्बर) लगा दिया गया है। खुली नाली में चेंबर लग जाने से अब इस मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को पूर्व में हो रही परेशानियों से निजात मिल चुकी है और रोड़ की मोड़ाई से बिना संकोच के आना-जाना कर रहे है। चर्चा में जागरूक नागरिकों ने बताया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के आगे पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती मनोरमा शुक्ला के मकान के सामने से हाईवे मार्ग से बायपास मार्ग जाती है और यह मार्ग जनपद पंचायत कार्यालय, तहसील, अस्पताल, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सहित अशासकीय विद्यालय की ओर पहुंचती है एवं निवासरत लोग भी इसी मार्ग से आवागमन करते है। साथ ही यह भी बताया कि विगत वर्ष पूर्व मानपुर पंचायत के द्वारा जनपद एवं तहसील कार्यालय बायपास पहुंच मार्ग का सीमेन्टीकरण करने के साथ ही पक्की नाली का निर्माण कार्य करवाया गया था और नाली की गहराई करीब ३ से ४ फीट है परन्तु सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण नाली के ऊपर में चेम्बर लगाया गया है ताकि आवागमन में सुविधा हो सके परन्तु जनपद पंचायत के समीप मोड़ाई में नाली के ऊपर लगाये गये चेम्बर क्षतिग्रस्त हो चुका था और नाली खुली हुई थी जिसके कारण हर समय दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी रहती थी। गत दिवस बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में उक्त समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद ग्राम पंचायत मानपुर के द्वारा क्षतिग्रस्त नाली का मरम्मत करवाकर खुली हुई नाली के ऊपर सीमेंट का ढक्कन (चेम्बर) लगा दिया गया है। जिसके बाद से अब रोड़ की मोड़ाई से लोग आसानी से आवागमन कर पा रहे है, नही तो पूर्व में दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी हुई थी क्योंकि अचानक कोई व्यक्ति दुसरे साईड से आ जाता था और वह दिखाई देने के कारण मोड़ाई में उनकी साइकिल व मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से वे दुर्घटना का शिकार हो जाते थे परन्तु अब खुली नाली में चेम्बर लग जाने से उक्त समस्या से निजात मिल चुकी है।

आंधी तूफान के साथ क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश

चने बराबर गिरे ओले, दलहन फसल को लेकर किसान चिंतित

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में १६ मार्च को अचानक शाम ४ बजे मौसम ने करवट ली। जिसके बाद तेज आंधी-तूफान एवं बादल गर्जना के साथ क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई है। साथ ही चने के बराबर ५-१० मिनट ओले भी गिरे है जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ और अचानक हुई बारिश एवं ओले गिरने से चना, अलसी, गेंहू सहित अन्य दलहन फसले प्रभावित हुई है। वहीं बे-मौसम बारिश से उमस भरी गर्मी से राहत भी मिली है परन्तु यह बारिश दलहन फसल के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है अगर तेज बारिश के साथ ही ओले गिरते है तो क्योंकि चना, अलसी सहित अन्य दलहन फसले पककर तैयारी हो चुकी है और किसान उसकी कटाई एवं चुराई के कार्य में जुट चुके है परन्तु अचानक मौसम परिवर्तन होने के साथ ही बारिश होने से उनकी पकी फसल खराब होने की कगार में है। वहीं अचानक हुई बे-मौसम बारिश के साथ ही तेज आंधी-तूफान व बादल गर्जना के कारण लोगों का जनजीवन भी प्रभावित हुआ। साथ ही जैसे ही बारिश शुरू हुई लोग पानी से बचते हुए नजर आये और आंधी-तूफान शांत एवं पानी कम होने के बाद लोग अपने गंतव्य की ओर गये। वहीं नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में करीब १ घंटे तक झमाझम बारिश हुई है और क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में लगभग १० मिनट तक चने के बराबर ओलावृष्टि होने की जानकारी मिली है जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया एवं फसलों को नुकसान पहुंचा है।

पांढरवानी सरपंच ने ३ हितग्राही को प्रदान की अंत्येष्टि सहायता राशि

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी में १६ मार्च को ३ हितग्राही को ५-५ हजार रूपये अंत्येष्टि सहायता राशि प्रदान की गई। यह अंत्येष्टि सहायता राशि वितरण कार्यक्रम पांढरवानी सरपंच अनीस खान, उपसरपंच राकेश अग्रवाल, सहायक सचिव कृष्णा पंचेश्वर की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर पांढरवानी पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम के ३ लोगों का गत दिवस मृत्यु हो गई थी और मृतक व्यक्ति मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल योजना के अंतर्गत) पात्ता रखते है जिनके परिजनों को पंचायत के द्वारा ५-५ हजार रूपये की अंत्येष्टि सहायता राशि का वितरण किया गया। चर्चा में ग्राम पंचायत पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि पंचायत क्षेत्र के निवासरत जीवन पंचेश्वर, धनवंता सिंगरे, रामलाल नागेश्वर का गत माह मृत्यु हो गई थी और शासन की सबल कार्ड योजना के अंतर्गत पात्ता होने के कारण मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत तीनों मृतक के परिजनों को ५-५ हजार रूपये की अंत्येष्टि सहायता राशि प्रदान की गई है और शासन की अन्य योजनाओं का भी लाभ दिलवाया जायेगा। इस अवसर पर पंचायतकर्मी सकिल खान सहित अन्य पंचगण उपस्थित रहे।

बिरसोला में दो दिवसीय विशाल बैलजोड़ी पट प्रतियोगिता ३० से

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १० किमी. दूर ग्राम पंचायत बिरसोला में स्व. सरिफ मोहम्मद (शम्मू पटेल) एवं स्व कुशनाजी चौड़े की स्मृति में आगामी ३० मार्च से दो दिवसीय विशाल बैलजोड़ी पट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए सार्वजनिक बैलजोड़ी पट प्रतियोगिता समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्व. सरिफ मोहम्मद (शम्मू पटेल) एवं स्व. कुशनाजी चौड़े की स्मृति में आगामी ३० मार्च से दो दिवसीय विशाल बैलजोड़ी पट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें प्रथम पुरस्कार २१,००० रूपये, द्वितीय पुरस्कार २०,००० रूपये, तृतीय पुरस्कार १६,००० रूपये, चौथा पुरस्कार १२,००० रूपये, पांचवा पुरस्कार १०,००० रूपये, छटवां पुरस्कार ७००० रूपये, सातवां पुरस्कार ६००० रूपये, आठवां पुरस्कार ५५०० रूपये, नवां पुरस्कार ५००० रूपये, दसवां पुरस्कार ४९०० रूपये, ११ वां पुरस्कार ४८०० रूपये, बारहवां पुरस्कार ४५०० रूपये, तेरहवां पुरस्कार ४००० रूपये, चौदहवां पुरस्कार ३८०० रूपये, पंद्रवां पुरस्कार ३५०० रूपये, १६ वां पुरस्कार ३४०० रूपये, १७ वां पुरस्कार ३३०० रूपये, १८ वां पुरस्कार ३२०० रूपये, १९ वां पुरस्कार ३१०० रूपये, २० वां पुरस्कार ३००० रूपये, २१ वां पुरस्कार २८०० रूपये, २२ वां पुरस्कार २७०० रूपये, २३ वां पुरस्कार २६०० रूपये, २४ वां पुरस्कार २५०० रूपये, २५ वां पुरस्कार २४०० रूपये, २६ से ३० नंबर तक २००० रूपये एवं

प्रवेश शुल्क १५०० रूपये निर्धारित किया गया है। साथ ही यह भी बताया कि नंबर १ से ३ नंबर तक हारने वाली बैलजोड़ी को सांत्वना पुरस्कार भी दिया जायेगा। इस अवसर पर जिले सहित अन्य राज्य के पट बैलजोड़ी मालिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी बैलजोड़ी को पट मैदान में दौड़ाने की अपील सार्वजनिक बैलजोड़ी पट प्रतियोगिता समिति बिरसोला के पदाधिकारियों ने की है।

कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

विधायक विवेक पटेल क्षेत्र में श्रेय लेने की कर रहे राजनिति- मनोज दांदरे

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी शहर सहित अन्य लोगों की वर्षों पुरानी मांग नगर के कटंगी रोड़ मोक्षधाम के पास बहने वाले टोंडिया नाले पर स्टॉप डैम बनाये जाने की मांग क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल के अथक प्रयासों से पुरी होने वाली है। और जो इस निर्माण कार्य के लिये पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल और जिले सांसद ढालसिंह बिसेन के प्रयासों से छोटे पुल पर स्टॉप डैम बनाया जाना है। जिसके लिये बकायदा टेंडर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज दांदरे,पार्षद संदीप मिश्रा, पार्षद विवेक ऐडे सहित अन्य ने विधायक विवेक पटेल पर आरोप लगाया है कि उन्होने श्रेय लेने की अपनी राजनिति के तहत लालबर्रा मार्ग के नाले की बजाय कंटगी मार्ग के टोंडिया नाले पर स्टाप डेम बनाने के लिये निरिक्षण कर हास्यापद स्थिति का निर्माण स्वंय कर दिया है।

विधायक पटेल की राजनिति सिर्फ श्रेय लेने का असफल प्रयास-विवेक ऐड़े

पूर्व पार्षद विवेक ऐड़े ने कहा की इस नाले पर स्टाप डैम के निर्माण की विधायक विवेक पटेल की खबर गलत है। इस नाले पर स्टाप डेम बनाने के लिये पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल व नगर पालिका परिषद पहले से ही सक्रिय है। यह कार्य मुख्यमंत्री अधोसरंचना के तीसरे फेस में पहले से ही स्वीकृत है। बस टेंडर की कार्यवाही जल्द किया जाना बाकि है। विधायक पटेल ने निरिक्षण के दौरान बयान बाजी की थी उससे प्रतित हो रहा है कि उन्हे इस विषय की शायद जानकारी ही नही है अभी वह नये नये विधायक बने है। कौन सा निर्माण कार्य कहां हो रहा है यह जानकारी का भी उनके पास अभाव है। वह स्टाप डैम ग्राम पंचायत मुरझड़ के तहत लालबर्रा मार्ग के नाले के लिये टेंडर होकर स्वीकृत भी हो चुका है। और वह कार्य भी पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल व सांसद ढालसिंह बिसेन के प्रयासो से सफल हो पाया है। विधायक विवेक पटेल की यह राजनिति सिर्फ श्रेय लेने का असफल प्रयास ही प्रतित हो रही है।

विधायक पटेल के पास जानकारी का अभाव है-संदीप मिश्रा

पार्षद संदीप मिश्रा ने कहा की नगर के मध्य स्थित मोक्षधाम को संजाने व संवारने का कार्य जीर्णोद्वार के तहत पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल व नगर पालिका परिषद के द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में ही मोक्षधाम में जो वेंटिग हाल, स्ट्रीट लाईट, फैसिंग कार्य, गार्डन सहित प्रवेश द्वार का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा भी विधानसभा चुनाव २३ में भाजपा प्रत्याशी प्रदीप जायसवाल के घोषणा पत्र में टोंड़िया नाले पर स्टाप डैम व घाट निर्माण की स्वीकृति तक की जानकारी लिखित में प्रदान कर दी गयी है। दूसरी ओर जानकारी के अभाव में विधायक विवेक पटेल लालबर्रा मार्ग के टोंडिया नाले की जगह कंटगी मार्ग के नाले पर बयान बाजी कर रहे है, वह झूठी है शायद उनके पास जानकारी का अभाव है।

विधायक ने टोंडिया नाले पर स्टाप डेम के लिये प्रयास किया तो कागजात सार्वजनिक करें- मनोज दांदरे

नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज दांदरे ने कहा की विधायक विवेक पटेल जिस कार्य की बात कर रहे है वह पहले से ही कंटगी मार्ग पर नाले पर स्टाप डैम व घाट निर्माण कार्य स्वीकृत कराया जा चुका है। नपा परिषद ने प्रस्ताव लेकर प्रक्रिया को आगे भी बढा चुकी है। नपा का प्रयास है कि महानगरो की तरह हम वारासिवनी के मोक्षधाम में सभी तरह की सुविधायें प्रदान करेंगे। जिस दिशा में कार्य भी जारी है वर्तमान में नगर के युवा सेवाभाव से दिवालो पर चित्र सहित अन्य कार्य भी कर रहे है जिनके लिये वे साधुवाद के पात्र है। श्री दांदरे ने विधायक पटेल की श्रेय लेने की राजनिति पर कहा है कि अगर विधायक पटेल ने टोंडिया नाले पर स्टाप डैम के लिये प्रयास किया है तो वें कागजात सार्वजनिक करें। श्री दांदरे ने कहा की लालबर्रा मार्ग पर नाले पर एक और स्टाप डैम के लिये जंहा टेंडर लगा है वह प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गत दिवस बालाघाट के कार्यक्रम में इस कार्य का भुमिपूजन तक कर दिया है। और यह कार्य पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल व जिले के सांसद ढालसिंह बिसेन के प्रयासो से सफल हुआ है। इस दौरान पार्षद संदीप मिश्रा, धरमु जोशी, शैलेन्द्र तिवारी, विक्की ऐडे, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज दांदरे, अनिश मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

हवा तूफान बारिश से खिल उठे चेहरे

बादलों की गड़गड़ाहट के साथ बे मौसम हुई बारिश

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी नगर सहित क्षेत्र में १६ मार्च की शाम करीब ४.३० बजे अचानक मौसम ने करवट ली। इसके बाद शाम होने तक हर किसी का चेहरा खिल उठा। इसमें एक तरफ जहां उम्मस भारी गर्मी से लोगों को राहत मिली तो वहीं धान की फसल में पानी की रास्ता देख रहे किसानों ने भी चैन की सांस ली। जहां तेज आंधी तूफान के साथ बूंदाबांदी अचानक झमाझम बारिश में बदल गई। जिसने पूरे गर्म माहौल को ठंडा कर दिया इस दौरान लोगों ने काफी आनंद लिया। तो वहीं ग्रामीण क्षेत्र में ओले भी गिरे जिससे रबी की फसल चना, गेहूं की फसल की नुकसानी हुई है।

मार्च की गर्मी में हुई बारिश

ठंड का मौसम बीतने के बाद मार्च माह के साथ धीरे धीरे गर्मी का मौसम प्रारंभ हुआ था और आसमान में सूर्य देवता अपने तापमान को बिखरते हुए दिखाई दे रहे थे। तभी बड़े हुए तापमान के बीच शनिवार की शाम अचानक मौसम में परिवर्तन आ गया। जहां दोपहर के बाद चटक आसमान को बदली ने घेरना शुरू कर दिया और बादलों की गड़गड़ाहट के बीच तेज आंधी तूफान के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। थोड़ी देर में यह बूंदाबांदी तेज बारिश में बदल गई और करीब १ घंटे तक झमाझम बारिश होती रही। इस दौरान ठंडी हवाओं बारिश के साथ बिजली की चमक और बादलों की गड़गड़ाहट के बीच ओले गिरे तो वहीं झमाझम बारिश भी देखने को मिली। तापमान में आए यह अचानक बदलाव के बीच मौसम विभाग ने आगामी दो से तीन दिनों तक मौसम की कुछ इसी तरह बने रहना बताया जा रहा है। इस बेमौसम बारिश रबी की फसल जिसमें चना और गेहूं की फसल को नुकसानी हुई है।

गर्मी का अहसास हुआ ठंडा

इस मौसम परिवर्तन में बदली तेज हवाओं के साथ आसमानी बिजली की चमक बादलों गडगडाहट के साथ बारिश एवं क्षेत्र में तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। मौसम के इस एकाएक परिवर्तन ने बीते कुछ दिनों से ग्रीष्म ऋतु के अहसास को कम किया है। इस दौरान में शाम पांच बजे के बाद हुई झमाझम बरसात को देखते ही देखते पूरी सड़क सुनसान हो गई। हालांकि यह बारिश का कारण चक्रवती हवाओं के प्रभाव बताया जा रहा है । जिससे मौसम में बदलाव देखा गया जिसने गर्मी के अहसास को ठंड में बदल दिया जिससे लोगो को उम्मस भरी गर्मी से राहत मिली।

बारिश से किसानों को फायदा और नुकसान भी झेलना पड़ा

क्षेत्र के किसानों के द्वारा रबी की फसल में धान सहित अन्य उपज लगाई गई है। जिसमें धान लगाने वाले किसानों को वर्तमान में पानी की अत्यधिक आवश्यकता थी जो विभिन्न जल स्रोत में पंप लगाने की तैयारी कर रहे थे या नहर के पानी को देख रहे थे। उनके चेहरे पर एक बे मौसम बारिश के कारण खुशी आ गई । इस बारिश में खेत में पानी तो नहीं भरा किंतु उपज की जड़ों में नमी आ गई। इसके साथ खेतों में ओले गिरने के कारण किसान दुखी भी हुए हैं परंतु यह ओले अधिकांश स्थानों पर नहीं गिरे जिससे किसानों की फसल को कुछ ही जगह नुकसान हो पाया है।

कक्षा पांचवी एवं कक्षा आठवीं की मूल्यांकन की प्रक्रिया प्रारंभ

परीक्षा संपन्न होते ही की जा रही उत्तर पुस्तिकाओं की सॉर्टिंग

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देश अनुसार कक्षा पांचवी और कक्षा आठवीं की परीक्षा १४ मार्च को संपन्न हो गयी। इसके बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए सॉर्टिंग करने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद शिक्षा केंद्र वारासिवनी में १५ मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं का सॉर्टिंग कार्य प्रारंभ कर दिया गया है ताकि मूल्यांकन कार्य में आसानी हो सके। जिसमें उत्तरपुस्तिकाओं को विषय वार ,माध्यम वार एवं कक्षा वार व्यवस्था बनाई जा रही है। जिसमें जनपद शिक्षा केंद्र वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत ६ जनशिक्षा केंद्र के द्वारा कक्षा आठवीं और कक्षा पांचवी की उत्तर पुस्तिका जनपद शिक्षा केंद्र में जमा करवाई जा रही है। इसमें वारासिवनी विकासखंड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन दूसरे विकासखंड में किया जाएगा। जिसके लिए शासन के निर्देश का इंतजार जनपद शिक्षा केंद्र कर रहा है। विदित हो कि ६ मार्च से कक्षा आठवीं और कक्षा पांचवी की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ की गई थी । जिसमें कक्षा पांचवी की १२ मार्च को और कक्षा आठवीं की १४ मार्च को परीक्षा संपन्न हुई। इस दौरान समस्त उत्तर पुस्तिकाएं जन शिक्षा केंद्र में एकत्रित की गई थी । जिसे सॉर्टिंग के लिए परीक्षा संपन्न होने के उपरांत बीआरसी में जमा किया जा रहा है।

कुल दर्ज विद्यार्थियों में बनी हुई है भिन्नता

कक्षा पांचवी और कक्षा आठवीं की वार्षिक परीक्षा ६ मार्च से प्रारंभ की गई। जिसमें कक्षा पांचवी में २६८१ और कक्षा आठवीं में २७७५ कुल दर्ज छात्र छात्राएं है। परंतु कक्षा पांचवी की दो ,तीन भाषा में २६६६ परीक्षार्थी और कक्षा आठवीं की भाषा तीन और पांच में २७६५ परीक्षार्थी कुल दर्ज दर्शाया गया है। इसमें कुल दर्ज की भिन्नता का कारण बताया जा रहा है । कि कक्षा पांचवी और आठवीं में दर्ज बालक बालिकाओं में विभिन्न प्रकार के दिव्यांग छात्र,छात्राएं भी अध्यनरत है। जिन्हें कुछ विषय में विशेष दिव्यांग परीक्षार्थियों को उपस्थित होने की अनिवार्यता नहीं है । जिसमें उन्हें छूट दी गई है कि वह अंग्रेजी ,हिंदी जिस माध्यम में शिक्षा अध्ययन कर रहे हैं। उसी अनुसार अंग्रेजी ,संस्कृत और हिंदी के किन्ही दो विषय में उपस्थित नहीं होंगे। इस कारण से कक्षा पांचवी के पेपर दो और तीन कक्षा आठवीं के पेपर तीन और पांच में कुल दर्ज संख्या में भिन्नता बनी हुई है।

१९ परीक्षा केंद्रों में आयोजित हुई थी परीक्षा

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देश अनुसार वारासिवनी विकासखंड के ६ जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत १९ हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जहां पर कक्षा पांचवी और कक्षा आठवीं के छात्र छात्राओं के द्वारा अपने अपने विषय का पेपर हल किया गया। जिसमें कक्षा पांचवी के चार विषय एवं कक्षा आठवीं के ६ विषय की परीक्षा छात्र छात्राओं के द्वारा उपस्थित होकर दी गई।

मूल्यांकन के लिए आदेश का कर रहे इंतजार

जनपद शिक्षा केंद्र वारासिवनी के द्वारा मूल्यांकन कार्य को लेकर समस्त प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जहां पर उत्तर पुस्तिकाओं की विषय माध्यम एवं कक्षा वार सॉर्टिंग का कार्य किया जा रहा है। वहीं विषय वार शिक्षकों की विकासखंड स्तर की सूची तैयार कर ली गई है। इसमें आगामी निर्देश मिलते ही शिक्षकों की सूची को ऑनलाइन कर दिया जायेगा। वहीं उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल संबंधित ब्लॉक को भेज दियें जायेंगे।

मूल्यांकन की तैयारी करने का कार्य किया जा रहा है-सत्येन्द्र शरणागत

बीआरसी सत्येंद्र शरणागत ने पदेश से चर्चा में बताया कि कक्षा पांचवी और आठवीं की परीक्षा ६ मार्च से प्रारंभ हुई थी। जिसमें १४ मार्च को संपन्न हो गई जिसमें मूल्यांकन की तैयारी करने का कार्य वर्तमान में किया जा रहा है। जिसमें उत्तर पुस्तिका जन शिक्षा केंद्र में रखी गई थी उसे बुलाकर सॉर्टिंग की जा रही है। इस मूल्यांकन कार्य के लिए विकासखंड बदलेगा जिसमें हमें जहां का मूल्यांकन मिलेगा वह हम करेंगे । और हमारे यहां का मूल्यांकन कोई और विकासखंड करेगा इसके निर्देश प्राप्त होते ही मूल्यांकन कार्य प्रारंभ किया जायेगा। उत्तर पुस्तिका के बंडल तैयार कर लिए गए हैं ,और विकासखंड के शिक्षकों की विषय वार सूची भी तैयार कर ली गई है । जिसे ऑनलाइन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेजा जाएगा । जहां से आदेश के साथ शिक्षक भी वहीं डिसाइड करेंगे संभवत शनिवार से यह कार्य होना था परंतु अब जैसे आदेश मिले।



विधायक पटेल ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक : किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली देने दिए निर्देश

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र में बिजली गुल होने की समस्या लगातार बनी हुई हैं । जिससे दिनों दिन तेज होती गर्मी से बिजली के अभाव में लोग परेशान हो रहे हैं । वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में भी घण्टो बिजली गुल होने की समस्या से ग्रामीणजनों सहित किसान वर्ग भी परेशान हैं। बिजली के लगातार गोल होने की प्रवर्ती के चलते किसान अपनी रबी की फसल में सिंचाई नही कर पा रहे हैं । जिससे किसानों को सिंचाई के अभाव में फसल खराब होने की चिंता सता रही हैं। ऐसे में विधायक विवेक पटेल ने किसानों और लोंगो को बिजली की वजह से हो रही परेशानियों को देखते हुए शनिवार को विद्युत कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में लगातार बिजली कटौती और उससे नागरिकों और किसानों को हो रही परेशानियो पर चर्चा कर अधिकारियों से क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती के सम्बंध में पूरी जानकारी लेकर बिजली आपूर्ति में हो रही दिक्कतों को शीघ्र दूर कर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिना किसी व्यवधान के लगातार बिजली आपूर्ति करने का फरमान सुनाया। ताकि गर्मी के मौसम में ना ही विधानसभा क्षेत्र के लोग परेशान हो नाही किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए परेशानी ना उठानी पड़े। विधायक विवेक पटेल ने कहा कि गर्मी का दौर चालू हो गया हैं ,जंगलों में पानी और हिंसक पशुओं को भोजन की कमी के चलते अब ये हिंसक पशु गाँव की ओर आ रहे हैं। किसानों को रात्रि में सिंचाई के लिए बिजली देने से किसानों में इन हिंसक पशुओं का डर बना हुआ हैं । जिससे

वे रात्रि समय में फसलों की सिंचाई करने नही जा पा रहे ।अत: इन किसानों को दिन में पर्याप्त बिजली प्रदान की जाए ,ताकि किसान फसलों की पर्याप्त सिंचाई कर भरपूर फसल ले सकें। श्री पटेल ने कहा की सार्वजनी सहित आस पास के ग्रामों के किसानों से लगातार शिकायत मिल रही थी । कि उन्हें दिन के समय विभाग के द्वारा पर्याप्त बिजली की आपूर्ति नही की जा रही हैं ,साथ ही उनके क्षेत्र में बीते माह भर से हिंसक वन्यप्राणी बाघ की चहल पहल बड़ गई हैं। जिससे किसान वर्ग रात्रि में खेतों में सिंचाई के लिए नही जा पा रहे हैं जिससे उनकी फसलों पर विपरीत प्रभाव पड रहा। अत: इस ओर के ग्रामों में दिन के समय कतई भी विद्युत आपूर्ति बाधित ना कि जाए ताकि किसान दिन में अपनी फसलों की पर्याप्त सिंचाई कर सके। वहीं अधिक्षण अभियंता दीपक उइके ने विधायक पटेल को अवगत कराया की रेल्वे लाइन से जो बिजली क्रास हो रही है । उस केबल में बार बार खराब होने से परेशानी आ रही है। खैरलाँजी और डोंगरमाली क्षेत्र में बिजली का लोड बढ़ने के कारण उन स्थानों पर नए ट्रांसफार्मर लगाए जा रहें है । श्री उईके ने कहा कि हमें सही समय पर कम्पनी के द्वारा सामान नही मिल पा रहा है जिससे विद्युत सुधार कार्य करने में परेशानी उठानी पड़ रही। इसी वजह से उपभोक्ताओं को विद्युत की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है। जिस पर विधायक पटेल ने अधिकारियों को आश्वस्त किया कि वें तत्काल कंपनी के अधिकारियों के समक्ष इस समस्या को रखकर इसका निराकरण करवाएंगे । ताकि उपकरणों की कमी से उत्पन्न होने वाली बिजली गुल की समस्या से क्षेत्र के लोंगो को मुक्ति मिल सके। इस बैठक में अधीक्षण यंत्री दीपक उइके, सहायक यंत्री मुकेश जाधव,राजीव रंजन,कनिष्ठ यंत्री ए के पटले, राहुल तूरकर, सुशील मर्सकोले, मनोज ठाकरे,मयूर बिसेन,प्रमोद पावले उपस्थित रहे।

उल्लास नवभारत साक्षर परीक्षा का आयोजन आज

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। जनपद शिक्षा केंद्र वारासिवनी अंतर्गत १७ मार्च को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान की परख हेतु मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया है। जिसको लेकर जनपद शिक्षा केंद्र वारासिवनी अंतर्गत संपूर्ण तैयारी कर ली गई है । यह परीक्षा के आयोजन को लेकर विकासखंड अंतर्गत १३६ परीक्षा केंद्र का निर्माण किया गया है। जहां पर पेपलस प्रकाश एवं समुचित व्यवस्था की गई है ,यह परीक्षा १० मार्च की सुबह १० बजे से प्रारंभ की जाएगी। जिसमें वारासिवनी विकासखंड को जिले के द्वारा १३८० असाक्षरों को मूल्यांकन में शामिल करने का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें संबंधित परीक्षा केंद्र में आवश्यक परीक्षा सामग्री जैसे उत्तर पुस्तिका ,प्रश्न पत्र ,पंजीयन प्रपत्र पहुंचा दिए गए हैं। उक्त संबंध में बीआरसी सत्येंद्र शरणागत ने बताया कि मध्य प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने के लिए शासन के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में १५ वर्ष या उससे अधिक आयु के ऐसे व्यक्ति इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं । जिन्होंने औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं की है उनकी उम्र निकाली गई है। जिसके लिए संपूर्ण मध्य प्रदेश में मिशन मोड़ पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करवाए जा रहे हैं। वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत १३६ परीक्षा केंद्रों में १३८० असाक्षरों को साक्षरता परीक्षा में शामिल करने का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें वह अपनी सुविधा अनुसार समय निकालकर प्रात: १० बजे से शाम ५ बजे तक समीप के परीक्षा केंद्र में उपस्थित होकर परीक्षा में शामिल होंगे। इसमें शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं समस्त जनप्रतिनिधि कर्मचारियों सहित गणमान्य नागरिकों से सहयोग देने की अपील जनपद शिक्षा केंद्र वारासिवनी के द्वारा की गई है।

खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

घर वापसीः टीडीपी का एनडीए में लौटना

एक विमुख सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) और नयी दिल्ली में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के पूर्व संयोजक व आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू का दोबारा स्वागत करने के साथ, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आंध्र प्रदेश में एक बड़ी रणनीतिक जीत हासिल की। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में मात्र 0.84 फीसदी मत पाने वाली भाजपा राज्य में किसी गिनती में नहीं थी। उसे एक ऐसी पार्टी के रूप में देखा गया जो विशेष श्रेणी का दर्जा (एससीएस) और पांच साल बढ़ाने के वादे से मुकर गयी। हालांकि कई लोगों ने 2019 के चुनाव से चंद महीने पहले टीडीपी के एनडीए से बाहर निकलने को देर से उठाया गया अपर्याप्त कदम माना, लेकिन राज्य के साथ 'विश्वासघात' के लिए गठबंधन के खिलाफ व्यापक असंतोष को देखते हुए, टीडीपी ने अपने बूते लड़ने के बावजूद 40 फीसदी मत हासिल किये, अलबत्ता विधानसभा की 175 में से 23 सीटों पर ही उसे जीत मिली। अभिनेता से राजनेता बने पवन कल्याण की जन सेना पार्टी (जेएसपी) ने छह फीसदी मत प्राप्त किये और एक सीट जीती, लेकिन भाजपा 175 में से 173 सीटों पर अपने बूते लड़ी और खाली हाथ रही। पांच-कोणीय मुकाबले ने युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी), और उसके नेता वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी को शानदार 50 फीसदी मत और विधानसभा में 151 सीटों का प्रचंड बहुमत हासिल करने में कामयाब बनाया।

हालांकि जगन मोहन रेड्डी की छोटी बहन वाई.एस. शर्मिला के वाईएसआरसीपी से बाहर निकलने से कांग्रेस को एक संजीवनी मिली है और यह मुख्यमंत्री की दुखती रग बन गया है, लेकिन टीडीपी अब भी मुख्य विपक्ष है। आंध्र प्रदेश राज्य कौशल विकास निगम मामले में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर, 9 सितंबर, 2023 को आंध्र प्रदेश सीआईडी (अपराध अनुसंधान विभाग) द्वारा नायडू की तड़के हुई गिरफ्तारी ने इस 73-वर्षीय नेता और तीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री को राज्य के लोगों की काफी हमदर्दी दिलायी है। यह देखा जाना बाकी है कि क्या जगन-विरोधी मत कांग्रेस-नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) और एनडीए में बंटते हैं, जो संभवतः वाईएसआरसीपी को जीत दिलायेगा, या फिर क्या सतारूढ़ दल के मत आधार (अल्पसंख्यक, दलित और पिछड़ी जातियां, जो शर्मिला को वाईएसआर की विरासत के धारक के रूप में देख सकते हैं) में बड़ा खिसकाव आ सकता है और त्रिकोणीय मुकाबले में इससे टीडीपी को लाभ मिल सकता है।

भाजपा को भारी पड़ सकता है अपने दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के टिकट काटना!

भाजपा ने उत्तराखंड में हरिद्वार से मौजूदा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक व गढ़वाल से मौजूदा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत का टिकट काटकर सबको हैरत में डाल दिया है।निशंक की जगह पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत जो हरिद्वार क्षेत्र में कभी सक्रिय नही रहे ,को टिकट देना भाजपा को भारी पड़ सकता है।हालांकि हरिद्वार सीट पर कांग्रेस ने अभी अपने पत्ते नही खोले है,लेकिन यदि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत या फिर जैसा कि चर्चा चल रही है निर्दलीय खानपुर विधायक उमेश कुमार कांग्रेस में शामिल होकर चुनाव लड़ते है तो दोनो ही स्तिथियों में भाजपा के लिए कड़ी टक्कर होगी जहां तक गढ़वाल सीट का सवाल है वहां भी कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल और भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के बीच इस कदर कांटे की टक्कर रहेगी कि हार जीत के दावे करना मुश्किल है।कांग्रेस ने अल्मोड़ा सीट पर एक बार फिर भाजपा के अजय टम्टा के सामने प्रदीप टम्टा पर दांव खेला है। भाजपा ने अपने सीटिंग सांसद अजय टम्टा को उम्मीदवार बनाया है, वहीं सन 2019 में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे प्रदीप टम्टा को एक बार फिर अपना प्रत्याशी बनाया गया है। प्रदीप टम्टा राज्य बनने के बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में 2002 से सोमेश्वर सीट से विधायक भी रहे है,साथ ही वे अल्मोड़ा से 15वी लोकसभा के कांग्रेस सांसद रहे है, इसके बाद सन 2016 में उन्हें कांग्रेस ने राज्यसभा भेजा था।

पौड़ी सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार गणेश गोदियाल जो कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे है,को अपना प्रत्याशी बनाया है। गणेश गोदियाल सन 2002 में कांग्रेस के टिकट पर थली सैंड से और सन 2012 में श्रीनगर सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर विधानसभा पहुंचे थे। इसके साथ-साथ पार्टी हाईकमान ने गणेश गोदियाल को जुलाई 2021 से अप्रैल 2022 तक प्रदेश कांग्रेस के मुखिया की जिम्मेदारी भी दी थी। इसीलिए भाजपा ने पौड़ी सीट पर राज्यसभा सांसद व पार्टी प्रवक्ता रहे अनिल बलूनी को उनके सामने चुनाव मैदान में उतारा हैं।

गढ़वाल से पूर्व विधायक जोत सिंह गुंसोला कांग्रेस के उम्मीदवार है, जहां भाजपा ने अपनी सीटिंग सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह पर एक बार फिर भरोसा जताया है । कांग्रेस ने जोत सिंह गुंसोला को टिकट देकर उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा का ईनाम दिया है। जोत सिंह गुंसोला वर्ष1988 और वर्ष 1997 दो बार मसूरी पालिका परिषद के

चेयरमैन रहे है, वहीं कांग्रेस की तरफ से 2002 से 2012 तक दो बार मसूरी विधानसभा से विधायक भी रहे है। गुंसोला वर्तमान में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष पद पर विराजमान है।उत्तराखंड में हर बार की तरह इस बार भी बीजेपी और कांग्रेस के बीच ही कड़ी चुनावी टक्कर देखने को मिलेगी।दोनों पार्टियां राज्य की जनता को लुभाने में जुटी हुई हैं। बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए की सत्तारूढ़ सरकार ने 2014 और 2019 दोनों मेगा चुनावों में सभी 5 लोकसभा सीटें जीतीं थी। बीजेपी लगातार दावा कर रही है कि राज्य की जनता को उनकी पार्टी पर पूरा भरोसा है।वही कांग्रेस ने राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में वापसी की दिशा में कई छोटे कदम उठाए, जिसने 18वीं लोकसभा चुनावों में उत्तराखंड को राष्ट्रीय दलों के लिए परीक्षण का मैदान बना दिया है। बीजेपी अभी भी राज्य और केंद्र दोनों में मजबूत स्थिति का दावा कर रही है।उत्तराखंड राज्य में आम चुनाव की चुनाव अवधि पहली तिमाही की होती हैं। हर बार की तरह देखा जाए तो उत्तराखंड के लिए लोकसभा चुनाव कार्यक्रम अप्रैल के महीने में मिल सकता है।छोटा राज्य होने के कारण उत्तराखंड के खाते में बहुत कम संख्या में लोकसभा सीटें हैं, इसलिए राज्य में आम चुनाव एक ही चरण में कराए जाते हैं।2024 के लोकसभा चुनाव में भी एक बार में ही चुनाव कराने का परिदृश्य होगा,उत्तराखंड एक ही चरण में मतदान कराने के लिए पूरी तरह तैयार भी है।

उत्तराखंड में लोकसभा की पांच सीटो में से एक सीट अनुसूचित जाति के लिए अल्मोड़ा आरक्षित है। बीजेपी ने 2014 और 2019 दोनों लोकसभा चुनावों में सभी पांच सीटें जीती थीं। कांग्रेस अपने नवगठित इंडिया गठबंधन की मदद से आगामी मेगा चुनावों में अपनी किस्मत बदलने का प्रयास करेगी,वही भाजपा फिर से पांचों सीटे जीतने का दावा कर रही है।

लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड कांग्रेस भले ही प्रदेश की पांचों लोकसभा सीट जीतने का दावा कर रही हो,लेकिन धरातल पर अभी भी नेताओं के बीच एकता का अभाव है।वही प्रदेश कांग्रेस के सक्रिय नेता चुनाव लड़ने से जहां बचते नजर आ रहे हैं वही लगातार दूसरी बार विधानसभा चुनाव बड़े अंतराल से हारने के बाद इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की साख दांव पर लगी है। ऐसे में इस चुनाव के बाद उत्तराखंड में कांग्रेस के वजूद की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। फिलहाल लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर राजनीतिक पार्टियां दमखम से तैयारी में जुटी हुई है, ताकि प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों पर काबिज हो सके।चुनावी तैयारी के बीच उत्तराखंड की राजनीति में इन दोनों उथल पुथल भी देखा जा रहा है, एक तरफ भाजपा ने पांचों लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। दूसरी तरफ कांग्रेस के मनीष खंडूड़ी, शैलेंद्र रावत और अशोक वर्मा जैसे कई दिग्गज नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं। कांग्रेस अभी भी हरिद्वार व गढ़वाल लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान नहीं कर पाई है। कांग्रेस आलाकमान को प्रत्याशियों के चयन में काफी समय लगना कांग्रेसियों की बेचैनी बढ़ा रहा है।नेताओं द्वारा चुनाव न लड़ने की इच्छा जाहिर करने की एक वजह चुनाव का मंहगा होना भी है। मौजूदा समय में एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने के लिए लगभग 15 करोड़ रुपए की जरूरत पड़ती है, साथ ही प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को भी एक चुनौती के रूप में देखा जा रहा है।वही भाजपा के पास चुनाव लड़ने के लिए पैसे की कमी नहीं है। भाजपा के प्रत्याशी आर्थिक रूप से इतने समर्थ हो गए हैं कि वो अपने बलबूते चुनाव लड़ सकते हैं। सीटिंग पार्टी को आसानी से चुनाव लड़ने के लिए चंदा भी मिल जाता है, जबकि विपक्षी पार्टियों को चुनाव लड़ने के लिए चंदा एकत्र करने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।राजनीतिक समीकरणों के सवाल पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा अपनी फिक्र करें,कांग्रेस की फिक्र न करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुक्त भारत बनाते-बनाते भाजपा ने खुद को कांग्रेस युक्त भाजपा बना लिया है, वर्तमान समय में आज 9 में से 5 कैबिनेट मंत्री कांग्रेस पृष्ठभूमि से हैं, ऐसे में भाजपा किसी को कांग्रेस से आयात करके मुख्यमंत्री भी बना दे, जो ज्यादा बेहतर होगा।जिसका प्रतिकूल प्रभाव भाजपा के इस लोकसभा चुनाव पर पड़ेगा,क्योंकि दलबदलुओं के कारण निष्ठवान भाजपाई भी उपेक्षित है।

डॉ श्रीगोपाल नारसन
(लेखक राजनीतिक समीक्षक वरिष्ठ पत्रकार है

श्रीराम के जीवन से प्राप्त होने वाली शिक्षाएँ

श्रीराम मर्यादापुरुषोत्तम हैं। जन्म से लेकर परमधाम जाने तक हर क्षण वे मर्यादा में रहे। बड़ी से बड़ी कठिन परिस्थिति में वे विचलित नहीं हुए। कभी भी श्रीराम को क्रोधित होते नहीं देखा। कैसी भी परिस्थिति हो, कितनी भी बड़ी समस्या हो, उन्होंने उसका सामना धैर्यपूर्वक किया। वे सर्वदा गरिमामय वातावरण निर्मित कर हर समस्या का निदान सूझबूझ से करते थे। किसी पर भी दोषारोपण करके उसे दंडित नहीं करते थे। उनके जीवन की प्रत्येक अवस्था पर हम दृष्टिपात करें तो उनके सम्पूर्ण चरित्र से कोई न कोई शिक्षा प्राप्त होती है-

बाल्यावस्था- बाल्यावस्था में वे अपने तीनों भाई भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के साथ स्नेहपूर्ण व्यवहार करते थे। चारों भाई साथ-साथ भोजन करते थे। सभी अपने सखाओं के साथ खेलने जाते थे। सभी आखेट का खेल खेलते थे। सभी छोटे भाइयों की ओर उनका ध्यान रहता था। भरतजी श्रीराम के बाल्यावस्था के व्यवहार के विषय में कहते हैं-

सिसुपन तें परिहरेउँ न संगू। कबहुँ न कीन्ह मोर मन भंगू।।
मैं प्रभु कृपा रीति जियँ जोही। हारेहुँ खेल जितावहि मोही।।
(श्रीरामचरितमानस अयोध्याकाण्ड दोहा 259/4)

भाव यह है कि भरतजी ने शैशवावस्था से साथ नहीं छोड़ा। रामजी ने भी मेरे (भरतजी के) मन को नहीं तोड़ा। मैंने प्रभु की मुझ पर कृपा की रीति को हृदय में भली भाँति देखा है। मेरे हारने पर भी खेल में मुझे जिता देते थे।

माता-पिता तथा गुरु की आज्ञा का पालन करते थे। सुबह उठकर-प्रातकाल उठि के रघुनाथा। मातु पिता गुरु नावहिं माथा।
आयसु मागि करहिं पुर काजा। देखि चरित हरषइ मन राजा।।
(श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड दोहा 204/4)

पितृभक्ति = श्रीराम की पितृभक्ति अनुकरणीय है। माता कैकेयी उन्हें जब यह बतलाती है कि पिताजी ने तुम्हें चौदह वर्ष वन जाने की आज्ञा दी है तो श्रीराम उसे सहज ही स्वीकार कर लेते हैं। वे कहते हैं कि-

सुनि जननी सोई सुतु बड़भागी।
जो पितु मातु बचन अनुरागी।।
तनय मातु पितु तोषनिहारा।
दुर्लभ जननि सकल संसारा।।
(श्रीरामचरितमानस अयोध्याकाण्ड 41/4)

भाव यह है कि हे माता! वही पुत्र भाग्यवान है जो माता-पिता के वचनों का पालन करता है। आज्ञा पालन के द्वारा माता-पिता को सन्तुष्ट करने वाला पुत्र, हे जननि! सारे संसार में दुर्लभ है।

श्रीराम की मातृभक्ति = शैशवावस्था में बालक माता के सम्पर्क में सर्वाधिक रहता है। माता से ही उसे उत्तम संस्कार प्राप्त होते हैं। श्रीराम अपनी माता को अत्यधिक सम्मान देते हैं, किन्तु साथ ही साथ कैकेयी का भी सम्मान करते हैं। माता कौसल्या श्रीराम से कहती है कि पिता से माता की आज्ञा बड़ी है अतः हे राम! तुम वन में मत जाओ-

जौ केवल पितु आयसु ताता। तौ जनि जाहु जानि बड़ी माता।।
(श्रीरामचरितमानस अयोध्याकाण्ड 56/1)

जब श्रीराम ने कैकेयी की आज्ञा माता कौसल्या को सुनाई तो एक आदर्श माता के रूप में वे मौन हो गईं। वे श्रीराम को कहती हैं कि वन के देवता तुम्हारे पिता होंगे और वनदेवियों को तुम माता स्वरूप मानना। वन के पशुपक्षी तुम्हारे सेवक होंगे। जब श्रीराम के वन गमन के पश्चात सभी जन भरतजी के साथ चित्रकूट में श्रीराम लक्ष्मण तथा सीताजी से भेंट करने जाते हैं तो वहाँ कैकेयी के पश्चाताप को देखिये-

लखि सिय सहित सरल दोउ भाईं। कुटिल रानि पछितानि अघाईं।।
अवनि जमहि जाचति कैकेई। महि बीच बिधि मीचु न देई।।
(श्रीरामचरितमानस अयोध्याकाण्ड 252/3)

भाव यह है कि कुटिल कैकेयी श्रीराम लक्ष्मण का सहज सरल व्यवहार देखकर पश्चात्ताप कर रही है। वह यमराज से प्रार्थना करती है कि उसे पृथ्वी फटकर स्थान दे दें।

गुरुकुल गमन = श्रीराम राजा दशरथ को अत्यधिक प्रिय थे। गुरु विश्वामित्र उन्हें गुरुकुल में शिक्षा देने के लिए अयोध्या पधारे। इस समाचार से राजा दशरथ अत्यधिक दुःखी होते हैं। वे श्रीराम से क्षण भर भी अलग होना नहीं चाहते हैं। वे गुरु विश्वामित्र से कहते हैं-

सब सुत प्रिय मोहि प्रान की नाईं। राम देत नहीं बनई गोसाईं।।
कहँ निसिचर अति घोर कठोरा। कहँ सुन्दर सुत परम किशोरा।।
(श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड दोहा 207/3)

वन में श्रीराम लक्ष्मण ने बड़ी श्रद्धा के साथ गुरुजनों की राक्षसों से रक्षा की और उनकी तपस्या, यज्ञ, पूजन में विघ्न उपस्थित नहीं होने दिया।

दशरथजी ने मृत्यु के समय भी श्रीराम को स्मरण किया-
राम राम कहि राम कहि राम राम कहि राम।
तनु परिहरि रघुबर बिरहँ राउ गयउ सुरधाम।।
(श्रीरामचरितमानस अयोध्याकाण्ड दोहा 155)

गुरु विश्वामित्र के आश्रम में रहते हुए श्रीराम तथा लक्ष्मण ने शीघ्र ही विद्या प्राप्त कर ली-

गुरु गृह गये पढन रघुराई। अल्पकाल सब विद्या आई।।
(श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड दोहा 203/2)

यह पंक्ति दर्शाती है कि सावधानीपूर्वक, मन लगाकर तल्लीन होकर शिक्षा प्राप्त की जाए, तो शीघ्र ही सफलतापूर्वक विद्या प्राप्त की जा सकती है।

जनकपुर गमन = जनकपुर में धनुष यज्ञ की सूचना गुरु विश्वामित्र को प्राप्त हुई। वहाँ जनक पुत्री सीताजी का स्वयंवर का आयोजन किया गया था। गुरुजी श्रीराम लक्ष्मण को लेकर जनकपुर गए। दोनों भाइयों ने जनकपुर की छटा देखी। वे दोनों अत्यधिक प्रभावित हुए। रात्रि में दोनों भाइयों ने गुरु के पैर दबाए और उनकी आज्ञा से शयन करने गए। प्रातःकाल जल्दी उठकर, नित्यक कर्म करने के पश्चात् गुरु की आज्ञा लेकर जनकपुर की पुष्पवाटिका देखने गए। वहाँ सीताजी भी अपनी सखियों के साथ गौरी पूजन करने आई थी। यहाँ भी रामजी मर्यादित रहे। गुरु के साथ धनुष यज्ञ में सम्मिलित हुए। गुरु के कहने पर धनुष संधान किया और उसे भंग कर दिया। सीता स्वयंवर सम्पन्न हुआ और सीताजी ने श्रीराम को वरमाला पहना दी।

जनकपुर में धनुष भंग की सूचना परशुरामजी को लगी तो वे क्रोधित होकर जनकपुर आ गए। इतनी कठिन परिस्थिति में भी श्रीराम विचलित नहीं हुए। परशुरामजी के क्रोध की पराकाष्ठा हो गई पर वे शान्त भाव से उन्हें श्रवण करते रहे। वे श्रीपरशुरामजी से कहने लगे-

बरनै बालकु एकु सुभाऊ। इन्हहि न संत विदूषहिं काऊ।।
तेहिं नाही कछु काज बिगारा। अपराधी मैं नाथ तुम्हारा।।

-डॉ. शारदा मेहता

चुनावों का शंखनाद और आत्मा का आर्त्तनाद...

शीर्षक पढ़कर चौंकिए मत। आज देश में नए आम चुनावों के लिए शंखनाद होने से पहले ही देश के सबसे ज्यादा आत्ममुग्ध प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी का आत्मीय आर्तनाद भी इस देश के लोगों ने सुना। देश के सामने हालाँकि उन्हें अपनी कथित उपलब्धियों के आधार पर सिंघनाद करना चाहिए था लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाये । वे मेघनाद जरूर करते आये है । वे जब-जब गरजे तब-तब देश ने एक नयी मुसीबत का सामना किया। लेकिन ये अतीत की बात है।

देश में आम चुनाव करने के लिए जिम्मेदार केंद्रीय चुनाव आयोग को पहले ही केंचुआ बना चुकी हमारी जाती हुई सरकार ने चुनावों की घोषणा के ठीक एक दिन पहले केंचुआ को दो चुनाव आयुक्त दिए है। इनका चयन करने वाली समिति में सरकार का ही बहुमत था । इस समिति में पहले देश के मुख्य न्यायाधीश भी हुआ करते थे ,किन्तु उनके ऊपर सरकार को यकीन नहीं था इसलिए उन्हें चयन समिति से बाहर कर दिया गया। लोकतंत्र को एकतंत्र में बदलने की ये एक छोटी सी कोशिश है ,लेकिन इसे देश की जनता जब समझे तब है। बहरहाल जब आप ये आलेख पढ़ रहे होंगे तब आपके सामने नयी लोकसभा के चुनावों का विस्तृत कार्यक्रम आ चुका होगा। देश में एक आदर्श आचार संहिता [?] लागू हो चुकी होगी। इस संहिता पर प्रश्न चिन्ह इसलिए लगाया की उसका शीलभंग हमेशा से होता आया है और आगे भी होगा ही।

बहरहाल अब गेंद जनता जिसे सम्मान के साथ जनार्दन भी कहा जाता है के पाले में आ गयी है ,लेकिन खेल के नियम उसके अपने नहीं हैं। खेल तो राजनीतिक दलों के बीच ही खेला जाएगा। वैसे इस खेल के पहले ही जो खेला होना था सो हो गया। जाती हुई सरकार को चलने वाली राजनीतिक पार्टी की आती में इस समय अस्वैधानिक घोषित किये जा चुके इलेक्टोरल बांड से नंबर एक में कमाया गया 60 अरब रुपया है। देश की सबसे बड़ी अदालत ने इस अवैध तरिके से कमाए गए धन को अभी तक जब्त करने का आदेश नहीं दिया है। इस धनबल के बूते कोई भी राजनीतिक दल किसी भी आम चुनाव को उसी तरह जीत सकता है जैसे एक पके आम को चूसा जा सकता है। चुनाव में धनबल,बाहुबल और छलबल चलता है। ये तीनों संयोग से आज की सत्ता के हाथों में अकूत है ,सत्तारूढ़ दल के सामने समूचा विपक्ष विपक्ष है ,लेकिन इतना भी विपक्ष नहीं की मैदान छोड़कर भाग जाये।

देश की सियासत बहुचर्चित गुजरात मॉडल से होती हुई अब पुतिन मॉडल की और अग्रसर है । इसे देश का कोई कानून फिलहाल नहीं रोक सकता,किन्तु आम जनता के हाथों में अब भी मताधिकार का अमोघ अस्त्र बचा हुआ है । अब ये जनता पर है कि वो देश के मुकुट मणि को खंडित करने वालों को 370 सीटें देकर जिताये या 400 सीटें देकर देश को एक नया मोदी नहीं बल्कि पुतिन दे। ये देश गांधी के रास्ते पर चलने वाला देश है । इस देश में परिवारवाद की जड़ें गहरी हैं ,इन्हीं जड़ों में से अब मोदी परिवार ने जन्म लिया है। इस परिवार के मुखिया वैसे रणछोड़ है। उन्होंने अपने परिवार का त्याग किया। उनकी साधना अब इतनी घनीभूत हो गयी है कि वे उन्हें अपने परिवार में शामिल करने वाले संघ परिवार से भी बड़े हो गए हैं। वे 1975 की इंदिरा इज इंडिया की तर्ज पर मोदी इज इंडिया बन चुके हैं।

देश की जनता अंधभक्त कही जाती है किन्तु वास्तव में है नहीं। ये वो जनता है जिसने दुर्गा बना दी गयी इंदिरा गाँधी को भारत का पर्याय बनने के भ्रम को तोड़ दिया था। इस जनता से उम्मीद की जा सकती है कि वो भारत का पर्याय बनने के इस दूसरे भ्रम को भी तोड़ सकती है। जनता अगर ऐसा नहीं करती तो उसे आने वाले दिनों में सिवाय छल-प्रपंच के कुछ हासिल होने वाला नहीं है। जनता को देखना और समझना होगा कि आज दुनिया की सबसे बड़ी चन्दाखोर पार्टी की अंटी में जो पैसा है वो जनता की अंटी का है । ये पैसा स्वेच्छाअनुदान नहीं बल्कि चौथ वसूली का पैसा है। ये पैसा दानदाताओं की गर्दन पर ईडी और सीबीआई की तलवार रखकर वसूल किया गया है। जनता के हिस्से में तो दो रूपये का एक टुकड़ा आया है जबकि उसकी जेब से एक दशक में 35 से 40 रूपये अकेले पेट्रोल -डीजल के दाम बढ़कर निकाल लिए गए है।

बहरहाल अब चुनावी शंखनाद के बाद मेघनाद के आर्तनाद पर आते है। हमारे इस दशक के हीरो और आज की रामलीला के मेघनाद ने चुनावों की घोषणा से ठीक एक दिन पहले देश की जनता के नाम एक भावुक पत्र लिखकर कहा है कि देश की जनता जीएसटी लागू करने , धारा 370 समाप्त करने , तीन तलाक पर नया कानून, और संसद में महिलाओं के लिए नारी शक्ति बंदन अधिनियम बनाने के साथ ही नये संसद भवन का निर्माण, आतंकवाद और नक्सलवाद पर कठोर प्रहार जैसे अनेक ऐतिहासिक और बड़े फैसले लेने वाली सरकार को दोबारा चुने।

इस दशक के पहले और आखरी आर्तनाद में कहा गया है कि – विकास और विरासत को साथ लेकर आगे बढ़ते भारत ने बीते एक दशक में जहां बुनियादी ढांचों का अभूतपूर्व निर्माण देखा, तो वहीं हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और राष्ट्रीय धरोहरों के पुनरुत्थान का साक्षी बनने का गौरव भी प्राप्त हुआ। अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपरा को सहेजकर आगे बढ़ते देश पर आज हर देशवासी को गर्व है। निश्चित ही देश ने ये क्षण देखें हैं लेकिन इस देश ने जलता हुआ मणिपुर भी देखा है । सिसकता हुआ जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भी देखा है । पुलिस की गोली से मरते हुए 700 से ज्यादा किसान भी देखे है। धनबल से बनती बिगड़ती सरकारें भी देखीं है। 77 सालों में सबसे ज्यादा हुआ दल-बदल और ऑपरेशन लोट्स भी देखा है। सड़कों पर बिलखती महिला पहलवान भी देखीं हैं। बिना रोजगार के सरकारी खजाने से मुफ्त का अन्न खाने पर मजबूर 80 करोड़ बेबस लोग भी देखे हैं।

कायदे से फैसला इन्हीं दो तस्वीरों के आधार पर किया जाना है। शर्त यही है कि मेरुदंड विहीन केंचुआ इस जाती हुई सरकार की कठपुतली की तरह काम न करे । जनता का काम जनता को करने दिया जाय। केंचुआ देखे कि इस समय टीवी चैनलों पर माँ से लेकर बाबा तक को मजबूत करने के फर्जी गारंटी देने वाले विज्ञापनों को रोका जाना चाहिए या नहीं ? फिलहाल हम देश में नए लोकतान्त्रिक महासमर की घोषणा का तहेदिल से स्वागत करते हैं और सभी पक्षों के प्रति अपनी शुभकामनायें प्रेषित करते हैं। हमारी शुभकामनायें किसी एक दल के लिए नहीं हैं।

- राकेश अचल

खाद्य का पहलू :
खुदरा मुद्रास्फीति के ताजा आंकड़े

खुदरा मुद्रास्फीति के ताजा आंकड़ों ने, एक बार फिर, इस तथ्य को रेखांकित किया है कि कैसे खाद्य पदार्थों की अस्थिर कीमतें न सिर्फ व्यापक मुद्रास्फीति, बल्कि आर्थिक विकास की धुरी यानी व्यक्तिगत उपभोग को भी बंधक बनाए हुए हैं। फरवरी महीने की हेडलाइन उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित रीडिंग पिछले महीने के मुकाबले जहां लगभग अपरिवर्तित रहकर 5.09 फीसदी पर टिकी रही, वहीं उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक के आधार पर गणना की गई खाद्य पदार्थों की मूल्य वृद्धि की रफ्तार 36 आधार अंक बढ़कर 8.66 फीसदी हो गई। सब्जियों की कीमतें सबसे बड़ी चिंता का सबब बनी हुई हैं। सीपीआई के खाद्य एवं पेय पदार्थ उप-समूह में तीसरी सबसे भारी खाद्य श्रेणी मानी जाने वाली सब्जियों की कीमतों में साल-दर-साल के आधार पर 30.3 फीसदी की मुद्रास्फीति दर्ज की गई है, जोकि जनवरी की रीडिंग के मुकाबले चिंताजनक रूप से 315 आधार अंक की तेजी है। और सीपीआई में खाद्य पदार्थों में सबसे बड़ा भार माने जाने वाले अनाजों की मुद्रास्फीति भी 7.6 फीसदी के उच्च स्तर पर बनी हुई है, जोकि पिछले महीने की 7.83 फीसदी की रफ्तार से थोड़ी धीमी है। सब्जियों में, आलू-प्याज-टमाटर की तिकड़ी ने इस तेजी की अगुवाई की। सब्जियों की यह तिकड़ी देश भर में सबसे अधिक खाया जाने वाला समूह है और खाद्य श्रेणी में कुल भार का एक तिहाई से ज्यादा हिस्सा रखती है। जनवरी में आलू की कीमतें जहां साल-दर-साल के आधार पर लगभग दो फीसदी की अपस्फीति से बढ़कर 12.4 फीसदी की मुद्रास्फीति पर पहुंच गईं, वहीं प्याज में 22.1 फीसदी की मुद्रास्फीति दर्ज की गई और टमाटर की कीमतों में बढ़ोतरी करीब 400 आधार अंक के इजाफे के साथ छह महीने के उच्चतम स्तर 42 फीसदी पर पहुंच गई। उपभोक्ता कार्य विभाग के दैनिक मूल्य निगरानी डैशबोर्ड पर एक नजर डालने पर इस मोर्चे पर हल्की राहत दिखाई देती है। आलू, प्याज और टमाटर की औसत खुदरा कीमतें एक साल पहले के स्तर से 14 मार्च तक क्रमशः 21.3 फीसदी, 41.4 फीसदी और 35.2 फीसदी ज्यादा हैं। साफ है कि, प्याज के निर्यात पर तीन महीने के प्रतिबंध सहित सरकार के आपूर्ति पक्ष से जुड़े उपायों का इन राजनीतिक रूप से संवेदनशील खाद्य पदार्थों की कीमतों को कम करने के लिहाज से बहुत ही कम प्रभाव पड़ा है। और इस संदर्भ में अनुमान भी बहुत ज्यादा आश्वस्त करने वाला नहीं है। बीते 7 मार्च को जारी कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2023-24 के बागवानी फसल वर्ष में प्याज का उत्पादन पिछले साल के मुकाबले 15.6 फीसदी कम हुआ है और आलू के उत्पादन में लगभग दो फीसदी की कमी का अनुमान है।

तांबे की कीमत 11 महीने के उच्चतम स्तर पर

मुंबई। चीनी स्मेल्टरों द्वारा उत्पादन में कटौती पर सहमति के बाद तांबे की कीमत 11 महीने के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। लंदन मेटल एक्सचेंज पर तीन महीने का तांबा वायदा 1.5 फीसदी बढ़ गया और अप्रैल 2023 के बाद पहली बार 9,000 डॉलर प्रति टन के स्तर को पार कर गया। न्यूयॉर्क के कॉमेक्स बाजार में मई में डिलीवरी वाले तांबे की कीमत बढ़कर 4.06 डॉलर प्रति पाउंड (8,932 प्रति टन) पर पहुंच गईं। शंघाई वायदा एक्सचेंज में तांबा दो साल के उच्चतम स्तर 70,460 युआन प्रति टन पर पहुंच गया। गौरतलब है ?कि हाल ही में चीनी तांबा स्मेल्टरों द्वारा कीमतें बढ़ाने के प्रयास में कटौती करने पर समझौता हुआ। विश्लेषकों का कहना है कि अभी तांबें की कीमतों में और बढ़ोतरी हो सकती है, ये जून 2024 तक 9,500 डॉलर प्रति पर जा सकती है।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर बढ़ा

नई दिल्ली। देश का विदेशी मुद्रा भंडार आठ मार्च को समाप्त सप्ताह में 10.47 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 636.095 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी ?किए गए आंकड़ों से यह जानकारी ?मिली। इससे एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.55 अरब डॉलर बढ़कर 625.626 अरब डॉलर हो गया था। अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था लेकिन वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपए की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया, जिससे मुद्रा भंडार प्रभावित हुआ था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक आठ मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां 8.121 अरब डॉलर बढ़कर 562.352 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लिखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 2.299 अरब डॉलर बढ़कर 50.716 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.211 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.817 अरब डॉलर हो गई।

एआई से वित्तीय संस्थानों की साइबर सुरक्षा चुनौतियां बढ़ीं- दास

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से साइबर सुरक्षा चुनौतियां कई गुना बढ़ सकती हैं। इसके साथ ही उन्होंने वित्तीय संस्थानों से ग्राहक जानकारी की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम करने के लिए कहा। दास ने हाल ही में यहां आरबीआई लोकपाल के वार्षिक सम्मेलन में कहा कि विनियमित संस्थाएं वित्तीय लेनदेन, ग्राहक संपर्क और परिचालन गतिविधियों से जुड़े आंकड़ें अपने पास रखती हैं। उन्होंने कहा ?कि आंकड़ों के इस व्यापक भंडार में डेटा विश्लेषण के जरिए ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने का एक अनूठा अवसर निहित है। दास ने कहा कि डेटा विश्लेषण की ताकत का उपयोग करके विनियमित संस्थाएं ग्राहकों की जरूरतों का अच्छी तरह से अनुमान लगा सकती हैं, मुद्दों का तुरंत समाधान कर सकती हैं और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि धोखाधड़ी वाले लेनदेन बढ़ने के साथ निगरानी प्रणालियों को मजबूत करने और संभावित धोखाधड़ी का पता लगाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। दास ने कहा कि एआई के आने के साथ साइबर सुरक्षा संबंधी चुनौतियां कई गुना बढ़ सकती हैं।

बायजू की 53 करोड़ डॉलर से ज्यादा की रकम फ्रीज

नई दिल्ली। अमेरिकी कोर्ट ने एडटेक कंपनी बायजू की पैरेंट कंपनी थिंक एंड लर्न कंपनी के 53.3 करोड़ डॉलर फ्रीज कर दिए हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि यह पैसा कहीं उपयोग न्हीं किया जा सकता। इस फैसले को कंपनी के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहे कर्जदाताओं की जीत माना जा रहा है। उनकी मांग थी कि इस पैसे का उपयोग सिर्फ उन्हें भुगतान करने के लिए किया जाना चाहिए। थिंक एंड लर्न ने कानूनी विवादों में फंसने के बाद इस 53.3 करोड़ डॉलर को कथित तौर पर मॉर्टन हेज फंड में ट्रांसफर कर दिया था। इसके बाद इसे एक अनाम ऑफ शोर ट्रस्ट में भेज दिया दिया गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक कर्जदाताओं ने मांग की थी कि टेक फर्म द्वारा इस पैसे के उपयोग को रोकने के लिए इसे कोर्ट में जमा करवा दिया जाए। कोर्ट ने बायजू के फाउंडर बायजू रविंद्रन के भाई और कंपनी के डायरेक्टर रिजू रविंद्रन को निशाना बनाते हुए कहा कि आप बताइए पैसा कहां है। जज ने कहा, मैं उनका विश्वास नहीं कर पा रहा हूं कि उन्हें पैसे की लोकेशन पता नहीं है। थिंक एंड लर्न उन्हें यह जानकारी क्यों नहीं दे रही कि पैसा कहां है। रवींद्रन के वकील ने तर्क दिया कि थिंक एंड लर्न में चल रहे संकट के लिए कर्जदाता ही जिम्मेदार हैं। यही लोग हमारे ऊपर लोन डिफॉल्ट का जरूरत से ज्यादा दबाव बना रहे थे। कंपनी डेलवेयर और न्यूयॉर्क की अदालतों में कर्जदाताओं से केस लड़ रही है।

होली से पहले एलआईसी के कर्मचारियों का वेतन 17 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। होली से पहले लाइफ इश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) ने अपने 1.10 कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, एलआईसी ने अपने कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। इंश्योरेंस कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक सरकार ने एलआईसी के 1.10 लाख से ज्यादा कर्मचारियों के वेतन में 17 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। एलआईसी के कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी पर यह मंजूरी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक कर्मचारियों के लिए इसी तरह की बढ़ोतरी को मंजूरी देने के कुछ दिनों बाद आई है। एलआईसी ने कहा कि एलआईसी कर्मचारियों के लिए वेतन वृद्धि का यह फैसला 1 अगस्त, 2022 से प्रभावी है। इसके साथ इंश्योरेंस कंपनी में 1 अप्रैल, 2010 के बाद शामिल हुए लगभग 24,000 कर्मचारियों का एनपीएस योगदान 10 फीसदी से बढ़ाकर 14 फीसदी कर दिया गया है। देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी के 30,000 से अधिक पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को एकमुश्त अनुग्रह भुगतान भी किया गया है।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है। जो जातक नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे थे, तो उन्हें किसी दूसरी नौकरी के ऑफर आ सकता है। आपको पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल नहीं करनी है, नहीं तो इसमें आपको कोई नुकसान हो सकता है। आपके विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी।

वृषभ राशि- आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में अ'छा रहने वाला है। जो जातक नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे थे, तो उन्हें किसी दूसरी नौकरी के ऑफर आ सकता है। आपको पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल नहीं करनी है, नहीं तो इसमें आपको कोई नुकसान हो सकता है। आपके विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके परिवार में किसी सदस्य को रिटायरमेंट मिलने से सरप्राइज पार्टी का आयोजन हो सकता है। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों के बॉस आज उनके कामों से प्रसन्न रहेंगे, जिस कारण उनके वेतन में भी वृद्धि हो सकती है।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपनी आय को बढ़ाने के प्रयासों में तेजी लाएंगे, जिनमें आप सफल रहेंगे। विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई लिखाई से हटकर इधर-उधर के कामों में लग सकता है, जिससे उनकी परीक्षा में समस्या होगी। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं, जिसे आप पूरी अवश्य करेंगे। जीवनसाथी के मनमाने व्यवहार के कारण आप परेशान रहेंगे।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आपका अपने पिताजी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है और आपको कोई बड़ा निवेश करने से बचना होगा। संतान को यदि आप कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरी उतरेगी। कार्यक्षेत्र में लोग आपकी बातों का पूरा मान रखेंगे और आपको किसी काम में आ रही समस्याओं को दूर करने की कोशिश करनी होगी।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर लगाम लगाने के लिए रहेगा। आप अपने खर्चों को लेकर परेशान रहेंगे और पिताजी आपसे खर्चों का लेखा-जोखा मांग सकते हैं। आपको संतान की संगति की ओर विशेष ध्यान देना होगा। यदि आपने किसी पुरानी योजना की शुरुआत की थी, तो वह गति पकड़ सकती हैं।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप धार्मिक आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे आपकी छवि और निखरेगी। यदि आप किसी योजना को लेकर लंबे समय से परेशान चल रहे थे, तो वह भी दूर होगी। आपका कोई मित्र आपसे लंबे समय बाद मेल मुलाकात करने आ सकता है।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में बॉस आपके कामों से प्रसन्न रहेंगे, जिस कारण आपको प्रमोशन मिल सकता है। सरकारी योजनाओं का आप पूरा लाभ उठाएंगे और आपको किसी काम में यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो उसके लिए अपने पिताजी से बातचीत करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने के लिए आ सकता है।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में आप अपनी सोच समझ से लाभ उठाएंगे और लोग भी आपके सहयोगी नजर आएंगे, लेकिन आपको कुछ ईर्ष्यालु लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आपको किसी काम के पूरा न होने से समस्या होगी। माताजी से आप किसी बात को लेकर बेवजह उलझ सकते हैं, जिसके बाद वह आपसे नाराज रहेंगे।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों को अपनी आय व्यय में संतुलन बनाकर चलना होगा, नहीं तो आप धन अत्यधिक खर्च करेंगे। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बड़े नेता से मिलने का मौका मिलेगा और आपकी छवि चारों ओर फैलेगी।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप बिजनेस के किसी काम को लेकर लंबी दूरी पर जा सकते हैं, जो आपके लिए नुकसानदायक रहेगी, क्योंकि वाहन की अक्समात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। आप अपने कामों को लेकर भागदौड़ अधिक करेंगे, जिसके कारण मौसम का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता हैं और आपको कोई चोट चपेट आदि की संभावना भी बनती दिख रही है।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए कुछ कमजोर रहने वाला है। बिजनेस की योजनाओं से अच्छा लाभ न मिलने से आपका मन परेशान रहेगा और आप अपनी माताजी से अपने मन की इच्छा को लेकर बातचीत कर सकते हैं। यदि आपने बिजनेस में कुछ नई योजनाओं की शुरुआत की थी, तो उनसे आपको मन मुताबिक लाभ न मिलने से आपका मन परेशान रहेगा।

शब्दजाल - 7481

जु	श	मु	म	स्ती	त	हो	प	न	र	द
र्म	क्रि	ल	ना	द	म	जा	अं	दा	ज	क
य	के	दो	हे	नि	इ	ना	न	व	टि	रु
इं	ट	स्ती	न	शा	वा	न्सा	क	ले	ज	की
प	दा	सा	भा	ने	तो	हो	न	गो	खा	त
ब	जि	त	प	ग	स	ए	व	सं	वॉ	व
द	प	न्दा	न	जी	म	ह	अ	गो	प्ला	द
क	र	क	प	क्श	प	भा	र	चो	आ	ख
र	व	त	म	रा	भी	त	ग	अ	न	अ
क	र	ल	प	र	ज	ता	रे	र	ह	द
मुं	ब	ई	से	आ	या	मे	रा	दो	स्त	न

शब्दजाल में लारा दत्ता की १० फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

भागमभाग, जुर्म, मस्ती, अंदाज, दोस्ती, आन, इन्सान, खाकी, मुंबई से आया मेरा दोस्त, जिन्दा.

शब्दजाल - 7480 का हल

ग	दि	न	ल	बे	म	ज	ब	न	र	क
र	बा	बु	ल	आ	वा	जी	द	इ	ल	ल
म	व	दे	पू	ह	जी	स्म	न	का	क	हो
म	ची	न	श	ट	ज	प	म	पा	त	न
सा	त	ई	पा	में	व	खें	न	भा	र्क	का
ला	मे	म	सु	प	गं	र	न	ई	र	बु
श	जं	र्म	मे	ता	क	सा	या	न	ज	ल
क	क	ग	ए	सं	ज	प	र	ली	न	ए
ब्रे	बो	र्न	य	त	चि	क	री	जि	प	क्स
त	रा	जु	न	ज	बा	त्र	व	न्दा	ता	प्रे
बे	बी	लो	नि	या	ल	र	न	रा	त	स

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली - 6425

1		2	■	3		■	4	■	5
	■	6			■	7			
■	8		■	9	10	■		■	
11	■	12	13	■	14		■	15	■
16		■	17	18		■	19		20
	■	21			■	■		■	
■	22		■	23		24		■	
25	■		■		■		■	26	■
27		■	■	28		■	■	29	
	■	30			■	31			■

बायें से दायें:-

१. राजेश खन्ना, स्मिता की 'दुनिया में कितना गम है' गीत वाली फिल्म-३
३. बॉबी, काजोल, मीनाषा की 'दुनिया हसीनों का' गात वाली फिल्म-२
६. अनिल, मीनाक्षी की 'सौ सवालों का जवाब' गीत वाली फिल्म-३
७. 'यूं हसरतों के दाग' गात वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
८. अनिल, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
९. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-२
१२. राजेश खन्ना को फिल्म जगत में किस नाम से जाना जाता है?-२
१४. फिल्म 'कॉफी हाउस' में नायिका कौन थी?-२
१६. 'आजकल पाँव जमी' गीत वाली विनोद मेहरा, रेखा की फिल्म-२
१७. राजेश, ऋषि, पूनम की 'रंग चला बहार चली' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'मेरा रंगदे बसंती' गीत वाली मनोज कुमार, प्रेम चोपड़ा की फिल्म-३
२१. जैकी, मनीषा की 'लड़की जो आए बाजाक में' गीत वाली फिल्म-३
२२. भारतीय सिनेमा की 'वीनस' मधुबाला की अंतिम फिल्म-२
२३. 'सर से सरक गई' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२७. अमिताभ, अमृता की 'विल यू मैरी मी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२
३०. सनी, डिम्पल की 'भूरी भूरी आँखों वाला' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिल, माधुरी की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली फिल्म-२
२. धर्मेन्द्र, नसीर, आदित्य, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३. आमिरखान, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
४. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षय, करिश्मा की फिल्म-३
५. 'बदन में चाँदनी' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'तूने बेचैन इतना ज्यादा' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जब दिल से दिल' गीत वाली दिलीप, संजीव कुमार, वैजयंती की फिल्म-३
१३. धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
१५. फिल्म 'हम है राही प्यार के' में नायिका कौन थी-२
१८. 'क्या लिखूं कैसे लिखूं' गीत वाली फिल्म-२,४
१९. फिल्म 'कश्मीर की कली' में नायिका कौन थी-३
२०. जीतेंद्र, राजेश खन्ना, नंदा की 'किस लिए मैंने' गीत वाली फिल्म-१,२
२१. 'कई सदियों से' गीत वाली शत्रुघ्न, रीना राय की फिल्म-३
२४. अनिल, माधुरी की 'खुशियों का दिन आया है' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'कोई हमदम न रहा' गीत वाली फिल्म-३
२६. सलमान, संजय, शिल्पा की 'अरे बाबा अरे बाबा' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली - 6424

बु	लं	दी	■	अं	दा	ज	■	य	श
ड्ढा	■	प	की	जा	■	मी	ना	■	ह
मि	ली	■	■	म	द	र	■	स	जा
ल	■	सू	र्या	■	डॉ	■	शा	र	दा
ग	द	र	■	ध	न	वा	न	■	■
या	■	ज	ख्मी	■	■	रि	■	जी	त
■	डि	■	■	वि	श	स	त	■	र
अ	नो	खा	अं	दा	ज	■	ला	ड़	ला
ना	■	मो	■	ई	■	जो	श	■	■
ड़ी	■	शी	बा	■	ड	र	■	जु	र्म

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 7949

■	1		2	■	3			4
5	■	■	6			■	■	
	■	7		■	8	9	■	
10	11				■	12	13	
■		■		■	14	■		■
15		16	■	17		18		19
	■	20	21	■	22		■	
	■	■	23			■	■	
24				■	25			■

बाएँ से दाएँ

1.दांपत्य संबंध विच्छेद-3
3.रहस्य का ज्ञाता-4
6.खुशबू,सुगंध-3
7.सौ,सैकड़ा,शतक-2
8.दुलारा,लाड़ला-2
10.नाम रखना-5
12.दाम,मूल्य,दर-3
15.अग्नि,आग-3
17.सम्मान देना -2,3
20.जन्नत,अप्सरा-2
22.दाम,कीमत-2
23.स्थान-3
24.अचरज भरा कार्य-4
25.गागर, घड़ा-3

ऊपर से नीचे

2.न्यूनता,कमी-5
3.अटक-अटक कर बोलने वाला-3
4.आवश्यकता-4
5.राजी करना,मान मनुहार करना-3
7.वहम,संदेह-2
9.भाग्यशाली(अंग्रजी-2)
11.मैला,दागदार-3
13.धोखेबाज,कपटी-3
14.मन मोहने वाला-5
15.अशांति फैलाने वाला, उपद्रवी-4
16.रक्त,खून-2
18.आनेवाला दिन-2
19.नृत्य करना-3
21.चांदी-3

शब्द पहेली -7948 का हल

■	ल	ह	र	■	क	ल	ह	■
श	व	■	ह	■	मी	■	क	म
री	■	ह	म	रा	ज	■	■	ह
फ	की	र	■	ही	■	ब	हु	ल
■	■	द	ल	■	कै	द	■	■
स	न	म	■	रा	■	ना	र	द
ली	■	■	स	त	ना	म	■	म
का	न	■	र	■	वि	■	जा	न
■	त	र	ल	■	क	हा	र	■

Jagrutidaur.com, Bangalore

दैनिक पंचांग

17 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



रविवार 2024 वर्ष का 77 वां दिन
दिशाशूल पश्चिम **ऋतु** बसंत।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
तिथि अष्टमी 21.54 बजे को समाप्त।
नक्षत्र मृगशीर्ष 16.47 बजे को समाप्त।
योग आयुष्मान 17.05 बजे को समाप्त।
करण विष्टि 09.41 बजे तदनन्तर बव 21.54 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 6.6 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 01° 14'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871921
जूलियन दिन 2460386.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना रमजान
तारीख 06
विशेष मासिक दुर्गाष्टमी।

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मीन में	मीन	05.58 बजे से
चंद्र	वृष में	मेष	07.33 बजे से
मंगल	मकर में	वृष	09.13 बजे से
बुध	मीन में	मिथुन	11.11 बजे से
गुरु	मेष में	कर्क	13.24 बजे से
शुक्र	कुंभ में	सिंह	15.41 बजे से
शनि	कुंभ में	कन्या	17.52 बजे से
राहु	मीन में	तुला	20.03 बजे से
केतु	कन्या में	वृश्चिक	22.18 ब.से
		धनु	00.34 बजे से
		मकर	02.39 बजे से
		कुंभ	04.26 बजे से

राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक

दिन का चौघड़िया				रात का चौघड़िया			
उद्वेग	05.56 से	07.23 बजे तक		शुभ	05.36 से	07.09 बजे तक	
चर	07.23 से	08.51 बजे तक		अमृत	07.09 से	08.41 बजे तक	
लाभ	08.51 से	10.18 बजे तक		चर	08.41 से	10.14 बजे तक	
अमृत	10.18 से	11.46 बजे तक		रोग	10.14 से	11.46 बजे तक	
काल	11.46 से	01.14 बजे तक		काल	11.46 से	01.19 बजे तक	
शुभ	01.14 से	02.41 बजे तक		लाभ	01.19 से	02.51 बजे तक	
रोग	02.41 से	04.09 बजे तक		उद्वेग	02.51 से	04.24 बजे तक	
उद्वेग	04.09 से	05.36 बजे तक		शुभ	04.24 से	05.53 बजे तक	

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

प्रसंगतः वास्तविक ज्ञान

शूरसेन प्रदेश में चित्रकेतु नामक राजा थे। उनकी अनेक रानियां थीं, किंतु कोई संतान नहीं थी। एक दिन महर्ष अिङ्गिरा राजभवन में पधारे। नरेश को संतान के लिए लालायित देख उन्होंने एक यज्ञ कराया, पर जाते समय कह गए, 'महाराज, आप पिता बनेंगे किंतु आपका पुत्र आपके हर्ष तथा शोक दोनों का कारण बनेगा।' महारानी कृतद्युति गर्भवती हुईं। समय पर उन्हें पुत्र उत्पन्न हुआ। राज्य भर में महोत्सव मनाया गया। राजा पुत्र के स्नेहवश बड़ी रानी के भवन में अधिक समय बिताने लगे। फल यह हुआ कि दूसरी रानियां कुढ़ने लगीं। उनकी ईर्ष्या इतनी बढ़ी कि उन्होंने उस अबोध शिशु को विष दे दिया। बालक मर गया। राजा विलाप करने लगे। तभी वहां महर्षि अङ्गिरा के साथ देवर्षि नारद पधारे। महर्षि ने राजा से कहा, 'राजन, तुम पर प्रसन्न होकर मैं तुम्हारे पास इसलिए आया था कि तुम्हें ईश्वर प्राप्ति का मार्ग दिखा दूं, किंतु तुम्हारे चित्त में उस समय प्रबल पुत्रेच्छा देखकर मैंने तुम्हें पुत्र दिया। अब तुमने पुत्र-वियोग के दुख का अनुभव कर लिया। यह संसार इसी प्रकार दुखमय है।' चित्रकेतु अभी शोकमग्न थे। वह समझ नहीं सके। देवर्षि नारद ने ताड़ लिया कि इनका मोह ऐसे दूर नहीं होगा। उन्होंने अपनी दिव्यशक्ति से बालक की जीवात्मा को आमंत्रित किया। जीवात्मा के आ जाने पर उन्होंने कहा, 'देखो, ये तुम्हारे माता-पिता अत्यंत दुखी हो रहे हैं। तुम अपने शरीर में फिर प्रवेश करके इन्हें सुखी करो और राजसुख भोगो।' उस जीवात्मा ने कहा, 'देवर्षि, ये मेरे किस जन्म के माता-पिता हैं? जीव का तो कोई माता-पिता या भाई-बंधु है नहीं। अनेक बार मैं इनका पिता, ये मेरे मित्र या शत्रु रहे हैं। ये सब संबंध तो शरीर के हैं। शरीर के छूटने के साथ ही सब संबंध छूट जाते हैं।' जीवात्मा यह कहकर चली गई। राजा चित्रकेतु का मोह उसकी बातों को सुनकर नष्ट हो चुका था। नारद ने उन्हें भगवान शेष की आराधना का उपेदश किया, जिसके प्रभाव से कुछ काल में ही उन्हें शेषजी के दर्शन हुए।

सूडोकु नवताल- 6734

★☆☆☆☆ सरल

			2				3	
		9		8		2	6	4
1				3	6		9	
4		3						
	8			2			1	
						8		6
	4		7	5				3
3	7	5		4		1		
	2				8			

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

सूडोकु नवताल -6733 का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

सेंसेक्स और निफ्टी में आधा फीसदी की गिरावट रही

सेंसेक्स 453 अंकों की गिरावट के साथ 72,643 पर बंद

मुंबई। वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों और विदेशी निवेशकों की लिवाली के दबाव में बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में आधा फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखी गई। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार को गिरावट और मंगलवार को हल्की बढ़त पर कारोबार हुआ। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो अमेरिका में मुद्रास्फीति आंकड़े आने से पहले एशियाई प्रतिस्पर्धियों की सुस्त शुरुआत के बाद, भारतीय इक्विटी सूचकांक भी सोमवार को मामूली गिरावट के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स 95 अंक की गिरावट के साथ 74,024 पर खुला और 617 अंकों की गिरावट के साथ 73,502 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी50 14 अंक की गिरावट के साथ 22,479 पर खुला और 161 अंक फिसलकर 22,332 पर बंद हुआ। शेयर बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन हरे निशान पर कारोबार की शुरुआत हुई है। सेंसेक्स मंगलवार को शुरुआती

कारोबार में 332.79 अंकों की बढ़त के साथ 73,831.88 के स्तर पर खुला और 165.32 अंकों की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी 61.25 अंक मजबूत होकर 22,393.90 पर खुला और 3.05 अंक चढ़कर 22,335.70 के स्तर पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 182.11 अंकों की बढ़त के साथ 73,877.85 के स्तर पर खुला और 906.07 अंकों की गिरावट के साथ 72,761.89 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 40.10 अंक मजबूत होकर 22,375 पर खुला और 338.00 अंक फिसलकर 21,997.70 पर बंद हुआ। पिछले सत्र में मुनाफावसूली के बाद गुरुवार को भारतीय इक्विटी सूचकांक लगातार दूसरे कारोबारी सत्र लाल निशान में खुले। बीएसई सेंसेक्स 252 अंक की गिरावट के साथ 72,509 पर खुला और 335.39 अंकों की बढ़त के साथ 73,097.28 पर बंद हुआ। निफ्टी 68 अंक की गिरावट के साथ 21,930 पर खुला और 148.96 अंकों की बढ़त के साथ 22,146.65 पर बंद हुआ। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 416 अंकों की गिरावट के साथ 72,681 खुला और 453.85 (0.62 फीसदी) अंकों की गिरावट के साथ 72,643.43 पर बंद हुआ। निफ्टी 136 अंकों की गिरावट के साथ 22,010 पर खुला और 123.31 (0.56 फीसदी) अंक टूटकर 22,023.35 के स्तर पर पहुंचकर बंद हुआ।

बिक्री के मामले में 7 सीटर फैमिली कारें भी पीछे नहीं

नई दिल्ली। भारतीय बाजार में बिक्री के मामले में 7 सीटर फैमिली कारें भी पीछे नहीं हैं। कई कारों के लिए लोगों को 6-7 महीनों तक का इंतजार करना पड़ रहा है। मार्केट में कुछ बजट 7-सीटर कारों की जबरदस्त डिमांड चल रही है।

अगस्त 2023 में टोयोटा ने भारत में रुमियन एमपीवी को लॉन्च किया था जिसकी अब शानदार बुकिंग चल रही है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मौजूदा समय में टोयोटा रुमियन पर 32 हफ्तों यानी 7 महीनों से ज्यादा का वेटिंग पीरियड चल रहा है। हालांकि, वेटिंग पीरियड रुमियन के वैरिएंट और इंजन के अनुसार अलग-अलग है। कंपनी रुमियन को तीन वैरिएंट एस, जी और वी में बेच रही है। आइए जानते हैं इसके किस वैरिएंट के लिए ग्राहकों को कितना इंतजार करना पड़ेगाटोयोटा रुमियन के पेट्रोल वैरिएंट पर 28-32 हफ्तों का वेटिंग पीरियड चल रहा है। दूसरी ओर, यदि आप इसके सीएनजी वेरिएंट को खरीदने की सोच रहे हैं तो फिलहाल ऐसा कर पाना संभव नहीं है क्योंकि बहुत ज्यादा बुकिंग के कारण कंपनी ने इसकी नई बुकिंग को अस्थाई तौर पर रोक दिया है।टोयोटा रुमियन मारुति अर्टिगा का रीबैज वर्जन है। रुमियन में सीएनजी का भी ऑप्शन मिलता है। सीएनजी में यह कार 88 बीएचपी की पॉवर और 121.5 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। माइलेज की बात करें तो इसके मैनुअल पेट्रोल मॉडल में 20.51 किलोमीटर प्रति लीटर की माइलेज मिलती है। वहीं, इसके सीएनजी वैरिएंट की माइलेज 26.11 किलोमीटर प्रति किलो है।कंपनी इसमें 1.5 लीटर का नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन इस्तेमाल कर रही है। यह इंजन 103 बीएचपी की पॉवर और 137 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इस इंजन को 6-स्पीड ऑटोमैटिक और 6-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स का ऑप्शन दिया गया है।

एयर इंडिया ने 180 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

नई दिल्ली। टाटा ग्रुप की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया में भी हाल में 180 से अधिक नॉन-फ्लाइंग स्टाफ की छंटनी कर दी है। कंपनी ने बताया है कि जिन लोगों की नौकरी गई है वो वॉलंटरी रिटायरमेंट स्कीम और नए सिरे से कौशल निखारने के मौकों का इस्तेमाल नहीं कर पाए थे। एयर इंडिया में 8,500 से अधिक कर्मचारी हैं जबकि ग्रुप एयरलाइन, एयर इंडिया एक्सप्रेस में लगभग 6,200 कर्मचारी हैं। बता दें जब टाटा समूह ने एयरलाइन का अधिग्रहण किया था, तब दोनों एयरलाइनों में संविदा कर्मियों सहित कुल 2,085 कर्मचारी थे। इस मामले में एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा ?कि हम इस प्रक्रिया के दौरान सभी संविदात्मक दायित्वों का सम्मान कर रहे हैं। कर्मचारियों को भेजे गए एक लेटर के अनुसार छंटनी किए गए कर्मचारियों को एयरलाइन के साथ सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए 5 दिनों के वेतन के बराबर मुआवजा पैकेज मिलेगा।

आचार संहिता लगते ही प्रारंभ की संपत्ति विरूपण की कार्रवाई

लांजी (पद्मेश न्यूज)। मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। इसी के साथ ही कलेक्टर गिरिश कुमार मिश्रा के निर्देशन में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सम्पत्ति विरूपण की कार्रवाई प्रारंभ कर दी। 16 मार्च को शाम 5 से प्रशासनिक अमले द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में सरकारी भवनों, बिजली व टेलीफोन के खंभों पर लगे बेनर पोस्टर को हटाने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई। इसके अलावा यह भी बताया गया कि आदेशों का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई करने, संपत्ति विरूपण की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई कर चुनाव प्रचार सामग्री व दीवार लेखन को हटवाने, अपने विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों में संपत्ति विरूपण अधिनियम के प्रावधानों का पालन करवाने के दिशा निर्देश दिए गए हैं।

नगर में की गई संपत्ति विरूपण की कार्रवाई

चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई, इसी के साथ ही प्रशासन भी हरकत में आ गया। जैसे ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा होते ही लांजी नगर के अंदर बाहर लगे विभिन्न राजनीतिक दलों के होर्डिंग्स, बैनर पोस्टर इत्यादि हटाने का काम भी शुरू कर दिया। शनिवार को शाम 5 बजे एसडीओपी सतेन्द्र घनघोरिया, थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी, नगरीय प्रशासक कन्हैयालाल टेकाम की उपस्थिति में लांजी नगर परिषद की टीम के द्वारा पूरे नगर में भ्रमण कर खंबों एवं सरकारी संपत्तियों पर लगे बैनर पोस्टर को निकाला गया। आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद यह सब चुनाव आयोग की गाइडलाइन का उल्लंघन के दायरे में आते हैं। ऐसे में नगर व क्षेत्र में लगे होर्डिंग्स, फ्लेक्स, बोर्डों और पोस्टरों को तुरंत प्रभाव से हटाने का कार्य प्रारंभ किया गया।

नगर परिषद में लगभग 1 करोड़ के कार्यों का हुआ भूमिपूजन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर परिषद लांजी के विभिन्न वार्डों में क्षेत्रीय विधायक राजकुमार करहिे के मुख्यातिथ्य में एवं नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा तारा चंद कालबेले की अध्यक्षता में 16 मार्च को सुबह 11.00 बजे वार्ड न. 01 में मटेरियल रिकवरी

फेसिलिटी एमआरएफ निर्माण कार्य लागत राशि 14.82 लाख रूपए, फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट निर्माण कार्य राशि 06.82 लाख रूपए , कायाकल्प 2.0 अभियान अंतर्गत वार्ड क्र. 01 कोटेश्वर महादेव मंदिर से काशीटोला तक बी.टी. रोड एवं सी.सी.रोड चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य लागत राशि 41.99 लाख रूपए, वार्ड क्रमांक 13 में अलका सातपुते के घर से आमगांव रोड तक सीसी रोड एवं आर. सी.सी.सेल्फ लगाने का कार्य लागत राशि 5.37 लाख रूपए, सायाबाई खानोरकर के घर से लेकर मुख्य मार्ग अनिल शिवालिया के घर तक आर सी.सी.कव्हर्ड नाली एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य लागत राशि 2.92 लाख रूपए एवं अन्य कार्यों का भूमि पूजन सयुक्त कार्यक्रम का आयोजन वार्ड क्रमांक 01 बकरामुंडी मे किया गया। उक्त भूमि पूजन कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष संदीप रामटेकर, सभापति में दिनेश कचवाहे, विजय गोस्वामी, किशोर रामटेकर, श्रीमती कस्तुरा वाकड़े, श्रीमति शिखा कैलाशपुरी गोस्वामी, एवं पार्षदगण संजय सैय्याम, श्रीमती विभा तिवारी, मुकेश रणदिवें तथा कन्हैयालाल टेकाम प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं कार्यालयीन कर्मचारियों उपस्थित रहे।

नि:शुल्क शिविर का आयोजन कर मुख दंत केंसर एवं स्वास्थ्य की जांच

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम पंचायत साडरा में 16 मार्च को निशुल्क शिविर लगाकर मुख स्वास्थ्य दंत एवं मुख केंसर स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित कर इससे संबंधित रोगियों की जांच डॉ अक्षय रहमतकर (एमडीएस) मुख दांत एवं चेहरे के सर्जन के द्वारा की गई। इस शिविर में 60 मरीजों की जांच की गई, जो पाइरिया, दांतों में सड़न, प्री केंसर कंडीशन जैसे कि ओरल सबम्यूकस, फाइब्रोसिस, ल्यूकोप्लेकिया, माउथ अल्सर के मरीजों पाएं गये, उन्हें उपयुक्त परामर्श एवं दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में तम्बाकू जैसे उत्पादकों से होने वाले केंसर के बारे में तथा दांतों में होने वाली बिमारियों के बारे में तथा उनसे बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में डॉ अक्षय रहमतकर के अलावा आंचल मुरकुटे, स्वाति मंसुरे, शिवम सोनवाने एवं ग्राम की सरपंच लता लक्ष्मी प्रसाद बिल्हारे एवं ग्रामीणजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय खसरा दिवस पर शपथ ग्रहण कराकर मीजल्स रूबेला निर्मूलन अभियान की दी जानकारी

लांजी (पद्मेश न्यूज)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी बालाघाट के आदेशानुसार सिविल अस्पताल लांजी के सभा कक्ष में 16 मार्च को खसरा दिवस के रूप में मानते हुए मीजल्स रूबेला निर्मूलन अभियान को सफल बनाने की शपथ ली गई। खसरा रोग साइकिल्ड टेन्ड के अनुसार प्रत्येक चौथे वर्ष बीमारी महामारी का रूप धारण कर सकती है, जिसके कारण वर्ष 2024 में खसरा रोग के केस ब ने की सम्भावना अनुमानित है। खसरा रोग अभी भी देवी प्रकोप के रूप में माना जाता है, जबकि वेक्सीन रोधक 12 बीमारियों में सर्वाधिक जानलेवा घातक एवं तेजी से फैलने वाला यह वायरस की बीमारी है। इस हेतु खसरा सप्ताह 16 मार्च से प्रारम्भ करते हुए मीजल्स रूबेला टीके से वंचित बच्चों का पूर्ण टीकाकरण करना मुख्य उद्देश्य है। जिसके अंतर्गत विकासखंड लांजी में पूरे सप्ताह जनजागरुकता कार्यक्रम किए जाएंगे। जिसके तहत 16 मार्च को पीएचसी, सीएचसी ग्राम स्तर पर रैली निकाली गई व शपथ ली गई। मीजल्स रूबेला के दो बार टीके लगवाकर आजन्म सुरक्षा पाई जा सकती है। पहला एमआर टीका 09 से 12 माह एवं दूसरा टीका 16 से 24 माह में लगवाया जाता है जिससे खसरा रोग जड़ से मिटाया जा सकता है। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रदीप गेडाम ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि बच्चों को सर्दी खांसी, आंखे लाल होना, तेज बुखार, स्किन में दानेदार निशान आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, एएनएम, सीएचओ, आशा कार्यकर्ता से संपर्क किया जा सकता है। आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में डॉ सुजाता गेडाम चिकित्सा अधिकारी, डॉ मनीष बड़गुजर चिकित्सा अधिकारी, अजेंद्र श्रीराम बीइइ, मनीष पांडे, प्रकाश डोंगरे बीसीएम., सेक्टर सुपरवाइजर, नर्सिंग स्टाफ, एलएचवी, एफनएम, ऑफिस स्टाफ, सी.एच.ओ., आशा सहयोगी, आशा कार्यकर्ता, अन्य आमजन उपस्थित रहे।

नन्हें रोजेदार

खुदा से प्रेम और इबादत के लिए कोई उम्र नहीं होती. रमजान माह में रोजेदार रोजा रखकर खुदा की इबादत कर रहे हैं. इसमें बच्चे भी पीछे नहीं हैं. कटंगी शहर की तनीम अंसारी 08 वर्ष, रिदा 06 वर्ष और रिफत 03 वर्ष ने तीसरा रोजा रखा और दिन भर रोजे में रहने के बाद शाम को इफ्तार किया।

नगर परिषद लांजी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक बजट किया पेश

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर परिषद लांजी के सभा कक्ष में 15 मार्च को क्षेत्रीय विधायक राजकुमार करहिे की प्रमुख उपस्थिति में परिषद की विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें वर्ष 2023-24 का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करने के उपरांत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया। जिसमें सामान्य प्रशासन, सार्वजनिक सुरक्षा, नगर विकास, लोक निर्माण कार्य, विद्युत व्यवस्था, जलप्रदाय व्यवस्था, जन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता अन्य विकास कार्यों पर चर्चा की गई। बजट पर चर्चा उपरांत अनुमानित आय रूपए 78,77,16,340.00, अनुमानित व्यय रूपए 70,80,69,760.00, अनुमानित बचत रूपए 7,96,46,580.00 प्रस्तुत किया गया। उक्त बैठक में विधायक राजकुमार करहिे, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा तारा चंद कालबेले, उपाध्यक्ष संदीप रामटेकर, सभापति किशोर रामटेकर, दिनेश रामटेकर, विजय गोस्वामी, श्रीमती कस्तुरा वाकड़े पार्षदगण में संजय सैय्याम, श्रीमती विभा तिवारी, श्रीमती पूनम शरद आसटकर, श्रीमती प्रेमलता संजय खोबरागड़े, श्रीमती कल्पना लिलाधर डोलस, श्रीमती तेजेश्वरी गोदुले, मुकेश रणदिवें तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी कन्हैयालाल टेकाम एवं समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
- रूम सर्विस - 02 पद
- साफ-सफाई कर्मचारी - 02 पद
- ड्राईवर - 01 पद

सैलरी-योग्यतानुसार
संपर्क-881-992-4499
होटल गौरव, मेन रोड, बालाघाट

आवश्यकता है
पाइप शोल्डर कार्य हेतु युवती-2 पद (वेतन चार अंको में)
नोट-अनुभवी को प्राथमिकता
संपर्क करें
आदिनाथ इंटरप्राइजेज
श्याम टॉकीज के पीछे, इतवारी गंज बालाघाट, 9424766066
दुकान का समय प्रातः 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

इंजेक्शन लगाते ही ओमकार करहिे की मौत के मामले में पुलिस ने दशन क्लिनिक को किया सील

एसडीओपी ने जांच समिति बनाएं जाने एसपी के माध्यम कलेक्टर को लिखा पत्र

लांजी (पद्मेश न्यूज)। ग्राम बिसोनी निवासी ओमकार करहिे की 15 मार्च दिन शुक्रवार देर शाम को अपनी पत्नी और बेटी के साथ अपनी खांसी का इलाज कराने नगर के बाजार चौक स्थित दशन क्लीनिक पहुंचे थे जहां इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद ही मौत हो गई। जिसके उपरांत उसे सिविल अस्पताल लांजी लाया गया। घटना उपरांत नगर में सनसनी फैल गई एवं खबर मिलते ही पुलिस प्रशासनिक अमला सिविल अस्पताल पहुंचकर स्थिति को संभाला एवं लोगों को शांत किया। एसडीओपी सतेन्द्र घनघोरिया एवं थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी द्वारा दशन क्लिनिक पहुंचकर उसे सील किया गया। इस संबंध में एसडीओपी सतेन्द्र घनघोरिया ने बताया कि ओमकार करहिे डॉ वर्षा सिंग के यहां ईलाज के लिए गए थे, परिजनों का कहना है कि वहां पर इन्हें इंजेक्शन लगाया गया उसके पश्चात उन्हें उल्टी हुई, उसके बाद उन्हें सिविल अस्पताल लाया गया जहां उन्हें डॉक्टर ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। उस परिपेक्ष में हमने मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी। तत्काल मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी सहित सारे एवीडेंश कलेक्ट करते हुए पुलिस अधीक्षक के माध्यम से कलेक्टर बालाघाट को समिति नामांकित करने के लिए पत्राचार किया है। समिति जो है इनके पुरे अस्पताल की जांच करेगी एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी कि इस मर्ग मामले में किसकी लापरवाही पाई गई ।

ओमकार करहिे की मौत के मामले में पुलिस ने किया मर्ग कायम

बिसोनी निवासी ओमकार करहिे पिता स्व. रामभाऊ करहिे 44 वर्ष को सिविल अस्पताल लांजी में लाये जाने पर डॉ. प्रदीप गेडाम द्वारा उसकी जांच की गई, जिसकी मौत हो चुकी थी। जिसके उपरांत अस्पताल द्वारा पुलिस को लिखित तहरीर भेजी गई, जिस पर पुलिस ने मर्ग क्रमांक 08/24 धारा 174 जा.फौ. कायम कर जांच में लिया है। तहरीर सूचना में लेख किया कि 15 मार्च को शाम करीब सात बजे ओमकार करहिे को उसकी पत्नी द्वारा मृत अवस्था में सिविल अस्पताल लांजी लाया गया तथा उसके द्वारा बताया कि मृतक को लांजी के दशन क्लिनिक डॉ वर्षा सिंग द्वारा इंजेक्शन लगाया गया उसके तत्काल बाद रियेक्शन से मृत्यु हुई है। जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम किया गया एवं रात्रि होने के चलते मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवाया गया।

तीन डाक्टरों की टीम ने किया पोस्टमार्टम

पुलिस द्वारा मृतक ओमकार करहिे की मौत के मामले में मर्ग कायम करने के उपरांत 16 मार्च को सुबह 11 बजे 3 डाक्टरों की टीम जिसमें डॉ प्रदीप गेडाम खण्ड चिकित्सा अधिकारी, डॉ सुजाता गेडाम चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ मनीष बड़गुजर चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में शव विच्छेदन किया गया तथा आगे की जांच के लिए बिसरा प्रीजर्व किया गया।

विनायक राव धारणे पंचतत्व में विलीन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम रमपुरा निवासी एवं मण्डला में प्रधान आरक्षक के पद पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय की डी सी आर शाखा में पदस्थ विनायक राव धारणे

पिता चैतराम धारणे का 42 वर्ष की आयु में मण्डला में स्वास्थ खराब होने के चलते 15 मार्च को निधन हो गया।आप अपने पीछे पत्नी श्रीमती रिना धारणे, पुत्र हेमांक 11 वर्ष एवं भाईयों का भरा पूरा परिवार छोड़ इस दुनिया से विदा हो गए। इनका अंतिम संस्कार इनके गृह ग्राम रमपुरा के मोक्षधाम में 16 मार्च को किया गया। इस निधन पर स्टाफ के साथी, रिश्तेदारों, समाज के लोगों एवं ग्रामीणों ने पहुंचकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार को दुःख सहन करने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की।

आनन-फानन जारी आदेशों से हो रही किरकिरी

मंडला के अफसर को पहले अपर कलेक्टर बनाया, फिर रिवर्ट कर संयुक्त कलेक्टर किया पदस्थ

भोपाल। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के पहले सामान्य प्रशासन विभाग और गृह विभाग द्वारा जारी किए गए तबादला आदेश आनन-फानन संशोधित भी किए गए हैं। सबसे खास बात तो मंडला जिले में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर के मामले में सामने आई है जिसे जीएडी (सामान्य प्रशासन विभाग) ने आधी रात के बाद जारी आदेश में पदोन्नत पद पर अनूपपुर का अपर कलेक्टर बनाया और 12 घंटे बाद पदोन्नत पद से नीचे लौटाते हुए वापस संयुक्त कलेक्टर के पद पर पोस्टिंग कर दी।

इसी तरह गृह विभाग ने भी कई तबादलों को संशोधित किया है। तबादलों को लेकर सरकार की हड़बड़ी और जल्दबाजी से अधिकारी वर्ग में नाराजगी है और तबादला आदेश जारी करने वाले अफसर सरकार की किरकिरी भी करा रहे हैं।

तबादले के बाद संशोधन आदेश

आईएएस अफसर और अपर आयुक्त रीवा छोटे सिंह को 14 मार्च की आधी रात में जारी आदेश में सचिव राजस्व मंडल ग्वालियर के पद पर पदस्थ किया गया था। 15 मार्च को दिन में जारी आदेश में इस आदेश में बदलाव करते हुए उन्हें अपर आयुक्त राजस्व ग्वालियर बना दिया गया है। मंडला जिले में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर अरविंद कुमार सिंह को जीएडी ने प्रमोशन के बाद 14 मार्च को जारी आदेश में अपर कलेक्टर अनूपपुर के पद पर पदस्थ किया था। 15 मार्च को जारी आदेश में इस अधिकारी को रिवर्ट करते हुए अपर कलेक्टर अनूपपुर की पदस्थापना से वापस संयुक्त कलेक्टर मंडला के पद पर पदस्थ कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने 9 मार्च को जारी आदेश में प्रशासक महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन व सीईओ उज्जैन विकास प्राधिकरण का ट्रांसफर अपर कलेक्टर निवाड़ी के पद पर किया गया था। 15 मार्च के आदेश में यह तबादला निरस्त कर सोनी की पोस्टिंग उज्जैन में ही यथावत रखी गई है। सीएम सचिवालय में पदस्थ उप सचिव महीप कुमार तेजस्वी को 9 मार्च को जारी आदेश में सीईओ जिला पंचायत सतना पदस्थ किया गया था। 15 मार्च को जारी आदेश मे तेजस्वी की पोस्टिंग सतना के बजाय सीईओ जिला पंचायत राजगढ़ के पद पर की गई है।

ये मामले भी चर्चा में

अपर कलेक्टर बालाघाट ओमप्रकाश सनोडिया को 9 मार्च को महाप्रबंधक एमपी वेयरहाउसिंग कारपोरेशन पदस्थ किया गया था लेकिन 15 मार्च को इनका तबादला अपर कलेक्टर अनूपपुर कर दिया गया। स्वाति तिवारी प्रभारी डिप्टी कलेक्टर मंदसौर 9 मार्च के आदेश में प्रभारी डिप्टी कलेक्टर आगर मालवा पदस्थ की गई थीं जिनको 15 मार्च को जारी आदेश में तबादला निरस्त कर यथावत कर दिया गया। जीएडी ने 9 मार्च को जारी आदेश में सामान्य प्रशासन विभाग पूल में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर दयाकिशन शर्मा को अवर सचिव पशुपालन और डेयरी विभाग के पद पर पदस्थ किया गया था। 15 मार्च को जारी आदेश में शर्मा की पदस्थापना में संशोधन करते हुए आयुक्त नगर निगम सिंगरौली के पद पर पदस्थ कर दिया है। राज्य पुलिस सेवा के अफसर अभिषेक राजन को 11 मार्च को जारी आदेश में गृह विभाग ने उप सेनानी छठवीं वाहिनी एसएएफ जबलपुर एएसपी कटनी के पद पर पदस्थ किया था। 15 मार्च को जारी आदेश में इसमें बदलाव करते हुए वापस उप सेनानी छठवीं वाहिनी एसएएफ जबलपुर पदस्थ किया गया है। गृह विभाग ने 11 मार्च को जारी आदेश में संतोष डेहरिया को उप सेनानी छठवीं वाहिनी एसएएफ जबलपुर को एएसपी शहडोल के पद पर पदस्थ किया गया था। 15 मार्च के आदेश में इन्हें एएसपी शहडोल के स्थान पर एएसपी कटनी पदस्थ किया गया है। विश्वदीप सिंह परिहार निरीक्षक भिंड को 10 मार्च के आदेश में गृह विभाग ने कार्यवाहक डीएसपी महिला सुरक्षा खरगोन पदस्थ किया गया था। 15 मार्च के आदेश में इन्हें कार्यवाहक सहायक सेनानी प्रथम वाहिनी एसएएफ इंदौर पदस्थ किया गया है। गृह विभाग ने रक्षित निरीक्षक देवेंद्र सिंह यादव को 10 मार्च को जारी आदेश में कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय बालाघाट पदस्थ किया गया था। 15 मार्च को इसमें बदलाव कर सहायक पुलिस आयुक्त यातायात भोपाल जोन-3 पदस्थ कर दिया गया।

पूर्व मंत्री हर्ष नारायण सिंह का निधन

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और रामपुर बघेलान के पूर्व विधायक हर्ष नारायण सिंह नहीं रहे। शुक्रवार देर रात बिरला अस्पताल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। हर्ष नारायण बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे।

शनिवार को उनका पार्थिव शरीर रामपुर बघेलान स्थित निजी निवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। अंतिम संस्कार 17 मार्च को प्रयागराज में किया जाएगा। पूर्व राज्यमंत्री नारायण सिंह विक्रम सिंह के पिता थे। उनके निधन की जानकारी देते हुए विक्रम ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- मेरे पूज्य पिता हर्षनारायण सिंह पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन का देर रात सतना के बिरला अस्पताल में निधन हो गया है। आपकी छाव में पला बढ़ा हूं, आज मैं अपने आप को अकेला महसूस कर रहा हूं।

कौन हैं हर्ष सिंह

रामपुर बघेलान सीट से पूर्व विधायक हर्ष सिंह शिवराज सरकार में राज्य मंत्री रह चुके हैं। उनके पिता गोविंद नारायण सिंह राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। हर्ष सिंह 1980 में रामपुर बघेलान से पहली बार विधायक चुने गए और फिर कांग्रेस, भाजपा व राष्ट्रीय समता दल की टिकट पर चुनाव जीते। हर्ष सिंह के दादा अवधेश प्रताप सिंह विंध्य प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री थे और आजादी के लड़ाई में उनकी अहम भूमिका रही।

शिवराज मंत्री मंडल में शामिल सतना जिले के रामपुर बघेलान विधायक हर्ष सिंह ने 1970 में भोपाल यूनिवर्सिटी से बीएससी सेकंड ईयर पास की थी। इसके बाद वे राजनीति में आ गए। हर्ष सिंह रायफल शूटिंग, क्रिकेट और शतरंज के शौकीन थे। इन्हें शतरंज का मंजा हुआ खिलाड़ी भी माना जाता था। इसके अलावा हर्ष सिंह पुस्तैनी किसान भी थे।

स्पीडी ट्रायल सभी का अधिकार- हाईकोर्ट

भोपाल । स्पीडी ट्रायल सभी का अधिकार है और किसी भी स्थिति में इसे लंबे समय तक टाला नहीं जा सकता। हाई कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में यह बात कही है। न्यायमूर्ति जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने आपराधिक प्रकरण में ट्रायल कोर्ट को छह माह में पूरी करने के निर्देश दे दिए। जबलपुर के हनुमानताल थाना अंतर्गत निवास करने वाले सिराज खान के विरुद्ध वर्ष 2017 में एक आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। मुकदमा पिछले सात साल से लंबित है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अंकित श्रीवास्तव ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पिछले सात साल में हनुमानताल पुलिस ने एक भी गवाह पेश नहीं किया है। याचिकाकर्ता को बेवजह इतने सालों से परेशान किया जा रहा है। इस संबंध में हनुमानताल पुलिस के एसएचओ ट्रायल कोर्ट में व्यक्तिगत हलफनामा पेश कर यह स्पष्टीकरण दें कि गवाहों को समन व वारंट क्यों नहीं पहुंचे। हाई कोर्ट ने कहा कि यदि गवाहों को समन व वारंट मिले हैं और उसके बावजूद वे ट्रायल कोर्ट में गवाही के लिए हाजिर नहीं हुए हैं तो उनके विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आवेदक भी अब गवाहों के प्रति-परीक्षण की कार्रवाई बिना देरी सुनिश्चित कराएं। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने अभियोजन को निर्देश दिए कि गवाहों के विरुद्ध जारी सभी लंबित समन-वारंट को हर हाल में तामील कराएं।

केंद्र के समान बकाया चार प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग

-सातवां वेतनमान प्राप्त कर्मचारियों का चार प्रतिशत एवं छठवा वेतन मान प्राप्त कर्मचारी एवं स्थाई कर्मियों का बढ़ा 9 प्रतिशत महंगाई भत्ता

भोपाल। राज्य सरकार ने प्रदेश के 7.50 लाख कर्मचारियों का चार प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं छठवां वेतनमान प्राप्त 60 हजार कर्मचारियों, 48 हजार स्थाई कर्मियों के वेतन में 9 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने के आदेश जारी किया है। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने महंगाई भत्ता के आदेश जारी करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही ज्ञापन सौंपकर केंद्र के समान बकाया चार प्रसिद्ध महंगाई भत्ता लोकसभा चुनाव से पूर्व देने की मांग की है।

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि जुलाई 2023 से लंबित चार प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर सहित राज्य सरकार ने दे दिया है, लेकिन 1 जनवरी 2024 से बकाया चार प्रतिशत महंगाई भत्ता के आदेश राज्य सरकार ने अभी जारी नहीं किया है। मंत्रालय पर कर्मचारियों ने प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि बकाया चार प्रतिशत महंगाई भत्ता भी लोकसभा चुनाव से पूर्व दिया जाए और कर्मचारियों की अन्य लंबित मांगे मंजूर की जाए। राज्य सरकार के गठन के तीन माह बाद सरकार ने नियमित कर्मचारियों छठवा वेतन प्राप्त कर्मचारी एवं स्थाई कर्मियों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी श्रमिकों को महंगाई भत्ता एवं वेतन वृद्धि का लाभ देने का निर्णय लिया है जो स्वागत योग है। लेकिन सरकार ने लंबे समय से लंबी अन्य मांगों को अभी संज्ञान में नहीं लिया है। कर्मचारियों की पुरजोर मांगे की अन्य मांगों पर भी सरकार तत्काल निर्णय लेकर आदेश जारी करने का काम करे। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में अशोक पांडे, सुनील पाठक, सत्येंद्र पांडे, शिवप्रसाद सांगुले, भगवान दास बिल्लोरे, श्यामलाल विश्वकर्मा, भूपेंद्र पांडे, नन्नू लाल मालवीय, थावरिया भील, जानेंद्र तिवारी, लक्ष्मी पांडे आदि शामिल थे।

राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह ने भाजपा छोड़ी

सीधी से लोकसभा टिकट नहीं मिलने की नाराजगी

भोपाल। मध्यप्रदेश से राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह ने भाजपा छोड़ दी। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को अपना इस्तीफा भेजा। वे 2018 से राज्यसभा सदस्य हैं। सांसद ने शनिवार सुबह मीडिया से कहा कि मेरी अभी किसी भी पार्टी में जाने की और चुनाव लडऩे की इच्छा नहीं है।

अजय प्रताप सिंह सीधी लोकसभा सीट से टिकट की दावेदारी कर रहे थे। पार्टी ने यहां से डॉ. राजेश मिश्रा को टिकट दे दिया। कांग्रेस ने यहां कमलेश्वर पटेल को उम्मीदवार बनाया है। 2019 में भाजपा की रीति पाठक सीधी से सांसद चुनी गई थीं।

मीडिया से बातचीत में अजय प्रताप ने कहा कि राजनीति सही मायने में हमारे लिए सेवा

का माध्यम थी, धनार्जन का नहीं। आज कुछ परिस्थितियां ऐसी निर्मित हो गई हैं कि मैं अपने आप को भारतीय जनता पार्टी के अनुकूल नहीं मान पा रहा हूं, इसलिए मैंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया है।

पार्टी की कैंडिडेट चयन

प्रक्रिया पर आपत्ति

सांसद ने कहा कि वर्तमान में लोकसभा के चुनाव के लिए भाजपा ने प्रत्याशी की घोषणा की है। मेरा किसी प्रत्याशी से विरोध नहीं है, लेकिन पार्टी की जो कार्यप्रणाली है, पार्टी की जो चयनप्रणाली है, उसमें मेरी आपत्ति हैं। उसमें मेरी असहमति हैं। मेरा स्वभाव थोड़ा सा विद्रोही है। मैं इस परिस्थिति को स्वीकार नहीं कर पा रहा हूं। मेरी असहमति और आपत्ति त्यागपत्र के रूप में परिलक्षित हो रही हैं।

पार्टी के बाहर आकर उठाऊंगा आवाज

अजय प्रताप ने कहा कि मेरा पार्टी की कार्यप्रणाली से विश्वास उठ गया है। लंबे समय से जिन विषयों को में सदन और आपके माध्यम से उठाता रहा हूं, उसकी उपेक्षा हुई है। भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में अंतर है, इसलिए मुझे लगा कि पार्टी के अंदर रहकर उन विषयों को नही उठा पाऊंगा। पार्टी के बाहर आकर उनको आवाज दूंगा। यह सभी बातें बहुत लंबे समय से चल रही हैं।

अगले सप्ताह घोषित हो सकते हैं कांग्रेस के 19 सीटों पर प्रत्याशी

भोपाल। मध्यप्रदेश की शेष बची 19 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा अगले सप्ताह हो सकती है। प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा पहले ही हो चुकी है। प्रत्याशियों के चयन को लेकर सोमवार को दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी। इसमें समन्वयकों की रिपोर्ट और विभिन्न माध्यमों से प्राप्त संभावित दावेदारों के नामों पर विचार कर अंतिम रूप दिया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि मंगलवार को प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है, क्योंकि चुनाव की घोषणा शनिवार को हो सकती है।प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों का कहना है कि आम सहमति के आधार पर प्रत्येक सीट के लिए केंद्रीय चुनाव समिति को एक-एक नाम प्रस्तावित किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अलग-अलग सीटों के संभावित दावेदारों से चर्चा भी कर रहे हैं।

आचार संहिता से पहले मोहन सरकार ने दी सौगात

पेंशनर्स को 1 मार्च से मिलेगा 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता

भोपाल । प्रदेश के साढ़े सात लाख कर्मचारियों को 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने के चौबीस घंटे बाद राज्य सरकार ने साढ़े चार लाख पेंशनर्स को भी इतना ही भत्ता दिए जाने के आदेश जारी कर दिए हैं। इस आदेश में पेंशनर्स को 1 मार्च 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिए जाने के आदेश दिए गए हैं। अब अप्रैल की पेंशन में इसका भुगतान किया जाएगा। इस भत्ता आदेश में छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति एक मार्च 2024 से दिए जाने के कारण पेंशनर्स को हजारों रुपए का नुकसान उठाना पड़ेगा।

वित्त विभाग के सचिव अजीत कुमार ने छत्तीसगढ़ सरकार के सचिव अंकित को पत्र लिखकर कहा था कि मप्र के पेंशनर्स और परिवार पेंशनरों को छत्तीसगढ़ राज्य की सहमति से एक जुलाई 2023 से 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। एमपी सरकार कर्मचारियों की तरह पेंशनर्स को भी एक जुलाई 2023 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देना चाहती है। इसलिए छग सरकार की सहमति जरूरी है। इसके बाद



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सहमति तो दी गई लेकिन राज्य के सेवानिवृत कर्मचारियों को जुलाई 2023 से 46 प्रतिशत का लाभ न देते हुए मार्च 2024 से 46त्न करने के लिए पत्र जारी किया गया।

यह नियम बनता है हर बार बाधक

प्रदेश के पेंशनर्स के मामले में महंगाई राहत के लिए हर बार मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 के प्रावधान बाधक बनते हैं। इसके अनुसार पेंशनरों व परिवार पेंशनर्स को महंगाई राहत में वृद्धि के लिए व्यय भार मप्र शासन और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा तय अनुपात में वहन किया जाता है। इसलिए महंगाई राहत में वृद्धि का आदेश जारी करने के पहले छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति जरूरी होती है। मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव उमाशंकर तिवारी ने कहा है कि ऐसा करने से राज्य के साढ़े चार लाख सेवानिवृत कर्मचारियों को 8 महीने के नुकसान के साथ महंगाई राहत में वृद्धि दी जा रही है। राज्य के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जनवरी 2023 में 42 प्रतिशत महंगाई राहत की गई थी, तब से अभी तक उनकी पेंशन में कोई वृद्धि नहीं हुई है जबकि वृद्धावस्था में घरेलू एवं कई बीमारियों के कारण आर्थिक परेशानी इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों पर बनी रहती है। राज्य के सेवानिवृत्त कर्मचारी जो वरिष्ठ जन की श्रेणी में आते हैं, उन्हें 8 महीने देरी से 4 प्रतिशत महंगाई राहत प्रदान करना न्यायोचित नहीं है। कर्मचारी संघ की मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी राज्य के कर्मचारियों की तरह जुलाई 2023 से 46त्न महंगाई राहत प्रदान की जाए।

दो आईएएस अधिकारियों के ट्रांसफर

-विवेक श्रोत्रिय को संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाया, राकेश सिंह मत्स्य महासंघ के एमडी होंगे

भोपाल। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले राज्य सरकार ने दो भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के ट्रांसफर आदेश जारी किए है। सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से जारी आदेश में पर्यटन विकास बोर्ड के अपर प्रबंध संचालक विवेक श्रोत्रिय को संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश भोपाल तथा पदेन उप सचिव मध्य प्रदेश शासन विधि, एवं विधायी कार्य विभाग (केवल निर्वाचन संबंधी कार्य के लिए) बनाया गया है। वहीं, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश भोपाल राकेश सिंह को मत्स्य महासंघ का प्रबंध संचालक बनाया गया है।

1 जुलाई और 1 जनवरी को काल्पनिक इंक्रीमेंट

30 जून और 31 दिसम्बर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को मिलेगी वेतन वृद्धि

भोपाल। प्रदेश में 30 जून और 31 दिसम्बर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों को एक जुलाई और एक जनवरी से लगने वाली वेतनवृद्धि में काल्पनिक वेतन वृद्धि दी जा सकेगी। वित्त विभाग ने इसको लेकर सभी विभागों के अफसरों को निर्देश जारी किए हैं जिसमें एक जुलाई और एक जनवरी को लगने वाली वेतन वृद्धि के मामले में विभागों को अलग से आदेश जारी करने के लिए अधिकार दिए गए हैं।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के पहले वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में सभी विभागों के अध्यक्ष, राजस्व मंडल ग्वालियर, संभागीय आयुक्त, एचओडी और सभी कलेक्टरों को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि मप्र वेतन पुनरीक्षण नियम 2009 की कंडिका -9 के अनुसार राज्य शासन के सभी शासकीय सेवकों के लिए संशोधित वेतन ढांचे में अगली वेतनवृद्धि की तारीख

तय की जाना है। इसके अनुसार यह तारीख समान रूप से एक जुलाई तथा मप्र वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 की कंडिका 10 में तय प्रावधान के मुताबिक अगली वेतन वृद्धि के लिए हर साल की एक जनवरी तथा एक जुलाई घोषित है।

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश के बाद फैसला

फाइनेंस के आदेश में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट द्वारा विभिन्न याचिकाओं में दिए गए फैसलों के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है कि 30 जून और 31 दिसम्बर को रिटायर होने वाले सरकारी कर्मचारी जिनके प्रकरण न्यायालय के फैसलों के अंतर्गत आते हैं। उन्हें सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त वेतन में काल्पनिक वेतनवृद्धि स्वीकृत की जाएगी। यह फैसला काल्पनिक वेतनवृद्धि केवल पेंशन के निर्धारण और पुनरीक्षण की गणना के लिए ही मंजूर की जाएगी। इसलिए सभी विभाग इसके आधार पर स्वयं फैसला करके आदेश जारी करेंगे।

खंडवा में 150 करोड़ का फसल बीमा घोटाला

किसान संगठन बोले- सरकार जांच कराए, वरना चुनाव का बहिष्कार करेंगे किसान

भोपाल। खंडवा जिले के 1.25 लाख किसानों के साथ बीमा कंपनी ने बड़ा घोटाला किया है। 150 करोड़ के बीमे में केवल 97 लाख रु. ही बांटे, ऐसे भ्रष्टाचार की सरकार जांच कराए। अगर जांच करवाकर किसानों को न्याय नहीं दिलाया जाता है तो लोकसभा चुनाव में राजनीतिक पार्टियों को गांव में नहीं घुसने देंगे, चुनाव का बहिष्कार करेंगे। जिले के किसान व जिला संयुक्त कृषक संगठन ने बीमा राशि में हुई गड़बड़ी को लेकर कृषि उप संचालक केसी वास्केल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि 2023 में खरीफ सीजन में किसानों के किए गए बीमे की जांच कराई जाए। शासन ने फसल खराब होने पर राहत राशि के 162 करोड़ रु. तो किसानों के खाते में डाल दिए। लेकिन 150 करोड़ के मुकाबले फसल बीमे के 97 लाख रु ही किसानों तक पहुंच पाए। ऐसे में कहीं ना कहीं घोटाले की आशंका है।

किसानों ने मांग की है कि शासन किसानों की संख्या, जमा की गई प्रीमियम राशि व कितने किसानों के खाते में 97 लाख रुपए फसल बीमा के दिए गए उसकी जानकारी सात दिन में दी जाए अन्यथा संगठन के द्वारा आंदोलन किया जाएगा। जिले के किसान लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी राजनीतिक दल को आने नहीं दिया जाएगा। ज्ञापन के समय जिलाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, जिला मंत्री आशीष बरोले, महेश यादव, रमेशसिंह राजपूत, विकास वागुडदे, विवेक गुप्ता, राहुल खोरे, जय पटेल सहित किसान उपस्थित थे।

मामले में भोपाल आरएम को पत्र लिखा है

उपसंचालक कृषि विभाग केसी वास्केल का कहना है कि मामले में कार्यवाही के लिए भोपाल आरएम को लिखा है। बीमा राशि वितरण में गड़बड़ी को लेकर किसान व किसान संगठन शिकायत लेकर आए थे। शिकायत की कॉपी जांच के लिए भोपाल आरएम को भेजी है। वहीं स्थानीय प्रबंधक को भी मामले की जांच के लिए कहा है।

तीन लोस सीटें जीतने एडी-चोटी का जोर लगा रही कांग्रेस

प्रत्याशियों के चयन से लेकर चुनाव प्रचार तक में बरत रही विशेष सतर्कता

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस लोक सभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड रही है। विशेषकर प्रदेश की तीन लोक सभा सीटों को जीतने के लिए प्रत्याशी के चयन से लेकर चुनाव प्रचार तक में पूरी एडी-चोटी का जोर लगा रही है। होशंगाबाद, विदिशा और इंदौर लोकसभा सीटों को कांग्रेस इस बार भी बड़ी चुनौती मानकर चल रही है। यहां भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव में पांच लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीती थी। पिछले चुनाव में कांग्रेस को मिली बड़ी हार के बाद अब प्रत्याशी चयन के लिए पार्टी बड़ा जोड़-गणित कर रही है।उधर, रतलाम और मंडला सीट पर पिछले चुनाव में भाजपा को कम अंतर से जीत मिली थी, लेकिन पार्टी अपनी जीत को लेकर निश्चिंत दिखाई दे रही है और यही वजह है कि इस बार भाजपा कम अंतर से जीत वाली अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित इन दोनों सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा कर तैयारी शुरू कर दी है। मंडला में 97674 और रतलाम में भाजपा को 90636 वोट के अंतर से जीत मिली थी। यह अन्य सीटों के मुकाबले बहुत कम अंतर से जीत थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए सुरक्षित मंडला संसदीय सीट से फिर भाजपा ने फग्गन सिंह कुलस्ते पर भरोसा जताया है। यह बात अलग है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया। 2019 के चुनाव में भी वे 97674 मतों से ही जीते थे। कांग्रेस ने इस बार कुलस्ते को चुनौती देने के लिए ओमकार सिंह मरकाम को प्रत्याशी बनाया है। छिंदवाड़ा में कांग्रेस से नकुल नाथ के विरुद्ध पिछले दो विधानसभा चुनाव हारने वाले विवेक बंटी साहू भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। रतलाम एसटी सीट से भाजपा ने

वन मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनिता चौहान को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह विदिशा से शिवराज सिंह चौहान, इंदौर से शंकर लालवानी और होशंगाबाद संसदीय सीट से किसान नेता दर्शन सिंह चौधरी भाजपा प्रत्याशी हैं। इन तीन सीटों पर कांग्रेस अब तक प्रत्याशी घोषित नहीं कर सकी है। इस संबंध में मप्र भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल का कहना है कि मोदी की गारंटी, डबल इंजन की सरकारों के काम और बूथ समिति की ताकत इन तीनों को लेकर भाजपा 29 लोकसभा सीट जीतने जा रही है। जीतू पटवारी जब से प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बने हैं, रोज सैंकडों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेसी आपस में लड़ रहे है और भाजपा अपने कार्यों के आधार पर लोकसभा चुनाव में जनता के बीच जा रही है। वहीं मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा का कहना है कि कोई संदेह नहीं है कि शहरी क्षेत्रों में भाजपा ने अपने भ्रष्टाचार युक्त विकास से नागरिकों को भ्रमित किया है। इसी वजह से हम यहां बडे अंतर से हार रहे हैं, किंतु इस भ्रम में आदिवासी क्षेत्र शामिल नहीं हुए। लिहाजा वहां हार जीत का अंतर बहुत कम रहा है। अब भाजपा का यह तिलिस्म धीरे धीरे टूट रहा है।

ऋषभ, बुमराह और कमिंस सहित आईपीएल में वापसी करेंगे ये सात दिग्गज

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 सत्र से इस बार ऋषभ पंत , जसप्रीत बुमराह सहित सात स्टार खिलाड़ी वापसी कर रहे हैं। इससे इस लीग का आकर्षण भी बढ़ना तय है। लीग के वापसी कर रहे इन खिलाड़ियों में के अलावा श्रेयस अय्यर, केन विलियम्सन पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जॉनी बेयरस्टो जैसे नाम शामिल हैं। इन खिलाड़ियों की वापसी से सबसे ज्यादा लाभ कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को होगा। केकेआर के दो खिलाड़ी उसे वापस मिले जाएंगे। इसमें श्रेयस अय्यर और मिचेल स्टार्क हैं



विकेटकीपर बैटर ऋषभ कार हादसे के करीब 15 महीने बाद मैदान पर वापसी करेंगे। ऋषभ पिछले आईपीएल से बाहर रहे थे। ऐसे में उनके दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करने की उम्मीद है। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी फिट नहीं होने के कारण आईपीएल के पिछले सत्र से बाहर रहे थे। इस बार वह बेहतरीन लय में नजर आ रहे हैं। बुमराह ने हाल ही में खत्म हुई भारत-इंग्लैंड सीरीज में 19 विकेट लिए थे।

केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर भी एक साल के बाद आईपीएल में खेलेंगे। उनकी वापसी से टीम की बल्लेबाजी बेहतर होगी। अय्यर पिछले साल चोट के कारण आईपीएल नहीं खेल पाए थे।वहीं ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क इस बार केकेआर की ओर से खेलते दिखेंगे। केकेआर ने स्टार्क को 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा है। स्टार्क 8 साल बाद आईपीएल में लौटे हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस भी आईपीएल में एक साल बाद लौट रहे हैं। कमिंस ने गत वर्ष व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए आईपीएल से नाम वापस ले लिया था। इस बार वह सनराइजर्स हैदराबाद ने की ओर से खेलते हुए नजर आयेंगे। कमिंस को 20.50 करोड़ रुपए में खरीदा है और उन्हें कप्तान भी बनाया है।

वहीं न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन के लिए आईपीएल 2023 अच्छा नहीं रहा था। विलियम्सन तब चोटिल होने के कारण वे पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इस बार वे फिट हैं और गुजरात टाइटंस की ओर से खेलने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो भी आईपीएल 2023 में पंजाब किंग्स के लिए नहीं खेल पाए थे। उन्होंने लीग से ठीक पहले सर्जरी कराई थी और रिकवरी के लिए उन्हें मैदान से बाहर रहना पड़ा था पर इस बार वह फिट हैं और खेलने के लिए तैयार हैं।

बीसीसीआई रणजी खिलाड़ियों के लिए मैच फीस दोगुनी या तिगुनी करे -गावस्कर

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि रणजी ट्रॉफी में खेलने वाले खिलाड़ियों की मैच फीस को बढ़ाकर दो से तीन गुना किया जाना चाहिए। हाल में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रणजी खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ायी है पर गावस्कर इसे पर्याप्त नहीं मानते। उन्होंने बीसीसीआई से कहा कि इसे दुगनी या तिगुनी करे।

गावस्कर ने कहा, अगर रणजी ट्रॉफी की फीस दोगुनी या तिगुनी की जा सकती है, तो अधिक से अधिक खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी खेलना चाहेंगे। साथ ही कहा कि रणजी ट्रॉफी की फीस अधिक होने पर सभी खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेलना चाहेंगे। गावस्कर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट चलता रहेगा पर भविष्य में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज अब कम ही होगी। हो सकता है कि हर देश के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज केवल दो या तीन देश ही पांच टेस्ट खेल सकते हैं। गावस्कर ने इसके बाद इंसेटिंव स्कीम का उदाहरण देते हुए कहा, जैसा कि भारतीय टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने धर्मशाला टेस्ट के बाद कहा था कि इंसेंटिव स्कीम टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए एक ईनाम की तरह है। ऐसे में बीसीसीआई से मैं यह अनुरोध करूंगा कि रणजी खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए भी कुछ ऐसी ही योजना लाई जाए।

ऑस्ट्रेलिया दौरे से पेरिस ओलंपिक की तैयारियों का अच्छा अवसर मिलेगा - हरमनप्रीत

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि अगले माह पांच मैचों की सीरीज के लिए होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे से उनकी टीम को अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का अवसर मिलेगा। हरमनप्रीत का मानना है कि आगामी पेरिस ओलंपिक में जीत के लिए उनकी टीम को कई क्षेत्रों में सुधार की जरुरत है। हरमनप्रीत ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के लिए उनकी टीम में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम ने अंतिम बार 34 साल पहले साल 1980 में मास्को ओलंपिक में स्वर्ण जीता था। उसके बाद से ही टीम इसके करीब भी नहीं पहुंच पायी। टोक्यो ओलंपिक में हालांकि टीम ने कांस्य पदक जीतकर पदक

का लंबा इंतजार खत्म किया था।

हरमनप्रीत ने कहा कि अगर हम टीम के प्रदर्शन पर ध्यान दें तो यह अच्छा है। हम अतिआत्मविश्वास में नहीं हैं पर हम सभी बड़ी टीमों को कड़ी चुनौती दे रहे हैं। हमारी टीम आत्मविश्वास से भरी है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना है। इसके अलावा हम किसी अन्य चीज पर विचार नहीं कर रहे हैं। हमारा कोई अन्य लक्ष्य नहीं है।

भारतीय टीम ने पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में जीत दर्ज करने के बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। इसके बाद उसने एफआईएच प्रो लीग में भी अच्छा प्रदर्शन किया। भारतीय टीम इस लीग में आठ मैच में 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। हरमनप्रीत ने कहा कि प्रो लीग के सभी मैच कठिन थे, लेकिन हमने अच्छा प्रदर्शन किया। हमने इन मैचों से काफी कुछ सीखा और टीम ने काफी सुधार किया। कुल मिलाकर हमने अच्छा प्रदर्शन किया।

आरसीबी महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के फाइनल में पहुंची

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के फाइनल में पहुंच गयी है। स्पिनर आशा सोभना की शानदार गेंदबाजी से आरसीबी ने एलिमिनेटर मैच के अंतिम ओवर में मुंबई इंडियंस को पांच रनों से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनायी। यहां उसका सामना रविवार को दिल्ली कैपिटल्स से होगा। इस मैच में मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 6 गेंदों पर 12 रन की दरकार थी और उसके पास पांच विकेट थे पर आशा के सामने उसके बल्लेबाज टिक नहीं पाये और अंतिम ओवर में 6 रन ही बना पाये। इस मैच में आरसीबी की ओर से मिले 136 रनों के लक्ष्य के जवाब में मुंबई इंडियंस 6 विकेट पर 130 रन ही बना पायी। मुंबई की ओर से कप्तान हरमनप्रीत कौन ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पायीं। वहीं नेट शीवर ब्रंट ने 23 रन बनाये। अमेलिया केर 27 रन ही बना पायीं। आरसीबी की ओर से श्रेयंका पाटिल ने दो जबकि एलिस पेरी, सोफी मोलिक्यू, जॉर्जिया वारेहम और आशा सोभना ने एक एक खिलाड़ी को आउट किया। इससे पहले पेरी के 66 रन से टीम 6 विकेट पर 135 रन तक पहुंची। पेरी के अलावा आरसीबी का कोई अन्य बल्लेबाज रन नहीं बना पाया। आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसके 3 विकेट 24 रनों पर ही गिर गये। मुंबई की ओर से हेली मैथ्यूज ने 18 रन देकर 2 विकेट लिए। कप्तान स्मृति मंधाना 10 रन ही बना पायी, जॉर्जिया वेयरहैम ने अंत में तेजी से 18 रन बनाये।

निसांका के शतक से श्रीलंका ने दूसरे एकदिवसीय में बांग्लादेश को हराया

चट्टोग्राम। श्रीलंकाई टीम ने दूसरे एकदिवसीय मैच में बांग्लादेश को 3 विकेट से हराकर सीरीज एक-एक से बराबरी पर ल दी है। इस मैच में बांग्लादेश ने पहले खेलते हुए श्रीलंकाई टीम को 287 रन का लक्ष्य दिया था जो उसने पाथुम निसांका के शतक से हासिल कर लिया। इस मैच में जीत के लिए मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए लंकाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही पर पाथुम निसांका और चरिथ असलांका ने शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। निसांका ने जहां 114 रन बनाये। वहीं असलांका ने 93 गेंदों पर 91 रन बनाए। इन दोनो के आउट होने के बाद हसरंगा और दुनिथ ने टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। की राह दिखाई।

इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की शुरूआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज लिटन दास खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गये। इसके बाद सैम्य सरकार और कप्तान शान्तो ने पारी को आगे बढ़ाया। सौम्य सरकार ने 66 गेंदों पर 68 रन बनाए जबकि शान्तो 40 रन पर आउट हुए। मध्यक्रम में तौहीद ने नाबाद 96 रन बनाए और स्कोर 286 तक ले गए। इस दौरान मुशफिकुर रहीम ने 28 गेंदों पर 25, मेहदी हसन ने 12, तंजीम हसन साकिब ने 18 तो तस्कीन अहमद ने 10 गेंदों पर 18 रन बनाए। वहीं श्रीलंका की ओर से वानिंदु हसरंगा ने 10 ओवर में 45 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि दिलशान मधुशंका ने 30 रन देकर 2 विकेट लिये। प्रमोद ने भी 72 रन देकर 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरूआत खराब रही। अविष्का फर्नांडो 0, कप्तान कुसल मेंडिस 16 तो समरविक्रमा 1 रन बनाकर आऊट हो गए पर इसके बाद निसांका और चरिथ असलांका ने पारी को आगे बढ़ाया। निसांका ने 113 गेंदों पर 13 चौके और 3 छक्कों की मदद से 114 रन बनाए। वहीं, असलांका ने 93 गेंदों पर 6 चौके और 4 छक्कों की मदद से 91 रन बनाए। जानिथ 9 रन बनाकर आऊट हो गए। तब दुनिथ 15 और वानिंदु हसरंगा 25 ने पारी को संभाला और अपनी टीम को जीत दिला दी। इस सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश जीती थी। ऐसे में अब ये सीरीज 1-1 से बराबरी पर आ गयी है।

आईपीएल की स्ट्रीमिंग मुफ्त में देखें

मुम्बई। 22 मार्च से शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले देश के 10 अलग अलग शहरों में होंगे। इस टी20 लीग मैचों की स्ट्रीमिंग मुफ्त में देखी जा सकेगी। ऑनलाइन स्ट्रीमिंग के लिए आपको मुफ्त में एक ऐप को डाउनलोड करना होगा। आईपीएल में इस बार 74 मैच खेले जाएंगे। इस बार लीग का आयोजन 67 दिनों तक चलेगा। वहीं पिछली बार आईपीएल का आयोजन 60 दिनों का था। वहीं साल 2019 में भी इसी तरह से दो चरणों में आईपीएल के मैच हुए थे। उस समय भी देश में आम चुनाव के कारण आईपीएल के कार्यक्रम अलग-अलग भाग में हुए थे। इस बार दोपहर के मुकाबले 3:30 बजे से जबकि शाम के मुकाबले 7:30 बजे से खेले जाएंगे। आईपीएल 2024 का पहला मैच मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। आईपीएल 2024 मुकाबलों की टीवी पर लाइव टेलीकास्ट स्टार स्पोर्ट्स पर देख सकते हैं। आईपीएल 2024 मुकाबलों की मोबाइल पर फ्री में ऑनलाइन लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा एप पर देखी जा सकेगी। इस बार कुल दस टीमें भाग ले रही हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीमें पहले मैच में रात 8:00 बजे से चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में आमने-सामने होंगी।

धोनी आईपीएल के बीच में ही छोड़ सकते हैं कप्तानी - रायडू

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडू ने कहा है चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के बीच में ही कप्तानी छोड़कर किसी अन्य खिलाड़ी को ये जिम्मेदारी दे सकते हैं। सीएसके के लिए पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले रायडू का मानना है कि भविष्य को देखते हुए माही आईपीएल के दौरान किसी युवा को चेन्नई का कप्तान बना सकते हैं।

पिछले सत्र में अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को सीएसके का कप्तान बनाया गया था पर लगातार असफल होने के कारण उन्होंने बीच में ही कप्तानी छोड़ दी थी। उसके बाद से ही ये जिम्मेदारी धोनी संभाल रहे हैं। उनकी कप्तानी में सीएसके को साल 2023 में पांचवीं बार खिताब मिला था।

आईपीएल में अवसर नहीं मिलने से निराश नहीं हैं मुशीर खान

मुम्बई। अंडर-19 विश्वकप क्रिकेट के बाद रणजी ट्रॉफी में भी शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा बल्लेबाज मुशीर खान ने कहा है कि आईपीएल निलामी में नहीं बिकने से निराश नहीं है। मुशीर का मानना है कि इससे भी उन्हें इस प्रारुप को समझने के लिए पर्याप्त समय मिल गया है। जिसका आने वाले समय में लाभ ही होगा। मुशीर ने पिछले कुछ सममय में अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा है। इस क्रिकेटर ने रणजी ट्राफी फाइनल में भी शतक लगाकर मुम्बई की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस युवा

क्रिकेटर का कहना है कि वह आने वाले समय में आईपीएल में भी बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। मुशीर ने कहा, "मेरा नाम आईपीएल में नहीं है पर मैं इससे परेशान नहीं हूं। मेरे पिता ने मुझे कहा कि टेस्ट क्रिकेट और टीम इंडिया के लिए खेलो। आईपीएल बाद में खेलने का अवसर मिल जाएगा।"

उन्होंने कहा, "अच्छा है इस बार किसी टीम के नहीं खरीदने के कारण मुझे आईपीएल की तैयारी के लिए एक और साल मिल गया है। मैं अब टी20 क्रिकेट को और बेहतर तरीके से खेल पाऊंगा। मुझे इस प्रारूप के लिए कैसे तैयारी करनी चाहिए वह भी समझ में आ जाएगा।" इस क्रिकेटर ने कहा कि वह अपने भाई सरफराज खान के खेल के प्रति समर्पण से प्रेरित होता है। मुशीर ने कहा, "मैं अपने भाई के समर्पण और उनकी बल्लेबाजी को देखकर उनसे काफी प्रेरणा लेता हूं क्योंकि हमारा बल्लेबाजी का तरीका भी एक प्रकार से समान ही है। उन्होंने मुझे रणजी ट्राफी फाइनल मैच से पहले कहा कि इसे एक सामान्य मैच की तरह ही लो और अपने कौशल पर भरोसे करते हुए आत्मविश्वास से उतरो।" सरफराज ने टेस्ट क्रिके में पदार्पण के बाद से ही काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

एंगिडी की जगह फ्रेजर मैकगर्क दिल्ली कैपिल्स की ओर से खेलेंगे

मुम्बई। दिल्ली कैपिल्स की टीम में शामिल दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडी भी आईपीएल 2024 से बाहर हो गये हैं। ऐसे एंगिडी की जगह पर दिल्ली ने ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जेक फ्रेजर मैकगर्क को अपनी टीम में शामिल किया है। कैपिटल्स का अपना पहला मैच 23 मार्च को चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स से खेलना है। फ्रेजर 29 गेंदों में शतक सबके ध्यान में आए थे। उन्होंने कई मौकों पर शानदार प्रदर्शन किया है।

आईपीएल की ओर से भी एक बयान में कहा गया है कि दिल्ली ने एंगिडी की जगह फ्रेजर मैकगर्क

को आईपीएल 2024 के लिए टीम में शामिल किया है। फ्रेजर ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 2 एकदिवसीय मैच खेले हैं। उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने 50 लाख रुपए देकर टीम में शामिल किया है। यह उनका रिजर्व प्राइस था। इस क्रिकेटर का घरेलू मैचों में अच्छा रिकॉर्ड रहा है।

एंगिडी फिट नहीं होने के कारण इस सत्र से बाहर हो गये हैं। की वजह से इस सीजन में नहीं खेल पाएंगे.

फेजर ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से 2 एकदिवसीय मैच खेले हैं। उन्होंने 16 फर्स्ट क्लास मैचों में 550 रन बनाये हैं। उन्होंने इस दौरान 1 शतक और 1 अर्धशतक लगाया है। फ्रेजर मैकगर्क ने लिस्ट ए में 21 मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 525 रन बनाए हैं। उनके नाम इस फॉर्मेट में एक शतक और एक अर्धशतक भी है। फ्रेजर द मार्श कप में 29 गेंदों में शतक लगाकर चर्चा में आए थे। उन्होंने दक्षिणध ऑस्ट्रेलिया के लिए एक मैच में 38 गेंदों का सामना करते हुए 125 रन बनाए थे। यह मुकाबला तस्मानिया के खिलाफ अक्टूबर 2023 में खेला गया था।

वहीं एंगिडी ने कई मौकों पर शानदार गेंदबाजी की है। एंगिडी ने आईपीएल में 14 मैच खेलकर 25 विकेट लिए हैं। उनका एक मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 10 रन देकर 4 विकेट लेना रहा है।

रणजी में सबसे अधिक रन बनाने वाले पांच खिलाड़ियों में रिकी भुई सहित चार युवा शामिल रहे

नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी में इस बार युवा खिलाड़ी छाये रहे हैं। इस बार टूर्नामेंट में रिकी भुई, सचिन बेबी सहित चार युवा खिलाड़ियों ने सबसे अधिक रन बनाए हैं। अनुभवी खिलाड़ियों की बात करें तो केवल चेतेश्वर पुजारा ही एकमात्र अनुभवी खिलाड़ी रहे जो अधिक रन बना पाये। वहीं हैरानी की बात ये है कि सबसे अधिक रन बनाने वालो में विजेता टीम मुम्बई का कोई भी खिलाड़ी शामिल नहीं है। इस सत्र में सबसे अधिक रन भुई के नाम रहे। भुई ने इस सत्र में 900 से भी अधिक रन बनाए हैं। भुई ने आंध्र प्रदेश की ओर से खेलते हुए 13 पारियों में कुल 902 रन बनाए हैं। उनका 75 के औसत से सबसे अधिक स्कोर 175 रन रहा है। इस दौरान इस बल्लेबाज ने 4 शतक और 3 अर्धशतक लगाए हैं। वहीं इस सत्र में दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी सचिन बेबी हैं। सचिन बेबी ने इस सत्र में 800 से भी अधिक रन बनाए हैं। सचिन ने केरल की ओर से खेलते हुए 12 पारियों में कुल 830 रन बनाए हैं। उनका उच्चतम स्कोर 131 रन का रहा था।

वहीं औसत करीब 83 के आस पास का रहा है। इस सत्र में इस युवा ने 4 शतक और इतने ही अर्धशतक लगाए हैं।

सत्र में तीसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा हैं। पुजारा ने भी इस सत्र में 800 से अधिक रन बनाए. पुजारा ने सौराष्ट्र के लिए खेलते हुए 13 पारियों में कुल 829 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 234 नाबाद का रहा था। इसके साथ ही औसत करीब 70 के आस पास का रहा है। इस सत्र में उन्होंने 3 शतक और 2 अर्धशतक लगाये हैं।

वहीं सत्र में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी एन जगदीशन हैं। जगदीशन ने भी इस सत्र में 800 से भी अधिक रन बनाए. जगदीशन ने तमिलनाडु के लिए खेलते हुए 13 पारियों में कुल 816 रन बनाए। उनका सर्वोच्च स्कोर 321 रन और औसत करीब 74 के आस पास का रहा है। इस सत्र में उनके नाम 2 शतक और 1 अर्धशतक है। वहीं पांचवे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी शाश्वत रावत हैं। बड़ौदा के लिए खेलते हुए शाश्वत ने 13 इनिंग्स में कुल 784 रन बनाए। उनका शीर्ष स्कोर 207 रन का रहा था. वहीं, औसत की बात करें तो वह करीब 60 के आस पास का रहा है। इस बल्लेबाज ने 4 शतक और 2 अर्धशतक लगाये हैं।

टी20 विश्व कप सेमीफाइनल और फाइनल में बाधा आई तो रिजर्व दिनों में होगा मुकाबला - आईसीसी

दुबई। वेस्टइंडीज और अमेरिकी में जून में होने वाले टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व दिन रखे गये हैं जिससे बारिश आदि के कारण रद्द होने पर मैच इन दिनों रखा जाएगा। रिजर्व दिनों को लेकर फैसला आईसीसी की वार्षिक बोर्ड बैठक के दौरान लिया गया क्योंकि पिछले सत्र में रिजर्व दिन नहीं रखे जाने की कड़ी आलोचना हुई थी, कई टीमों को इससे नुकसान हुआ था। इसी को देखते हुए ही आईसीसी ने गत वर्ष भारत में हुए पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए रिजर्व दिन रखा था।

बैठक के दौरान,आईसीसी ने पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिये खेल की शर्तों को भी मंजूरी दे दी और 2026 संस्करण के लिए योग्यता प्रक्रिया की भी घोषणा की।

आईसीसी ने वार्षिक बोर्ड बैठक के बाद कहा कि रू रुप चरण और सुपर आठ चरण में मैच आयोजित करने के लिए दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली टीम को कम से कम पांच ओवर फेंकने होंगे। नॉकआउट दौर में, एक मैच के लिए दूसरी पारी में कम से कम 10 ओवर फेंकने होंगे। वहीं इससे पहले शुक्रवार को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 क्वालिफिकेशन प्रक्रिया को भी मंजूरी दे दी गई। ये 20 टीमों का टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा और इसमें कुल 12 स्वचालित क्वालीफायर होंगे। 2024 संस्करण में शीर्ष आठ टीमें भारत और श्रीलंका के साथ स्वचालित क्वालीफायर के रूप में जुड़ेंगी।

हार्दिक को लेकर प्रवीण ने बीसीसीआई पर निशाना साधा, वह चांद से नहीं आया

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर प्रवीण कुमार ने आईसीसी अनुबंध को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) पर पक्षपात का आरोप लगाय है। प्रवीण ने कहा एक ओर से घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने पर ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को बाहर कर दिया गया है। वहीं ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को अनुबंध सूची में बरकरार रखा है जबकि पंड्या भी घरेलू क्रिकेट नहीं खेलते हैं। पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण ने तंज कसते हुए कहा कि पंड्या कोई चांद से उतर के नहीं आया है।

प्रवीण ने कहा, पंड्या क्या चांद से उतर के आया है। अन्य लोगों की तरह ही उन्हें भी घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। उनके लिए कोई अलग नियम नहीं रखा जा सकता। बीसीसीआई को अपनी इस नीति का कारण भी बताना

होगा। साथ ही सवाल किया कि पंड्या केवल घरेलू क्रिकेट में टी20 टूर्नामेंट ही क्यों खेलेंगे? उन्हें टेस्ट और टी20 सहित हर प्रारुप में खेलना होगा।

पंड्या ने भारतीय टीम की ओर से छह साल से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट इंग्लैंड के खिलाफ साल 2018 में खेला था। इसके बाद से ही वह टेस्ट मैच से बाहर हैं। वह केवल भारतीय टीम की ओर से टी20 और एकदिवसीय मैच में भाग लेते हैं। घरेलू क्रिकेट की बात करें तो वह केवल 20 ओवर के मैच में हिस्सा लेते हैं। हाल में ही उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी टीम की ओर से खेला था।

पंड्या ने अब तक भारत की ओर से कुल 92 टी20 मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने कुल 1348 रन बनाये हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 71 का रहा है। वहीं गेंदबाजी करते हुए हार्दिक ने 92 मैचों की 82 पारियों में कुल 73 विकेट लिए हैं।

पाक में दो दशक के बाद खेली जाएगी त्रिकोणीय सीरीज

न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें होंगी शामिल

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि उनकी टीम अगले साल फरवरी में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ एक अपनी ही धरती पर एक त्रिकोणीय सीरीज खेलेगी। पीसीबी के अनुसार दो दशक के बाद देश किसी त्रिकोणीय सीरीज की मेजबानी करेगा। इससे पहले पाकिस्तान ने अक्टूबर 2004 में अंतिम बार त्रिकोणीय सीरीज की मेजबानी की थी तब श्रीलंका और जिम्बाब्वे की टीमें पाकिस्तान खेलने आई थीं।

पीसीबी के अनुसार त्रिकोणीय सीरीज चैंपियंस ट्रॉफी से पहले खेली जाएगी। पाकिस्तान की टीम को इस एकदिवसीय टूर्नामेंट की मेजबानी मिली है। पाक ने अंतिम बार चैम्पियंस ट्रॉफी 2017 में जीती थी। तब उन्होंने भारत को फाइनल में 180 रन से हराया था।

वहीं पीसीबी के नये अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के अध्यक्ष लॉसन नायडू और न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के अध्यक्ष रोजर ट्वसे से मुलाकात के बाद त्रिकोणीय सीरीज की घोषणा की है।

पाकिस्तान ने अंतिम बार साल 2008 में बांग्लादेश में त्रिकोणीय सीरीज में भाग लिया था। इस सीरीज में पाक के अलावा अन्य दो टीमें बांग्लादेश और भारत थीं। अंतिम बार पाकिस्तान ने अक्टूबर 2004 में त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी की थी तब श्रीलंका और जिम्बाब्वे की टीमें पाकिस्तान खेलने आई थीं।

पीसीबी प्रमुख नकवी ने कहा, पीसीबी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी के लिए भी उत्सुक है, जो पाकिस्तान के लिए अपनी धरती पर शीर्ष आठ एकदिवसीय टीमों की मेजबानी करने से जुड़ा है। हमारी दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच त्रिकोणीय सीरीज एक रोमांचक घटना होगी और यह लंबे समय के बाद है कि पाकिस्तान इस तरह के टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। मैं त्रिकोणीय श्रृंखला में भाग लेने के लिए सहमत होने के लिए न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीकी बोर्ड का आभारी हूं।

जिले भर में आंधी तूफान के साथ गिरे ओले, हुई झमाझम बारिश

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। मार्च माह के बढ़े हुए तापमान के बीच शनिवार की शाम एकाएक मौसम में परिवर्तन आ गया। जहां दोपहर के बाद नीले आसमान को काले बादलों ने घेरना शुरू कर दिया और बादलों की गड़गड़ाहट के बीच तेज आंधी तूफान के साथ बे मौसम बारिश शुरू हो गई। जहां शुष्क ठंड हवाओं के बीच बिजली की चमक और बादलों की गड़गड़ाहट के बीच जिले भर में जहा तहाँ ओले गिरे ,तो वही झमाझम बारिश भी देखने को मिली।अचानक मौसम में आए इसी बदलाव के बीच मौसम विभाग ने नगर का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।तो वही न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। मौसम में आए इसी अचानक बदलाव के बीच मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों तक मौसम की कुछ इसी तरह बने रहने ,तापमान में नमी के साथ बीच-बीच में जिले भर में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। हालांकि जिलेभर में हो रही यह बारिश किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। जहां जिले भर में हुई इस बे- मौसम बारिश ने किसानों के चेहरों पर एक बार फिर मुस्कान बिखेर दी है।

गर्मी के अहसास के बीच ठंडक घोल गई बे-मौसम बारिश

शनिवार की शाम एकाएक मौसम परिवर्तन से बारिश की तरह मंजर दिखाई दिया। जहा नीले आसमान में काले बादल छाने लगे और तेज हवाओं के साथ आसमानी बिजली की चमक व बादलों गड़गड़ाहट के साथ बारिश हुई। वहीं बालाघाट और लालबर्रा क्षेत्र में तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। मौसम के इस एकाएक परिवर्तन ने विगत कुछ दिनों से ग्रीष्म ऋतु के अहसास को भी कम किया।नगर में शाम पांच बजे के बाद बारिश के साथ ओलो की जमकर बरसात हुई। जिससे देखते ही देखते पूरी सड़के सुनसान हो गई। फिलहाल मौसम विज्ञान के अनुसार इस समय पूर्वी विदर्भ से लेकर उत्तरी तटीय तक एक ट्रफ लेयर गुजर रही है, जिसके कारण दक्षिण-पूर्वी हवाएं, पूर्वी मध्यप्रदेश में नमी ला रही है। इन चक्रवती हवाओं के प्रभाव के चलते पूर्वी मध्यप्रदेश में 72 घंटो तक मौसम बिगड़ने की संभावना है। इसी के चलते मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। मौसम में परिवर्तन होने से तापमान में भी गिरावट महसुस की गई है। वही बे मौसम बारिश ने एक बार फिर मौसम को सुहाना बना दिया है।

बे-मौसम बारिश से किसानों को फायदा

शनिवार की शाम जिले भर में हुई इस बे मौसम बारिश ने जहां एक ओर जिले में लगातार बढ़ते जा रहे तापमान को धराशाई कर दिया है।तो वहीं दूसरी ओर जिले भर में हुई बे मौसम बारिश से किसानों के चेहरे एक बार फिर खिल उठे हैं। जहां रबी में मुख्यतः धान की फसल लगाने वाले किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए जैसे तैसे पानी का जतन कर रहे थे। लेकिन भारी उम्मस और गर्मी अधिक होने के चलते फसलों को पानी भी नहीं पुर पा रहा था। तो वही कई क्षेत्रों में नहर बंद करके रखी गई है।जहा नहर से पानी ना मिलने के चलते किसान खासे परेशान थे।जहां आज शनिवार की शाम हुई इस बे मौसम बारिश ने किसानों के चेहरे पर एक बार फिर मुस्कान बिखेर दी है तो वही किसान इसी तरह दो-तीन दिनों की बारिश की राह देख रहे हैं। बताया जा रहा है कि शनिवार को हुई बारिश से किसानों की किसी भी फसल को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचा है लेकिन यदि यह बारिश लंबी समय तक बरकरार रहती है तो फिर दलहनी फसलों को नुकसान हो सकता है लेकिन फिलहाल किसान इस बारिश से काफी खुश है।

आंधी तूफान से विद्युत व्यवस्था हुई प्रभावित

शनिवार की शाम मौसम में आए अचानक बदलाव और तेज आंधी तूफान के साथ शुरू हुई इस बारिश का सबसे ज्यादा असर विद्युत व्यवस्था पर पड़ा। जहां बिजली की चमक और बादलों की गड़गड़ाहट के बीच तेज आंधी तूफान के साथ ओले भारी बारिश होने से जिले की विद्युत व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा गई और शाम से ही जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसीलों व ग्रामीण अंचलों में विद्युत व्यवस्था पूर्ण रूप से ढप रही हालांकि जिलेभर में चरमराई हुई इस विद्युत व्यवस्था को सुचारु करने के लिए विद्युत कर्मी जुटे रहे, लेकिन देर रात तक व्यवस्था नहीं बन सकी। जिसके चलते लोगों को अपने घरों को रौशन करने के लिए दिए, चिराग,व लैटिन का सहारा लेना पड़ा। तो वही मोबाइल टॉर्च के भरोसे कई लोग अपने घरों में कैद नजर आए। जहां देर रात शहरी क्षेत्र के कुछ इलाकों में तो विद्युत व्यवस्था बहाल हो गई। लेकिन जिले के ज्यादातर

13 नग मुक मवेशियों की तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

कटंगी। गोवंश की तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए तिरोड़ी पुलिस ने 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से कुल 13 नग मवेशी बरामद किए गए, जिन्हें कटेधरा स्थित कामधेनु गौशाला में सुरक्षित पहुंचा दिया गया है. वहीं आरोपियों को शनिवार को माननीय व्यवहार न्यायालय में पेश किया गया. जहां से दोनों ही आरोपियों को उपजेल वारा भिजवा दिया गया है. तिरोड़ी पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 15 मार्च की रात्रि 09 बजे मुखबिर की सूचना पर ग्राम चन्द्रकुंआ तिराहा मिल के पास से राहुल पिता रुपचंद नेटी उम्र 27 वर्ष निवासी टुईयापार को 4 नग बैल और 2 गोरे के साथ गिरफ्तार किया. मवेशियों की अनुमानित कीमत 90 हजार रुपए आंकी गई है. वहीं दूसरी कार्रवाई ग्राम टुईयापार और चन्द्र कुआं के बीच में की. यहां पर मुकेश पिता रमेश दसमेर निवासी टुईयापार को 3 नग गाय और 04 नग बछड़ी के साथ गिरफ्तार किया गया. मवेशियों की कीमत 70 हजार रुपए आंकी गई. पुलिस के अनुसार जब आरोपियों से मवेशियों की खरीदी बिक्री से जुड़े दस्तावेज पुछे गए तो आरोपी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवा पाए. पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध म.प्र. गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4,6,9 और पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत कार्रवाई की है. गौरतलब हो कि विधायक ने गोवंश की तस्करी पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के लिए पुलिस से कहा है जिसके बाद पुलिस अब हर संसाह मवेशियों की तस्करी करने वालों पर कार्रवाई कर रही है।

72 घंटे में संपत्ति विरूपण और कोलाहल नियमों के अनुसार कार्यवाही होगी प्रारम्भ

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने आदर्श आचार संहिता की घोषणा होते ही जिले के राजस्व, पुलिस और फ्लाइंग स्कॉट में लगने वाले अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि आचार संहिता लागू होते ही 72 घंटे में संपत्ति विरूपण और कोलाहल अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न कार्यवाहिया की जानी है। सभी अधिकारी इस पर फोकस होकर कार्य करें। शासकीय, अशासकीय और निजी सम्पत्तियों से पोस्टर बैनर पाम्पलेट हटाने की त्वरित कार्यवाहियां करते हुए जानकारी प्रेषित करें। साथ ही सभी नाके व चैक पोस्ट पर निगरानी कार्य प्रारम्भ कर दिया जाए। वहीं किसी भी दल और इलेक्शन में लगने वाली मशीनरी द्वारा निर्वाचन में बच्चों का सहयोग/उपयोग नही होगा। इस बात का भी ध्यान रखा जाए। सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी है। सेक्टर अधिकारी द्वारा विजिट के दौरान इस बात पर ज्यादा फोकस करेंगे। पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ ने कहा कि पिछली बार जो इससु आये थे उन पर विशेष गौर करते हुए समय पर तैयार रहें। लोकसभा निर्वाचन में भी लगभग वहीं व्यवस्थाएं है। विधानसभा निर्वाचन के दौरान बनाए गए नाके और चैक पोस्ट है। सभी समन्वय करते हुए सकियता दिखाने का समय है। गाड़ियों की चैकिंग और चिन्ह हटाये। बैठक में अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, एएसपी विजय डावर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी केसी ठाकुर एसडीएम गोपाल सोनी व अन्य अधिकारी सभागृह में तथा अनुभागीय अमला गूगल मीट के माध्यम से बैठक में जुड़ा।

जंगली सूअर के हमले में महिला घायल

वारासिवनी वन परिक्षेत्र के सतौना की घटना

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी वन परिक्षेत्र में आने वाले ग्राम सतोना में जंगली सूअर के हमले में एक महिला घायल हो गई। 16 मार्च को सुबह 9:00 बजे यह घटना उस समय हुई जब यह महिला अपने खेत गई थी। घायल महिला हरकिन बाई पति मांगीलाल मातरे 60 वर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरकिन मातरे अपने परिवार के साथ खेती किसानी करती है ।16 मार्च को सुबह 9:00 बजे हरकिन बाई अलसी खोदने के लिए अकेले ही अपने खेत गई थी ।जब हरकिन बाई अपने खेत में अलसी खोद रही थी तभी नाला तरफ से दो जंगली सूअर दौड़ते हुए आए और अलसी खोद रही हरकिन पर हमला कर दिए और उसके दाहिने हाथ को काट कर पटक दिए हरकिन बाई के चिल्लाने पर खेत पड़ोसी दौड़े जिनके आने पर दोनों जंगली सूअर भाग गई। खबर मिलने पर हरकिन बाई के परिवार के लोग खेत पहुंचे और उसे उठाकर घर लाये। 108 एंबुलेंस से हरकिन बाई को जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है।

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट में शुक्रवार को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस हर साल 15 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर में उपभोक्ता अधिकारों एवं जरूरतों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। यह दिन उपभोक्ता अधिकारों को बढ़ावा देने, वस्तु की मात्रा, गुणवत्ता शुद्धता, क्षमता, कीमत और मानक के बारे में जागरूकता के लिए मनाया जाता है। ग्राहकों के साथ आये दिन होने वाली धोखाधड़ी को रोकने के लिए और उपभोक्ता अधिकारो को और ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए उपभोक्ता संरक्षण कानून लागू किया गया है। जिसमें उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचने के लिए कई प्रावधान है। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के सचिव व जिला न्यायाधीश आसिफ अब्दुल्लाह, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, चीफ लीगल एड डिफेंस कार्उसिल बंसत डहाके, मीडिएटर श्रीमती दिनेश्वरी राणा, उबेद खान, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिजीत बापट, खगेन्द्र चुरहे, झनकलाल सूर्यवंशी आदि वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्तागण व पक्षकारगण उपस्थित रहें।

ऑनलाईन लॉटरी के माध्यम से होगा शाला में प्रवेश

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र बालाघाट से प्राप्त जानकारी अनुसार आरटीई ऑनलाईन लाटरी के माध्यम से मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निशुल्क प्रवेश के लिये बच्चों की च्वाईस एवं पात्रता अनुसार स्कूल का आवंटन की स्थिति का पता लगाया जा सकता है। जिन बच्चों को स्कूल का आवंटन हुआ है वह आरटीई पोर्टल से आवंटन पत्र डाउनलोड करके 15 मार्च से 22 मार्च 2024 तक आवंटन पत्र के साथ आवंटित स्कूल में प्रवेश ले सकते है। प्रवेश के लिये उपस्थित होने पर संबंधित स्कूल द्वारा आरटीई मोबाइल एप से एडमीशन रिपोर्टिंग करना अनिवार्य है क्योंकि जिनकी मोबाइल एप से एडमीशन रिपोर्टिंग नही होगी वह प्रवेश मान्य नही होता है। इसलिये बच्चे के स्कूल में उपस्थिति के समय ही स्कूल द्वारा मोबाइल एप से फोटो लेना एवं पालक को प्राप्त ओटीपी के माध्यम से एडमीशन रिपोर्टिंग अवश्य करें। बताया गया है कि प्रथम चरण में आवंटित स्कूल में यदि प्रवेश नही लेना चाहते है तो जिन स्कूलों में सीटें रिक्त रह जायेगी उन स्कूलों की च्वाइस दर्ज कर सकते है। स्कूल द्वारा रिपोर्टिंग करने की अंतिम तिथि 22 मार्च 2024 है।

आचार संहिता की दहशत : मंत्रियों ने हड़बड़ी में आधी रात को कर डाले कई प्राजेक्ट मंजूर

नई दिल्ली। आज दोपहर 3 बजे लोकसभा चुनाव का ऐलान हो जाएगा और चुनावी तारीखों की घोषणा होते ही आचार संहिता लग जाएगी। ये सभी को पता है कि आचार संहिता लगते ही विशेष परिस्थितयों को छोड़ दें तो कोई भी विभाग नए प्रोजेक्ट को मंजूरी नहीं देता है। यही कारण है कि बीती रात केंद्र सरकार के कई विभागों ने ताबड़तोड़ फैसले लिए और करोड़ों के प्रोजेक्ट्स मंजूर किए हैं।खबरों के मुताबिक नितिन गडकरी के सड़क परिवहन मंत्रालय के अधीन आने वाले विभागों और एनएचएआई शुक्रवार की देर रात तक कामकाज होता रहा। इस दौरान मंत्री गडकरी ने 1700 करोड़ रुपये की तीन हाई-वे प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। ये हाई-वे प्रोजेक्ट गुजरात, असम और कर्नाटक के लिए हैं। इनके अलावा मध्य प्रदेश में उज्जैन रेलवे स्टेशन से महाकालेश्वर मंदिर तक 189 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले रोप-वे को भी मंजूरी दी गई है। मंत्रालय सूत्रों ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने से पहले हमें निर्धारित लक्ष्य पूरे करने थे, इसलिए योजनाएं तत्काल मंजूर की गईं। चुनाव की तारीखों का ऐलान हो जाने के बाद हम नए प्रोजेक्ट को मंजूरी नहीं दे सकते थे। इससे टारगेट पूरा करने में अड़चन आती। आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत सॉलिड एंड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। आचारसंहिता लगने से ऐन पहले सरकार ने यह भी घोषणा की कि वह घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर को 300 रुपये प्रति टन बढ़ाकर 4,900 रुपये टन कर देगी। नई दरें शनिवार से प्रभावी होंगी। 1 मार्च को सरकार ने पेट्रोलियम रूड्ड पर विंडफॉल टैक्स 3,300 रुपये से बढ़ाकर 4,600 रुपये प्रति टन कर दिया था। गडकरी के अलावा केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने भी असम के ब्रह्मपुत्र नदी पर 645 करोड़ रुपये के 10 नए जलमार्गों को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं को केंद्र सरकार की सागरमाला कार्यक्रम के तहत केंद्र से 100 फीसदी फंडिंग मिलेगी। इसी तरह आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय ने 925 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है।

चुनाव के लिए भाजपा-एनडीए पूरी तरह से हैं तैयार - मोदी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने आज शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा कर दी है। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार आया है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मतदाताओं से रिकॉर्ड वोटिंग करने की अपील की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक बयान में कहा है कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार आ गया है। चुनाव आयोग ने 2024 लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित कर दी हैं। हम, भाजपा-एनडीए चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सभी क्षेत्रों में हम सुशासन के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर ही लोगों के पास जा रहे हैं। दस साल पहले, हमारे सत्ता संभालने से पहले तक भारत के लोग इंडी गठबंधन के दयनीय शासन के कारण ठगा हुआ और निराश महसूस कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि तब कोई भी क्षेत्र घोटाले और नीतिगत पंगुता से अछूता नहीं रहा। इससे आगे उन्होंने कहा कि विश्व ने भारत का साथ छोड़ दिया था। वहां से, यह शानदार बदलाव रहा है।

चुनाव की घोषणा के साथ ही बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देश से अपील करते हुए कहा कि रिकॉर्ड वोटिंग कर लोकतंत्र की नींव मजबूत करें। इसी के साथ उन्होंने कहा कि मैं चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 की घोषणा का स्वागत करता हूं। लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव चुनाव है। उन्होंने कहा कि यह देश और प्रदेश को विकास और सुशासन के पथ पर अग्रसर रखने का बेहतरीन माध्यम भी है। इसी के साथ उन्होंने अपील करते हुए कहा, कि मैं समग्र राष्ट्र की जनता से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की नींव को और मजबूती प्रदान करने का आह्वान करता हूं। उन्होंने दावा किया कि एक बार फिर पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा भारी बहुमत से सरकार बनाएगी और आगामी 5 वर्षों के लिए जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कटिबद्ध भाव से कार्य करेगी।

पैकूराम मेहरबान का निधन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के बस स्टैंड स्थित श्रृंगारिका जनरल स्टोर के संचालक केवल प्रसाद मेहरबान के पिता एवं गायत्री शक्तिपीठ लांजी के प्रमुख ट्रस्टी किशनलाल मेहरबान के बड़े भाई वैशाली नगर भिलाई निवासी पैकूराम मेहरबान का 83 वर्ष की आयु में 16 मार्च को रात्रि 8 बजे निधन हो गया। आप भिलाई इस्पात संयंत्र में चार्जमेन के पद से सेवानिवृत्त थे। जिनका अंतिम संस्कार आज 17 मार्च को दोपहर 2 बजे भिलाई के राम नगर मोक्षधाम में किया जाएगा। आप अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री का भरा-पूरा परिवार छोड़ स्वर्ग सिधार गए। इस दुखद निधन पर गायत्री परिवार, सामाजिक तथा मित्रगणों द्वारा शोक श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार को दुःख सहन करने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

सांसद डिंपल यादव ने भारत में बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की मांग की

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की मैनपुरी लोकसभा सीट से सांसद डिंपल यादव ने भारत में बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब बाकी देशों में बैलेट पेपर से चुनाव हो सकते हैं तो भारत में क्यों नहीं? डिंपल ने कहा कि बैलेट पेपर पर लोगों का भरोसा होता है। वोटर जब वोट देकर आते हैं तो उसमें कोई चीटिंग नहीं होती है।

सांसद डिंपल यादव ने कहा कि पाकिस्तान हो, बांग्लादेश या चीन हो सब बैलेट पेपर से चुनाव करवा रहे हैं। फिर भारत ही ऐसा देश क्यों है जो ईवीएम से चुनाव कराए। डिंपल ने कहा मैं समझती हूं सरकार को लोगो की मंशा को देखते हुए बैलेट पेपर से चुनाव कराना चाहिए। डिंपल यादव अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचीं थीं। इस दौरान उन्होंने सीएए से लेकर महंगाई, एमएसपी, रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा समेत कई मुद्दों पर अपनी राय जाहिर की।

डिंपल यादव ने सीएए पर अमित शाह के बयान का भी जवाब दिया। अमित शाह के अनुसार सीएए नागरिकता देने का कानून है, लेकिन विपक्ष बरगलाने का काम कर रहा है के जवाब में लोकसभा सांसद डिंपल ने कहा कि अमित शाह जी पहले भी इस पर ज्ञान दे चुके हैं। अब चुनाव का सीजन है उन्हे मूलभूत मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। जनता को समझाने और बताने के लिए महंगाई, एमएसपी, रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा जैसे बहुत सारे मुद्दे हैं। बीजेपी ने इन मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए सीएए लागू किया है।

अबकी बार 400 पार का नारा...इस सर्वे में सच होता दिख रहा

नई दिल्ली। एनडीए के लिए 400 पार का नारा दे रही भारतीय जनता पार्टी के लिए अच्छे संकेत हैं। हाल ही में हुए सर्वे से पता चला है कि भाजपा की अगुवाई वाला गठबंधन 400 से ज्यादा सीटें जीत सकता है। खास बात है कि पहली बार है जब किसी सर्वे में एनडीए को 400 से ज्यादा सीटें मिलने की संभावनाएं जाहिर की हैं। फिलहाल, भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं किया है। एक मेगा ओपिनियन पोल के अनुसार, एनडीए 411 सीटें जीत सकता है। लोकसभा में कुल सीटों की संख्या 543 है। हालांकि, 370 सीटें जीतने का दावा कर रही भाजपा अपने लक्ष्य से पीछे रह सकती है। पोल के आंकड़े बताते हैं कि भाजपा चुनाव में 350 सीटें जीत सकती है। सर्वे के मुताबिक, एनडीए उत्तर प्रदेश की 80 में से 77, मध्य प्रदेश में 28, छत्तीसगढ़ में 10, बिहार में 38 और झारखंड में 12 सीटें अपने नाम कर सकता है। गठबंधन कर्नाटक में 25, तमिलनाडु में 5 और केरल में 2 सीटों पर भी जीत हासिल कर सकता है। संभावनाएं हैं कि कई राज्यों में एनडीए का ग्राफ बढ़ने के आसार हैं। इसमें ओडिशा में 13, पश्चिम बंगाल में 25, तेलंगाना में 8 आंध्र प्रदेश में 18 सीटें जीत सकती है। गुजरात में एनडीए को सभी 26 सीटों पर जीत मिल सकती है। वहीं ओपिनियन पोल के अनुसार, विपक्षी गठबंधन इंडिया को 105 सीटें मिलती दिख रही हैं। वहीं, सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के खाते में सिर्फ 49 सीटें ही आने के आसार हैं। खास बात है कि साल 2014 में कांग्रेस का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा था। तब पार्टी ने 44 सीटें अपने नाम की थी।

चुनावी बॉण्ड घोटाले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो स्वतंत्र जांच

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा कि चुनावी बॉण्ड घोटाले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच होना जरूरी है। कांग्रेस पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में सरकार का मतलब जितना चंदा, उतना हक है।

कांग्रेस नेता रमेश ने पोस्ट किया, चुनावी बॉण्ड पर डेटा सामने आने के बाद पहले विश्लेषण में भाजपा की चार भ्रष्ट नीति - चंदा दो, धंधा लो, हफ्ता वसूली, ठेका लो, रिश्वत दो और फर्जी कंपनी-डकैत संगिनी सामने आई थी। कांग्रेस नेता रमेश ने कहा, भारत के कॉरपोरेट से हजारों करोड़ रुपये की उगाही और वसूली की गई है। हजारों करोड़ की सार्वजनिक संपत्ति लूटी गई है।

उन्होंने दावा किया, इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी कंपनियों ने भारी मात्रा में चंदा दिया है। उदाहरण के लिए मेघा इंजीनियरिंग, तेलंगाना में कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना पर काम कर रही थी। मेघा ने मेडीगड्डा बैराज के कुछ हिस्से का निर्माण किया, जो इस परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसा हुआ कि बैराज डूबने लगा, जिससे करदाताओं का एक लाख करोड़ रुपए बर्बाद हो गए। उनके मुताबिक, पिछले कुछ वर्षों में इस तरह बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं के खराब होने कई उदाहरण सामने आए हैं, ऐसा ही एक और उदाहरण गुजरात का मोरबी है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि इतना ही नहीं कंपनियों ने चुनावी बॉण्ड खरीदने के बाद पर्यावरण संबंधी मंजूरी प्राप्त किया। चुनावी बॉण्ड से कितनी वन भूमि नष्ट हुई? भाजपा का खजाना भरा रखने का बोझ किन आदिवासी समुदायों को उठाना पड़ा है? उन्होंने दावा किया, चुनावी बॉण्ड घोटाले के माध्यम से सामने आए इन भ्रष्ट कार्यों के अलावा शनिवार की सुबह प्रधानमंत्री मोदी के पसंदीदा कारोबारी समूह की अमेरिकी जांच से संबंधित खबरें सामने आई है।

जिले में शुरू हुई पोस्टरवाद की राजनीति

जिले में लग रहे बधाई संदेशों के पोस्टर से हटाया जा रहा सांसद का नाम सोशल मीडिया पर झलका सांसद का दर्द

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने जैसे ही बालाघाट - सिवनी संसदीय क्षेत्र की प्रत्याशी का नाम घोषित किया उसके बाद से ही जिले की राजनीति में पोस्टरवाद की राजनीति शुरू हो गई और वहीं भाजपा में गुटबाजी भी देखी जाने लगी, जिस पर भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी भारती पारधी द्वारा बताया गया कि उन्हें भी जानकारी लगी है की पोस्टर से सांसद ढाल सिंह बिसेन की फोटो हटाई गई है उन्होंने कहा कि निश्चित ही किसी से गलती हुई है और वह हमारे वरिष्ठ है उनकी इस प्रकार से फोटो गायब नहीं की जा सकती, यह एक त्रुटि है जिसे सुधार लिया गया है। आपको बता दे की इन दिनों जिले में पोस्टरवाद की राजनीति देखने में मिल रही है ,जब से बालाघाट - सिवनी संसदीय क्षेत्र की भाजपा ने सूची जारी की और भारती पारधी को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है, उसके बाद से ही कहीं ना कहीं जिले में भाजपा के अंदर गुटबाजी देखी जा रही है , तो वहीं जिले में पोस्टरवाद भी शुरू हो गया है, अभी कुछ दिन पहले ही प्रत्याशी घोषित होने के बाद लालबर्रा क्षेत्र की एक होर्डिंग में सांसद ढालसिंह बिसेन की फोटो नहीं दिख रही थी और यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा था, जिसमें सांसद द्वारा भी यह आरोप लगाए गए थे कि उनकी अभी से ही फोटो हटा दी गई है और उन्हें बुलाया भी जा रहा था, जिस पर सोशल मीडिया पर सभी ने अपने-अपने विचार भी व्यक्त किए थे, जिस पर लोकसभा प्रत्याशी

भारती पारधी द्वारा प्रदेश न्यूज़ से चर्चा के दौरान बताया गया कि जो होर्डिंग्स से फोटो गायब होने की बात कही जा रही है , उसमें कहीं ना कहीं किसी से गलती हो गई होगी, उन्हें भी किसी के द्वारा यह जानकारी दी गई है और उन्हें अभी यह पता चला है, यह धोखे से हुआ है ,किसी के द्वारा जानबूझकर गायब नहीं किया गया है, वह हमारे वरिष्ठ हैं और उन्होंने 5 वर्षों में जिले के लिए विकास के बड़े-बड़े कार्य किए हैं और उनका अच्छा नेतृत्व रहा है और उनका सम्मान बरकरार रहेगा ,पूछे गये एक प्रश्न में कि कहीं ना कहीं उन्हें टिकट मिलने के बाद भाजपा के दूसरे गुट में गुटबाजी देखी जा रही है जिस पर उन्होंने कहा कि यदि गुडबाजी होती तो भारती पारधी प्रत्याशी नहीं बनती ,उन्होंने बताया कि भारती पारधी को प्रत्याशी बनाकर सभी ने अपनाया है और इसमें सभी का सहयोग रहा तभी उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिली है, जिस प्रकार से भाजपा के कुछ कार्यक्रमों में बड़े नेता और चर्चित चेहरे नहीं दिख रहे हैं जिस पर उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है और सभी उनके वरिष्ठ नेता कार्यक्रम में आ रहे हैं।

नपा के कार्यक्रम के पोस्टर से भी थी सांसद की फोटो गायब

आपको बता दे कि जिस प्रकार से नगर पालिका द्वारा पार्षद भारती पारधी का स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया था उसमें भी नगर पालिका द्वारा एक फ्लेक्स बनाया गया था और इस फ्लेक्स की फोटो और आमंत्रण पहले ही सोशल मीडिया पर डाल दिया गया था, जिसमें भी सांसद ढालसिंह बिसेन की फोटो नहीं लगाई गई थी और जैसे ही यह पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ उसके बाद नगर पालिका द्वारा अपनी गलती सुधारते हुए उस होर्डिंग को हटाकर उसके स्थान पर सांसद की फोटो लगाकर दूसरी होर्डिंग लगाई गई, ऐसी जानकारी और चर्चा का विषय राजनीतिक गलियारों में चल रहा है।

सांसद ने भी सोशल मीडिया पर किया था कमेंट

जिस प्रकार से पोस्टरवाद सोशल मीडिया पर चल रहा था और यह जानकारी जब सांसद ढालसिंह बिसेन को लगी की भारती पारधी के भाजपा द्वारा प्रत्याशित घोषित होने के बाद जिले में पोस्टरवाद की राजनीति चल रही है और उनका नाम और फोटो पोस्टर में नहीं डाले जा रहे हैं ,जिस पर स्वयं ढालसिंह बिसेन द्वारा सोशल मीडिया में अपने कमेंट में उन्होंने लिखा था कि मेरा तो अभी से फोटो गायब कर दिया और कल आने की बात कर रहे थे ,यह कमेंट का स्क्रीनशॉट भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है , जिसमें कहीं ना कहीं यह माना जा रहा है कि पोस्टर से फोटो हटाने के बाद निश्चित ही सांसद ढाल सिंह बिसेन को भी ठीक नहीं लगा और उन्होंने सोशल मीडिया पर यह कमेंट किया है।

13 वर्षीय नाबालिक लड़की ने पंखे में चुनरी बांधकर लगाई फांसी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड नं.6 मरारी मोहल्ला में एक 13 वर्षीय नाबालिग लड़की ने अपने कमरे में पंखे में चुनरी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।16 मार्च की शाम 5:30 बजे यह घटना उस समय हुई जब यह लड़की कमरे में अकेली थी और उसके माता-पिता भाई शादी में बाहर गांव गए हुए थे। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इस नाबालिक लड़की की फांसी पर लटकी हुई लाश बरामद की और पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भिजवा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस लड़की का पिता नगर पालिका में काम करता है बताया गया है कि ये लोग मूल रूप से रामपायली थाना क्षेत्र में आने वाले एक ग्राम में रहने वाले हैं। पिछले कुछ वर्षों से बालाघाट नगर के मरारी मोहल्ला में किराए से रह रहे थे। किंतु अभी चार माह से यह लड़की अपने परिवार के साथ मरारी मोहल्ला में ही अपने ही रिश्तेदार के घर किराए से रहते थे। यह लड़की कक्षा सातवीं की पढ़ाई कर रही थी। जिसका एक छोटा भाई 8 वर्ष का है वह भी पढ़ाई कर रहा है। माता-पिता मजदूरी करते हैं जिसमें लड़की का पिता नगरपालिका में काम करता है। हाल ही में इस लड़की के माता-पिता और भाई शादी में गए हुए थे ।लड़की घर में अकेली थी। 16 मार्च को यह लड़की परीक्षा देकर 2:00 बजे घर आई थी। जिसके बाद इस लड़की के कमरे में एक लड़का आया था। जिस मोहल्ले वालों ने देखे और पकड़कर उसे कोतवाली पुलिस के हवाले किए थे। जिसके बाद यह लड़की डर के कारण कमरे के अंदर ही गई और अंदर से दरवाजा लगा दी थी। इसी दौरान उसी की रिश्ते में आने वाली एक लड़की ने इस नाबालिक लड़की को आवाज दी। किंतु उसने दरवाजा नहीं खोली। जिसके बाद यहा मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। दरवाजे को धक्का मार का खोलें देखें लड़की फांसी पर लड़की हुई थी। इस लड़की ने पंखे में अपनी चुनरी बांधकर फांसी लगा ली थी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की और इस लड़की की लाश फांसी से उतरवाकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल पहुंचा दिया है। रात्रि

होने से इस लड़की की लाश का पोस्टमार्टम नहीं पाया। जिसकी लाश जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दी गई है 17 मार्च को इस लड़की की लाश का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

इस मामले में संदिग्ध एक लड़के को गिरफ्तार किया गया है- सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा

नगर पुलिस अधीक्षक अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि मरारी मोहल्ला में एक नाबालिक बालिका द्वारा फांसी लगाने का मामला सामने आया है ।मौके पर कार्रवाई की जा रही है। बॉडी को अस्पताल रवाना किया गया है। इस मामले में संदिग्ध एक लड़के को गिरफ्तार किया गया है। सभी तथ्यों की जांच की जा रही है ।परिजनों और आरोपी के कथन लिए जाएंगे । जांच उपरांत आगे कार्रवाई की जाएगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से डॉक्टर शालू यादव की दर्दनाक मौत

किरनापुर (पद्मेश न्यूज)। पुलिस थाना किरनापुर अंतर्गत ग्राम सिवनीखुर्द से मोरवाही के बीच सड़क पर एक अज्ञात वाहन की जबरदस्त टक्कर से स्कूटी सवार डॉक्टर शालू यादव उम्र 35 वर्ष शांति नगर किरनापुर निवासी की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि डॉ शालू यादव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माटे में पदस्थ थी रोजाना की तरह वह अपनी ड्यूटी करने के लिए अपने गृह ग्राम किरनापुर से माटे अस्पताल जा रही थी । कि शनिवार को प्रात: 11:30 बजे जब वह ग्राम सिवनी पार कर मोरवाही की ओर जा रही थी तभी बीच सड़क पर विपरीत दिशा से एक अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक अपना वाहन चलाते हुए डॉक्टर शालू यादव की स्कूटी को सामने से सीधी टक्कर मार कर फरार हो गया। इस घटना से घटनास्थल पर ही डॉक्टर शालू यादव की कुछ ही समय में घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो

गई ।आने जाने वाले राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिस पर थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह बेस के नेतृत्व में पुलिस अमला मौका स्थल पर पहुंचकर मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए किरनापुर अस्पताल भिजवाया एवं पंचनामा व मर्ग कायमी कर मामले को जांच में ले लिया है।वही मृतिका की काया का पोस्टमार्टम कर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।इस घटना की जानकारी लगते ही किरनापुर सहित आसपास के ग्रामों के लोगों को लगते पर समूचे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

SHARMA TECHNOCRAT'S INSTITUTE OF TECHNOLOGY
ADMISSION OPEN
Add : Dharam Jewellers, 1st Floor, Hanuman Chowk Balaghat, Harsh Jugal Sharma, 9244215491, 7898262428
IDNT
Industrial Diploma in Network Technology
Any Graduate/Under Graduate can enroll to get 100% Job Gurantee
हमारी संस्था आपको देगी 100% जॉब की गारंटी
DCA
PGDCA
TALLY
100% JOB GUARANTEE
Jetking
CENTER OPENING ON 14th FEBRUARY 2024
100% Job Gurantee by BALAGHAT JETKING INFORMATION CENTER
B.COM
BBA
BCCA
BSC
MA (All Subject)
MBA
M.COM
MSc
Run By - New Achievement Education & Welfare Society Balaghat (Reg. JBP/9611)

भैंस चराने खेत गई महिला के साथ बलात्कार

आरोपी संजय टोप्पो गिरफ्तार, भेजा गया जेल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। बिरसा थाना क्षेत्र निवासी एक 42 वर्षीय महिला ने अपने ही ग्राम के एक व्यक्ति के विरुद्ध जान से मार डालने की धमकी देकर बलात्कार करने का आरोप लगाई। बिरसा पुलिस ने इस महिला द्वारा की गई रिपोर्ट पर आरोपी संजय पिता अंजुलुस टोप्पो 45 को गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायिक अभिक्षा में बैहर जेल भिजवा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष 14 जनवरी 2023 के दोपहर 3:00 बजे यह 42 वर्षीय महिला भैंस ढूंढने के लिए अपने खेत गई थी ।तब उसे संजय टोप्पो खेत मे मिला और संजय टोप्पो ने इस महिला को खेत में अकेली देख उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया और किसी को बताने पर जान से मार डालने की धमकी देकर चला गया था। संजय टोप्पो द्वारा दी गई धमकी के कारण यह महिला घटना के संबंध में किसी को बात नहीं पाई। इसके बाद भी संजय टोप्पो इस महिला को घटना के संबंध में किसी को बताने पर जान से मार डालने की धमकी देते आ रहा था। अभी हाल ही में जब यह महिला भैंस चराने के लिए अपने खेत तरफ गई थी ।तब संजय टोप्पो ने इस महिला को खेत मे अकेली देखा। यह महिला संजय टोप्पो को अपने तरफ आते देख वह खेत से भाग कर अपने घर आई और घटना के संबंध में अपने परिवार वालों को बताई। 15 मार्च को इस महिला ने अपने परिवार के साथ बिरसा थाना पहुंचकर संजय टोप्पो के द्वारा किए गए बलात्कार और उसके द्वारा दी गई धमकी की रिपोर्ट की थी। बिरसा पुलिस ने इस 42 वर्षीय महिला द्वारा की गई रिपोर्ट पर संजय टोप्पो के विरुद्ध धारा 376 506 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया और इस अपराध में उसे गिरफ्तार करके 16 मार्च को बैहर की अदालत में पेश कर दिए जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में बैहर जेल भिजवा दिया

किराये से देना है
दो हॉल 2500 वर्गफीट
एक दुकान 200 वर्गफीट
संपर्क -डॉ.एस.एस.पिछोड़े
(दंत रोग विशेषज्ञ)
डॉक्टर्स कॉलोनी बूढ़ी, बालाघाट
मो. 9300098851

सबसे बड़ी सबसे जबरदस्त
125cc ₹80973/-*
Pulsar 125
शुभ मुहूर्त महोत्सव
2000/- की बचत
Price ~~83081/-~~ 80972/-
डाऊन पेमेन्ट ₹9999*
आकर्षक डाउन पेमेन्ट
साँई बजाज
मोती तालाब रोड, नर्मदा नगर, बालाघाट (म.प्र.)
फोन- 07632-356198, मोबा. 9425822517

PADMESHXFIBERNET
Connecting the Unconnected..
AS SPEED AS YOU CAN IMAGINE
SWITCH TO PADMESHXFIBERNET
Follow us on @padmeshxfibernet 08045777666 www.padmeshdigital.in

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - 9425513870 रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /2009/32391, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट